आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 153, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 14

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 13

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।

विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग और दूरसंचार संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।



नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान होते यात्री। ● एजेंसी

### लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी की वजह से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद तकनीकी समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 12 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की पांच उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया ।वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे।






### व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉर्ज कट्र्ज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। मैक और लिनक्स होस्ट प्रभावित नहीं हैं।

### इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि इंडिगो को अपने क्लाउड सर्वर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदाता द्वारा वैश्विक आउटेज का सामना करने के कारण वर्तमान में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। इस आउटेज ने उड़ान संचालन, यात्री चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित करके एयरलाइन संचालन को गंभीर रूप से बाधित किया है।

### 10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

### उड़ान संचालन के लिए उठाये जा रहे हैं कदम : नायडू

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में उड़ान सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न होने के बाद भारत में सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी-अभी हमारे सचिव (नागरिक उड्डयन) से बात की है। भारत में यात्रियों को परेशानियों से बचाने और सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर से मैनुअल सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। यदि कोई समस्या आती भी है तो उसे तुरंत दूर किया जायेगा और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 58.66 अरब डॉलर रहा।




### एक नजर

### ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उनका चयन रद करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को फर्जी पहचान बनाकर बढ़ाया है।

## काशीपुर में आढ़ती के बेटे ने दो पल्लेदारों को गोली मारी

- मंडी में धान उतारने को लेकर हुआ विवाद भीड़ ने आढ़ती व उसके पुत्र को पीटा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मामूली कहासुनी में नवीन अनाज मंडी में शुक्रवार को एक आढ़ती के बेटे ने दो पल्लेदारों को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। घायल दोनों पल्लेदारों को हल्द्वानी रेफर किया गया है। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जाती है। उधर, घटना से गुस्साए लोगों ने आढ़ती व उसके बेटे की पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र को हिरासत में ले लिया है।

नवीन अनाज मंडी में धान की खरीद फरोख्त का कार्य चल रहा है। सैकड़ों मजदूर वहां कार्य करने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को आढ़ती विरेंद्र सिंह के यहां पल्लेदार सरवरखेड़ा निवासी नसीम और नजाकत धान उतारने व चढ़ाने का कार्य कर रहे थे। दोपहर को विरेंद्र सिंह की पल्लेदार नसीम व नजाकत से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि उनके बीच हाथापाई होने लगी। घटना की सूचना आढ़ती के पुत्र मोहित सिंह को लगी तो वह अपनी लाइसेंसी पिस्टल लेकर मंडी पहुंच गया। आवेश में आकर मोहित ने पल्लेदार नसीम व नजाकत को गोली मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

दो पल्लेदारों को गोली लगते ही मंडी में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना से गुस्साए लोगों ने विरेंद्र व मोहित को पकड़कर पिटाई कर दी। जैसे-तैसे दोनों दुकान में घुस गए और दरवाजा बंद लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र को हिरासत में ले लिया। उधर, दोनों को अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया। नसीम की हालत नाजुक बनी है।

## एएनटीएफ ने 78 लाख की स्मैक संग तस्कर पकड़ा

**देहरादून, अमृत विचार :** एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने 78 लाख की स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 263 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के मुताबिक बताया कि एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने जोगीवाला बैरियर, हरिद्वार रोड के पास से शाहिद मलिक पुत्र असलम मलिक को गिरफ्तार किया। उसके पास से 263 ग्राम स्मैक बरामद की गई। वह सहारनपुर जिले के ग्राम अलवलावलपुर का मूल निवासी है। शाहिद ने बताया कि वह स्मैक बरेली से खरीदकर लाया था। देहरादून में अपने एजेंटों के माध्यम से आसपास के छात्रों को स्मैक सप्लाई करता था। इसी धंधे की वजह से उसने शकुंतला एनक्लेव, देहरादून में किराए पर कमरा ले रखा है। एसटीएफ अब स्मैक सप्लाई करने वालों की तलाश में जुट गई है।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को बनाएं प्रभावी रणनीति : मुख्यमंत्री



देहरादून में उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने कहा, हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान पर जल्द डीपीआर बनाएं
- उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड बैठक में नेशनल पार्कों के प्रचार-प्रसार पर जोर

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने पर जोर दिया है। साथ ही जंगलों से सटे जो स्थान बायोफैंसिंग से वंचित रह गए हैं, उन्हें अतिशीघ्र बायोफैंसिंग से आच्छादित किया जाए। मुख्यमंत्री ने वनाधिकारियों को हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान पर शीघ्र डीपीआर बनाने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री सचिवालय में शुक्रवार को हुई उत्तराखंड राज्य वन्य जीव बोर्ड की 20वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त बढाई जाए एवं वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में उपकरण कैमरा ट्रैप, एनाईडर, ट्रैक्युलाईज गन आदि दी जाएं। साथ ही आधुनिक उपकरण जैसे ड्रोन के माध्यम से भी जंगली जानवरों पर नज़र रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, भारत सरकार से हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान को स्वीकृति मिल चुकी है। अब इस मास्टर प्लान पर डीपीआर शीघ्र बनाई जाए।

मुख्यमंत्री ने राज्य में वन्य जीव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न नेशनल पार्कों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वाइल्डलाइफ आधारित डॉक्यूमेंट्री, फिल्म बनाने के भी निर्देश दिए। विभिन्न स्थानों पर बर्ड वाचिंग कैंप का आयोजन भी किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाईफ से स्वीकृति मिल चुकी है। वन अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बंदर बंध्याकरण का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है, अब तक 39,398 बंदरों का बंध्याकरण किया चुका है। बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक बंशीधर भगत,दीवान सिंह बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. समीर सिन्हा, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एडीजी एपी अंशुमन एवं बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।

## ठेली-रेहड़ी व्यवसायियों को पहचान करनी होगी उजागर

- हरिद्वार में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की तर्ज पर कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में भी ठेली-रेहड़ी व्यवसायियों को पहचान उजागर करनी होगी। कांवड़ मेले में कोई भी अपनी पहचान छिपाकर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे या रेहड़ी, ठेली का संचालन नहीं कर सकेगा। व्यवसायियों को प्रतिष्ठान पर प्रोपराइटर का नाम, क्यूआर कोड व मोबाइल नंबर अंकित करना होगा।

कांवड़ मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल का कहना है कि कांवड़ मेले में होटल, रेस्टोरेंट, ठेली-रेहड़ी वाले व्यवसायियों को अपनी पहचान उजागर करते हुए उसे प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने वाले व्यवसायियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी पुलिस अधिकारी कांवड़ मार्ग पर स्थित रेस्टोरेंट, होटल, ठेली-रेहड़ी वालों की चेकिंग कर सत्यापित करेंगे कि इन व्यवसायियों द्वारा अपनी पहचान प्रदर्शित की है अथवा नहीं। पहले कई बार पहचान छिपाकर गतिरोध के मामले सामने आते रहे हैं।

## स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को कोर्ट ने माना फरार, 27 अगस्त तक हों पेश

लखनऊ, विधि संवाददाता

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया की संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर लिया। हालांकि बाद में जब उसे पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।



- संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला

## सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक लॉंच

- जीईपी लॉंच करने वाला उत्तराखंड बना पहला राज्य

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में पारिस्थितिकी को अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए 'उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक' (जीईपी) लॉंच किया। जीईपी का शुभारंभ करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का आंकलन चार मुख्य घटकों जल, वायु, वन और मृदा के आधार पर किया गया है। जीईपी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शीघ्र ही एक प्रकोष्ठ बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जीईपी लागू होने से ईकोलॉजी और ईकोनॉमी के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। इस सूचकांक के परिणामों के विश्लेषण से भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में प्रकृति प्रदत्त अनेक प्रकार की वन संपदा है, आवश्यकता है इनके सदुपयोग की। हमें वृक्षारोपण के साथ जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। जल संरक्षण की दिशा में राज्य में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में अमृत सरोवरों की संख्या में तेजी से वृद्धि की जा रही है।

हैस्को संस्था के प्रमुख पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि विभिन्न विकासपरक योजनाओं, औद्योगिक प्रक्रियाओं व सरकार द्वारा बनाए गए नियमों इत्यादि के अनुपालन का जो परिणाम है वह सकल रूप से हमारी स्थानीय पर्यावरणीय गुणवत्ता पर देखने को मिलता है।

पर्यावरणीय कारकों में हवा, पानी, मिट्टी, जंगल और अन्य कारकों में अगर सुधार हो रहा हो तो जीईपी सूचकांक में वृद्धि देखने को मिलती है। यदि हमारी पर्यावरणीय गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है और उसमें कोई गिरावट दिखाई दे रही है या उसमें कोई नकारात्मकता दिखाई देती है तो इससे जीईपी सूचकांक में गिरावट देखने को मिलती है।

## राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

### पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश

- राज्यपाल पर छेड़छाड़ करने तथा अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है। राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।



### राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। महिला याचिकाकर्ता ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालत को तय करना है कि क्या पीड़िता के पास राहत पाने का कोई उपाय नहीं है, जबकि एकमात्र विकल्प आरोपी के पद छोड़ने तक इंतजार करना है। सुनवाई के दौरान यह देरी अतार्किक होगी और पूरी प्रक्रिया दिखावा बनकर रह जाएगी। इससे पीड़िता को कोई न्याय नहीं मिलेगा।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।

प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा, 300 मीटर लंबी दरार भरने और भूस्खलन को रोकने के लिए विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने किया सर्वे

# 51 करोड़ से किया जाएगा चीना पीक की पहाड़ियों का स्थायी उपचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर की सबसे ऊंची पहाड़ी चीना पीक में हो रहे भूस्खलन का 51 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से स्थायी उपचार होगा। पहाड़ी के उपचार के लिए वन विभाग ने डीपीआर बनाकर शासन को भेजा है, ताकि कई दशक से पहाड़ी में हो रहे भूस्खलन को रोका जा सके।

नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ चन्द्र शेखर जोशी ने बताया कि हल्की बरसात के बाद से पहाड़ी में भूस्खलन की घटना देखने को मिलती है, जिससे पहाड़ी की तलहटी में रहने वालों के सामने बड़ा खतरा मंडरा रहा था, जिसको देखते हुए पूर्व में जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ संयुक्त सर्वे कर 51 करोड़ 18 लाख की डीपीआर बनाई गई है। पहाड़ी में करीब 300 मीटर लंबी दरार को भरने और भूस्खलन को रोकने के लिए गहन निरीक्षण के बाद पहाड़ी में वायर क्रेट वॉल, ड्रिलिंग, आरसीसी वॉल निर्माण की योजना है।


चीना पीक की भूस्खलन से प्रभावित पहाड़ी, जो लगातार दरक रही। ● अमृत विचार

### आईआईटी ने बताया बड़ा खतरा

बीते सालों से लगातार बरसात व बर्फबारी के दौरान पहाड़ी से हो रहे भू-धंसाव देखने को मिल रहा है, जिससे पहाड़ी की तलहटी में रहने वाले क्षेत्रवासी दहशत में जीने को मजबूर हैं। साल जनवरी 2020 और 21 में लगातार बर्फबारी के बाद पहाड़ी से भू-धंसाव देखने को मिला। भू-धंसाव के चलते क्षेत्र की पहाड़ियों में करीब 50 मीटर से अधिक लंबी दरार उभर कर आई जिससे शासन प्रशासन की चिंताएं बढ़ गई, जिसके बाद शासन स्तर पर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, आपदा प्रबंधन विभाग, आईआईटी समेत कई अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार कर शासन को पेश की।

### 1880 में हुए भूस्खलन से हिल गई थी ब्रिटिश सरकार

कुमाऊं विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर इतिहासकार डॉ. अजय रावत बताते हैं कि चीना पीक से लगी पहाड़ियों में 18 सितंबर 1880 को एक विनाशकारी भूस्खलन हुआ था। जिसने भारत से लेकर इंग्लैंड तक ब्रिटिश हुकूमत को हिला कर रख दिया। इस भूस्खलन में करीब 151 भारतीय और ब्रिटिश लोग जमींदोज हो गए। चीना पीक समेत आसपास की पहाड़ियों में हुए भूस्खलन का मलबा नैनी झील में समा गया। जिसके बाद झील किनारे खेल मैदान यानी फ्लैट का निर्माण हुआ। इतना ही नहीं भूस्खलन ने ऐतिहासिक नैना देवी मंदिर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर करीब 500 मीटर दूर खिसका दिया, 1880 में हुए विनाशकारी भूस्खलन से ब्रिटिश सरकार इतनी गंभीर हो गई कि उसने नैनीताल के अस्तित्व को बचाने और शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए शहर की पहाड़ियों में 64 बड़े और छोटे नालों का निर्माण कराया।

## सार-संक्षेप

### पीआरडी जवान ने नशे में लोगों से की अभद्रता

**नैनीताल :** नगर के मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एक पीआरडी जवान शराब के नशे में धुत्त स्थानीय लोगों से अभद्रता करने लगा, जिसके बाद नशे में सड़क पर ही गिर गया। स्थानीय लोग व राहगीर उसको लेकर कोतवाली पहुंच गए। शुक्रवार को दोपहर में लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सड़क पर गिरकर पीआरडी जवान के कपड़े भी खराब हो चुके थे। इस दौरान पीआरडी जवान को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। कोतवाली में पुलिस ने पीआरडी जवान के कपड़े बदल दिए। वहीं चौराहे पर जमा लोगों ने ऐसे जवानों को ड्यूटी से हटाने की मांग की। इधर जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी ने बताया कि यदि पीआरडी जवान की ओर से शराब पीकर ड्यूटी करने का मामला है तो गंभीर मुद्दा है। शिकायत मिलने पर जवान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बेरोजगार संघ ने किया संगठन का विस्तार

**नैनीताल :** उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने संजय भाकुनी को नैनीताल विधानसभा का संरक्षक नियुक्त किया है वहीं विधानसभा सचिव कबीर शाह ने शुक्रवार को भवाली व नैनीताल नगर कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें दीपक कुमार (दीपू) को भवाली व अभिषेक कुमार को नैनीताल नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। संजय बंगोली को भवाली नगर संरक्षक मनोनीत किया गया, जबकि नितेंद्र सिंह बिष्ट व पीयूष कुमार को सचिव, राहुल रावत व आशीष कन्याल उपाध्यक्ष मनोनीत हुए व अभय कुमार, भास्कर आर्या, राहुल जोशी, राहुल आर्या, लक्षित बिष्ट, सौरव चंद्रा को विशेष कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस दौरान बेरोजगार संघ के नैनीताल विधानसभा अध्यक्ष पवन रावत ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी। इस दौरान विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप आर्य, तरुण कुमार, मनोज बोरा ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करना प्राथमिकता : डॉ. गुंज्याल

**नैनीताल :** पिथौरागढ़ से स्थानांतरित व पदोन्नति पाकर एडी कुमाऊं के पद पर पहुंचे डॉ. नरसिंह गुंजयाल ने कहा कि कुमाऊं के दूरस्थ क्षेत्रों के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार कर स्थानीय लोगों को वहीं बेहतर उपचार दिलाना उनकी प्राथमिकता में है। विभाग में खाली चल रहे चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति को लेकर शासन स्तर पर पुरजोर कोशिश की जाएगी, जिससे सरकारी अस्पतालों में भी मरीज निशुल्क व बेहतर उपचार पा सकें। मल्लीताल स्थित स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊं मंडल में डॉ. नरसिंह गुंजयाल ने कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान बीडी पांडे अस्पताल के डॉ. एमएस दुग्ताल व डॉ वीके पुनेड़ा ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

## एक नजर

### पति-पत्नी का विवाद कोतवाली पहुंचा

**नैनीताल :** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच हुआ आपसी विवाद शुक्रवार को कोतवाली पहुंच गया। शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची महिला ने पति पर उससे झगड़ा करने तथा तलाक देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से पति को कोतवाली तलब करने पर दोनों वहां एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे तथा तलाक देने की बात कहने लगे। बता दें कि दोनों का प्रेम विवाह हुआ है। पुलिस की काउंसलिंग के बाद दंपति शांत हुआ।

### पालतू कुत्तों का लाइसेंस न बनाने पर मुकदमा होगा

**नैनीताल :** नगर में पालतू कुत्तों के लाइसेंस बनाना जरूरी है, जिसके लिए नगर पालिका ने कुत्तों के स्वामियों से लाइसेंस बनवाने का अनुरोध किया है। साथ ही कहा है कि अगर लाइसेंस नहीं बनाया गया तो पांच हजार का चालान व स्वामी पर मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है। कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी ने बताया कि एक जनवरी से 30 दिसंबर तक एक साल के लिए लाइसेंस बनाया जाता है। बीते वर्ष कुल 151 कुत्तों के लाइसेंस बनाये गए थे। वहीं इस वर्ष अप्रैल तक कुल 130 लाइसेंस बनाये जा चुके हैं। कहा कि कुत्ते का वैक्सीनेशन कार्ड व स्वामी को अपना आधार कार्ड लाना होगा। तभी लाइसेंस बनाया जाएगा। साथ ही हिंसक कुत्तों का लाइसेंस बनाने के लिए स्वामी से शपथ पत्र भी लिया जाएगा।

### परीक्षाफल सुधार परीक्षा में 151 परीक्षार्थी गैरहाजिर

**रामनगर :** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा संचालित परीक्षाफल सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) के दूसरे दिन शुक्रवार को 151 परीक्षार्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव वीपी सिमल्टी से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षाफल सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) के दूसरे दिन शुक्रवार को परीक्षा संपन्न हुई। हाई स्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा के लिए कुल 475 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 434 उपस्थित तथा 41 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि इण्टरमीडिएट में इतिहास की परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत 440 परीक्षार्थी में से 425 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित तथा 15 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। 18 जुलाई से आरंभ हुई परीक्षाफल सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (प्रथम) एवं 2023 (तृतीय) का समापन 24 जुलाई को होगा।

# बूंदाबांदी और कोहरे के आगोश में सरोवर नगरी

## मानसून सीजन का आनंद लेने पर्यटक अब भी नैनीताल का रुख कर रहे, बूंदाबांदी से तापमान में भी गिरावट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मानसून सीजन अपनी चरम सीमा पर है, लेकिन बीते 10 दिनों से नगर में तेज बारिश रुकी हुई है। हालांकि हर रोज बूंदाबांदी के बाद दिनभर नगर में कोहरा छाया रहता है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है तो वहीं मौसम भी काफी खुशनुमा हो चुका है, जिसके चलते सैलानी भी मानसून का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं।

मानसून सीजन शुरू होते ही जुलाई में पर्यटन सीजन भी समाप्त हो चुका है, हालांकि मानसून का लुत्फ उठाने और भीड़भाड़ पसंद नहीं करने वाले लोग अब भी नैनीताल का रुख कर रहे हैं। बीते 10 दिनों से तेज बारिश पर लगे विराम के बाद शुक्रवार को काफी संख्या में सैलानी मानसून सीजन का लुत्फ उठाने सरोवर नगरी पहुंचे।

इस दौरान पर्यटकों ने रिमझिम बारिश और कोहरे के बीच विश्व विख्यात नैनी झील में नौकायन किया तो वहीं बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी और रोपवे की सवारी कर स्नो व्यू क्षेत्र से मानसून के दौरान अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया तो वहीं मशहूर पंत पार्क फड़ बाजार, भोटिया मार्केट व माल रोड से जमकर खरीदारी भी की।

सैलानियों की बड़ी आमद के चलते वोट चालक, टैक्सी चालक, फड़ व्यापारी सहित होटल कारोबारियों की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शुक्रवार को नगर का अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


डीएसए मैदान के सामने वाली पहाड़ी पर छाया कोहरा। ● अमृत विचार


कोहरे की बीच रोपवे में बैठे पर्यटक।


नैनीताल के भोटिया बाजार में टहलते सैलानी। ● अमृत विचार

### महिला समूह का स्टॉल रहा विशेष आकर्षण का केन्द्र

**भीमताल :** नगर के हरेला मेले में जहां विभिन्न प्रकार के उत्पादों को बेचने के लिए दुकानें लगाई गई हैं वहीं इन दुकानों के बीच विकास खंड भीमताल की न्याय पंचायत थपलिया मेहरा गांव की उज्ज्वला क्लस्टर के स्टॉल विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं। दुकानों के बीच इस स्टॉल में रखी सामग्री अपनी ओर खींचती हैं। उज्ज्वला क्लस्टर की अध्यक्ष राधा कुल्याल ने बताया की स्टॉल में महिला समूह के द्वारा हस्त निर्मित दैनिक उपयोग की चीजें बिक्री के लिए उचित दाम में रखी गई हैं। उन्होंने मेलार्थियों से महिलाएं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उक्त स्टॉल पर जाकर अपनी आवश्यकता की चीजों को खरीदने की अपील की है।

### योग प्रतियोगिता में दून और 31वीं वाहिनी अव्वल

**रामनगर :** आईआरबी प्रथम वाहिनी बैलपड़ाव में चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगा मुकाबले के पुरुष वर्ग में देहरादून पुलिस पहले, टिहरी दूसरे और 31वीं वाहिनी पीएसी तीसरे स्थान पर रही। योगा के महिला वर्ग में 31वीं वाहिनी पहले, टिहरी पुलिस दूसरे और पिथौरागढ़ पुलिस तीसरे नंबर पर रही। पुलिस वेटलिफ्टिंग कलस्टर प्रतियोगिता में शुक्रवार को वेटलिप्टिंग के पुरुष वर्ग में आईआरबी बैलपड़ाव विजेता रही, 18 जुलाई से चल रहे प्रादेशिक पुलिस के वेटलिप्टिंग कलस्टर में 13 टीमें हिस्सा ले रही हैं। दूसरे दिन वेटलिफ्टिंग के पुरुष वर्ग में आईआरबी प्रथम ने मुकाबले में पहला, 31वीं वाहिनी पीएसी ने दूसरा और नैनीताल पुलिस ने तीसरा स्थान पाया। पावरलिफ्टिंग पुरुष वर्ग में 31वीं वाहिनी पीएसी प्रथम, नैनीताल पुलिस द्वितीय और आईआरबी-द्वितीय तीसरे स्थान पर रही। दूसरे दिन के मुकाबलों के समापन पर सेनानायक आईपीएस रामचन्द्र राजगुरु ने टीम भावना से खेलने के लिए प्रतिभागी खिलाड़यों का उत्साह वर्धन किया।


प्रतियोगिता में योग करता खिलाड़ी।


दून मॉडर्न एकेडमी में एनसीसी में चयन के लिए शारीरिक दक्षता दिखाते छात्र।

### 20 छात्रों का एनसीसी में चयन

**कोलाढूंगी :** कोटाबाग के दून मॉडर्न एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए 20 छात्रों का चयन किया गया। कैडेट का चयन शारीरिक परीक्षण, शारीरिक दक्षता व बौद्धिक स्तर के आधार पर किया गया। शुक्रवार को दून मार्डन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी की सीनियर डिवीजन के प्रथम वर्ष के कैडेट के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। विद्यालय के प्रंबधक ने एनसीसी भर्ती में शामिल होने वाले छात्रों को शुभकामानएं दीं। उन्होंने कहा कि कैडेट लगातार अपने अथक प्रयासों से एनसीसी में सामाजिक, शैक्षिक, बौद्धिक व खेलकूद में अपना भविष्य बना रहे हैं, 79 बटालियन ऑफिसर प्रकाश चंद्र ने छात्रों को भर्ती संबंधित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान शारीरिक परीक्षण, शारीरिक दक्षता व बौद्धिक स्तर के आधार पर 13 छात्र व 7 छात्राओं को एनसीसी कैडेट के तौर पर चयन किया गया।

# गंगा में अवैध खनन पर सुनवाई 26 को

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हरिद्वार में रायवाला से भोगपुर के बीच गंगा नदी में अवैध खनन के खिलाफ मातृ सदन की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तिथि की है। शुक्रवार को मामले पर मातृ सदन के संतों ने खुद पैरवी की।

मामले के अनुसार हरिद्वार मातृ सदन ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि हरिद्वार में रायवाला से भोगपुर के बीच गंगा नदी में नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। इससे गंगा नदी के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है। गंगा नदी में खनन करने वाले नेशनल मिशन क्लीन गंगा को पलीता लगा रहा है। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि गंगा नदी में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाई जाए, ताकि गंगा नदी के अस्तित्व को बचाया जा सके। अब खनन कुंभ क्षेत्र में भी किया जा रहा है। याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि केंद्र सरकार ने गंगा नदी को बचाने के लिए एनएमसीजी बोर्ड गठित किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य गंगा को साफ करना व उसके अस्तित्व को बचाए रखना है।

## प्रोत्साहित छात्रवृत्ति पर चिंतन किया

**भीमताल :** भीमताल में प्रोत्साहित छात्रवृत्ति को बैठक आयोजित की गई। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बीडी पलड़िया ने बताया कि संगठन के द्वारा स्वर्गीय विद्या जोशी पत्नी सुभाष चंद्र जोशी की स्मृति पर प्रोत्साहन छात्रवृत्ति छात्रों के लिए प्रस्तावित की गई, जो छात्र कक्षा 10 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के साथ-साथ निर्धन हैं उन्हें प्रोत्साहन छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस छात्रवृत्ति को देने हेतु संगठन द्वारा राजकीय लीलावती पंत इंटर कॉलेज एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तथा आदर्श विद्यालय भीमताल का चयन किया गया है। बैठक में बीडी पलड़िया, गोविंद बल्लभ पालीवाल, केएन जोशी, केएन उप्रेती, बीएस भोज, रतन सिंह लटवाल, मदन मलकानी आदि उपस्थित थे।

# 14 पैथोलॉजी लैब में छापेमारी, चालान

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** सरकार एवं स्वास्थ्य महकमें द्वारा पैथोलॉजी लैब के सत्यापन के लिए की जा रही कार्रवाई के तहत स्वास्थ्य विभाग ने लालकुआं बिंदुखत्ता और हल्दूचौड़ के 14 पैथोलॉजी लैबों में छापेमारी की, जिसमें तीन पैथोलॉजी लैबों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें अपनी पत्रावली के साथ तीन दिन के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए।

ब्लाक चिकित्साधिकारी डॉ हरीश पांडे के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने लालकुआं, बिन्दुखत्ता और हल्दूचौड़ क्षेत्र में अवैध व अनाधिकृत रूप से चल रहे पैथोलॉजी लैब एवं कलेक्शन सेंटरों में छापेमारी की कार्यवाही की गई। तीनों क्षेत्रों में कुल चौदह प्रतिष्ठानों पर छापा मारा गया, जिनमें तीन प्रतिष्ठानों मैक्सकेयर हल्दूचौड़, आदिनाथ हल्दूचौड़ एवं बुबु पैथोलॉजी हल्दूचौड़ का दस-दस हजार का चालान कर उन्हें पूर्ण दस्तावेजों के साथ तीन दिवस के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होने के निर्देश दिए। छापेमारी टीम में ब्लाक चिकित्साधिकारी डॉ. एचसी पांडे, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालकुआं के चिकित्साधिकारी डॉ. लव पांडे, और मोटाहल्दू के चिकित्साधिकारी डॉ. कृष्णमुरारी गुप्ता सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### तल्लीताल से पोस्ट ऑफिस शिफ्ट करने का विरोध

**नैनीताल :** सड़क चौड़ीकरण के चलते तल्लीताल चौराहे से ऐतिहासिक पोस्ट ऑफिस को शिफ्ट किए जाने के फैसले का लोगों की ओर से विरोध किया जा रहा है, जिसको लेकर शुक्रवार को नैनीताल नागरिक मंच के लोगों की ओर से पोस्ट ऑफिस को नहीं हटाने की मांग को लेकर एडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी वंदना सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर के करीब 200 लोगों के हस्ताक्षर मौजूद थे। ज्ञापन देने वालों में राजीव लोचन साह, डा. उमा भट्ट, डा. शीला रजवार, एडवोकेट कैलाश जोशी, प्रदीप पांडे, दिनेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### घोड़ाखाल में अखंड रामायण पाठ शुरू

**भवाली :** घोड़ाखाल स्थित गंगनाथ मन्दिर में शुक्रवार को अखंड रामायण पाठ का शुरू किया गया। शास्त्री महेश पाठक ने विधि विधान से राम, लक्ष्मण, शिव, विष्णु, सीता माता की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की। दयालु महाराज ने बताया कि शुक्रवार से अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ। शनिवार को कन्या पूजन के बाद भव्य भंडारे का साथ परायण किया जाएगा। रामायण पाठ में काफी श्रद्धालु शामिल हुए।

हरेला मेला | विधानसभा अध्यक्ष ने छह दिवसीय हरेला मेले के चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया

# पर्यावरण बचाने के लिए अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी : खंडूड़ी

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर में आयोजित हो रहे छह दिवसीय हरेला मेले के चौथे दिन शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सबको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। कहा कि बच्चों के लिए यदि हमें अच्छा पर्यावरण छोड़ना है तो अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। बताया कि वर्तमान में प्रकृति हमें बार बार संकेत दे रही है। समझने की आवश्यकता है और अधिक से अधिक पेड़ लगाने हैं। वहीं कहा कि क्षेत्र में विकास हुआ है आगे भी होगा। इसको सबने देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी समस्याएं समझीं और समस्याओं का हल निकाला। उज्ज्वला योजना हो या फिर शौचालय निर्माण समेत कई योजनाएं लागू कीं। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक दलों के कलाकारों के द्वारा विभिन्न लोक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, विधायक राम सिंह कैड़ा, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, पूर्व मंडी अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, नितेश बिष्ट, अखिलेश सेमवाल समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।


हरेला मेले का शुभारंभ करतीं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण व अन्य।

### कम वेतन वाली नौकरी नहीं, बच्चों को गांव में स्वरोजगार व कृषि कार्य से जुड़ना होगा

**भीमताल :** जब गुजरात से अमूल पूरे देश में अपनी पहचान बना सकता है तो अपना आंचल क्यों नहीं। कुछ ऐसे ही विचार विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बोहराकून में मल्लिकार्जुन विद्यालय में आयोजित पौधरोपण के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर कही। बताया कि बद्री गाय जिसको पहाड़ी गाय के नाम से जाना जाता है उसका दूध काफी गुणों से भरपूर तो है ही। साथ ही इसके दूध की कीमत भी बहुत है। बताया कि हमें अपने बच्चों का शहर में कम वेतन वाली नौकरी से मोह भंग करना होगा और गांव की ओर उनको लाना होगा। बताया कि हिमाचल प्रदेश इसका उदाहरण है। अपने हुनर को उनको बताना होगा। बताया कि गोबर के उपले ऑनलाइन खासे पैसों में बिक रहे हैं। इन उपलों को हम लोग भी बेच सकते हैं। वहीं उन्होंने महिलाओं से अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, ब्लाक प्रमुख धारी आशा रानी, पूर्व मंडी अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट समेत कई ग्रामीण जनप्रतिनिधि मौजूद थे।


पौधरोपण करतीं विधानसभा अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

### रितु खंडूरी ने घोड़ाखाल मन्दिर में दर्शन किए

**भवाली :** विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने घोड़ाखाल स्थित गोल्ज्यु देवता के दर्शन किये व पूजा अर्चना की। वहीं उन्होंने पौधरोपण भी किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पंकज ओद्धैती, प्रगति जैन, वर्षा आर्य, नरेश पाण्डे, लवेन क्वीरा, जुगल मठपाल, नीरज रावत आदि मौजूद रहे। यहां से नैनीताल के पाषाण देवी मन्दिर के दर्शन के लिए प्रस्थान किया।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

### आज का मौसम

हल्की धूप के साथ बीच-बीच में बारिश के आसार।

35.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.26 | सूर्यास्त 07.11

### शहर में आज

- मंडलायुक्त दीपक रावत का मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन सुनवाई 10:30 बजे
- अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की बैठक खंडेलवाल भवन में होगी 12 बजे
- मित्रपुरम वासी सिटी मजिस्ट्रेट को नाले के डायवर्जन को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे 12 बजे

### एक नजर

#### दिनभर छाए रहे बादल तापमान में आई गिरावट

**हल्द्वानी :** शुक्रवार को हल्द्वानी में मौसम सुहावना रहा। शहर और आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी बारिश नहीं हुई, लेकिन दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। साथ ही ठंडी हवाएं भी चल रही थीं। जिस वजह से तापमान में काफी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने शनिवार को नैनीताल जिले में बारिश की संभावना जताई है।

#### आज राजेंद्र नगर में लगेगा आधार कैंप

**हल्द्वानी :** युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने बताया कि तहसील प्रशासन की ओर से 20 से 24 जुलाई तक राजेंद्र नगर राजपुरा में आधार कैंप लगाया जा रहा है। इसमें आधार कार्ड बनाने, संशोधन व अपडेट आधार कार्ड दिए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से इसका लाभ लेने की अपील की है।

#### बंद कमरे में मृत मिला सेल्समैन

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी मोहम्मद तस्लीम के मकान में किराये पर रहने वाले बागेश्वर निवासी भीम सिंह का शव बंद कमरे में पड़ा मिला। युवक बनभूलपुरा क्षेत्र में ही दुकानों पर बेकरी उत्पादों की सप्लाई करने की नौकरी करता था। शुक्रवार को काफी देर तक भीम सिंह कमरे से नहीं निकला। मकान मालिक ने खिड़की से झांका तो वह जमीन पर पड़ा था। सूचना पर पहुंचे एसआई अनिल कुमार ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। बेस अस्पताल में मौत की पुष्टि पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

#### दो घंटे लेट हुई बाघ एक्सप्रेस

**हल्द्वानी :** हावड़ा से काठगोदाम के बीच नियमित चलने वाली बाघ एक्सप्रेस शुक्रवार को अपने निर्धारित समय से दो घंटे से देरी से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन सुबह 9.15 बजे काठगोदाम पहुंचती है। ट्रेन का मार्ग गोरखपुर से गोंडा स्टेशन के बीच परिवर्तन होने के कारण ट्रेन सुबह सवा 11 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को निर्धारित समय पर रवानाकियागया।

#### लायनेस क्लब ने बांटा फर्नीचर

**हल्द्वानी :** लायनेस क्लब हल्द्वानी ने शुक्रवार को लालडांठ स्थित गायत्री फाउंडेशन में फर्नीचर बांटा। यहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए कुर्सी, मेज आदि सामान दिया गया। साथ ही बच्चों ने कविता पाठ किया और अन्य मनोरंजक गतिविधियां भी हुईं। इस दौरान रीता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, राधा अग्रवाल, तनुजा जोशी, सुचित्रा जायसवाल, कामिनी पाल मौजूद रहीं।

# आपदा राहत कार्यों को लेकर डीएम और विधायक में वाक युद्ध

## दिशा की बैठक में सांसद अजय भट्ट के सामने हुई बहस, बोले-जिले में यह क्या चल रहा है?

**गहमा-गहमी**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आपदा राहत कार्यों को लेकर नैनीताल डीएम वंदना सिंह व लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट की सांसद अजय भट्ट के सामने ही भिड़ंत हो गई और दोनों में जमकर कहासुनी हुई। बाद में सांसद भट्ट ने बीच में पड़कर दोनों को शांत करवाया। फिलहाल डीएम और विधायक का टकराव दिनभर सुर्खियों में रहा।

शुक्रवार को सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में काठगोदाम सर्किट हाउस में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। इसमें नैनीताल डीएम वंदना सिंह और लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट भी पहुंचे थे। बैठक में गौला और कैलास नदी में चैनलाइजेशन का मुद्दा उठा। वन अधिकारी ने कहा कि डीएम के निर्देशानुसार यह काम सिंचाई विभाग को सौंपा गया है। इस पर विधायक बिफर गए। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएम ने जबरन चैनलाइजेशन वन विभाग को नहीं देकर सिंचाई को दिया है, जिस वजह से लापरवाही हो रही है। इस पर डीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि उनकी ओर से इसका जिम्मा व बजट वन विभाग को दिया गया था, लेकिन जंगलात ने यह काम सिंचाई विभाग को दिया है। साथ ही तंज कसते हुए कहा कि यदि विधायक को आपत्ति है तो जिस विभाग से चाहते हैं उससे काम करा लिया जाएगा। उन्होंने आरोपों का खंडन करते हुए तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी से हुई चैटिंग भी दिखाई। जिसमें डीएफओ ने खुद ही उक्त काम सिंचाई विभाग को आवंटित करने की बात कही। इसको लेकर दोनों में काफी देर तक बहस हुई। बाद में सांसद भट्ट बीच में पड़े और सिंचाई विभाग को काम करने के निर्देश दिए, हालांकि उन्होंने कहा कि यह जिले में क्या चल रहा है।



सर्किट हाउस में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेते सांसद अजय भट्ट, साथ में डीएम व विधायक।



"छिटपुट बातें होती रहती हैं, मिस अंडरस्टैंडिंग से परिवार में यह होता है। जनप्रतिनिधि और अधिकारियों का मकसद जनता को सुविधाएं देना है। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक इसीलिए की जाती है कि समन्वय बन सके। जो अफसर गलत सूचनाएं दे रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। छोटी-छोटी गलतफहमियां हो जाती हैं, यह कोई खास बात नहीं है।

**-अजय भट्ट**, सांसद नैनीताल



"सरकारी विभागों में तालमेल नहीं होने से सुरक्षा कार्य नहीं हो रहे हैं। सरकार की ओर से बजट की कमी नहीं है। सीएम धामी ने 10-10 करोड़ हर जिले को दिए हैं। हमारी मांग है कि बाढ़ सुरक्षा में कोताही नहीं बरती जाए, लेकिन काम नहीं हो रहा है। चैनलाइजेशन होना है, लेकिन आज तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। उम्मीद है कि शनिवार से कार्य शुरू होगा। यदि नहीं हुआ तो खुद के खर्चे से कार्य शुरू करूंगा।

**-डॉ. मोहन सिंह बिष्ट**, विधायक लालकुआं

## एसटीएच में समय से कैथलैब नहीं बनी तो शासन स्तर पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**निर्देश**

- **सांसद ने कैथलैब के निर्माण में देरी पर जताई नाराजगी**
- **अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश**

**अमृत विचार :** भाजपा सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में शुक्रवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। इसमें सांसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं और नैनीताल जिले में बाढ़, जलभराव व आपदा राहत कार्यों की जानकारी ली। वहीं डीएम को बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए।

सांसद भट्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी समन्वय बनाकर जनसमस्याओं का संज्ञान लें और निस्तारण करें। कुछ अधिकारी ढिलाई बरतने के साथ ही गलत सूचनाएं दे रहे हैं। जिनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जलजीवन मिशन प्रोजेक्ट पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पाइल लाइन बिछा दी जाती है, लेकिन सड़क के गड्ढे नहीं भरे जाते हैं। जल संस्थान, जल निगम ईई को यथा शीघ्र एनओसी देने के निर्देश दिए, ताकि लोनिवि सड़क की मरम्मत कर सके। इस पर जेजेएम लालकुआं ईई ने 16 व हल्द्वानी ईई ने 10 सड़कों की एनओसी तीन दिन में दी जाएगी।

सांसद ने एसटीएच में कैथलैब के निर्माण में विलंब होने पर नाराजगी जाहिर की। लैब की कार्यदायी संस्था मंडी समिति है, लेकिन अभी तक काम नहीं हुआ है। इस पर डीएम ने स्पष्ट किया कि यदि समय से लैब नहीं बनाई गई तो शासन स्तर पर भी कार्रवाई होगी। जनप्रतिनिधियों ने शिकायत करते हुए कहा कि पतलोट डिग्री कॉलेज का भवन इसी वर्ष बना है, लेकिन छत टपक रही है, इस पर डीएम ने तुरंत ही तकनीकी समिति गठित कर जांच के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि आपदा में जिन परिवारों को नुकसान हुआ है, उन्हें चेक से आर्थिक मदद दी गई है। जहां-जहां सड़क, भवन, पेयजल व बिजली लाइनें वगैरह क्षतिग्रस्त हुई हैं वहां भी दैवीय आपदा मद से बजट आवंटित कर काम किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया व उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, विधायक डॉ. मोहन सिह बिष्ट, सरिता आर्या, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, कमलेश कैड़ा, रेखा रावत, रवि कन्याल, रूपा देवी, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, जीवन सिंह कार्की, सीडीओ अशोक पांडे, डीएफओ सीएस जोशी, सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी, आरटीओ नन्द किशोर, एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र, लोनिवि ईई अशोक चौधरी मौजूद रहे।

## जीजीआईसी में तेंदुआ आने की अफवाह से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा में तेंदुआ आने की सूचना से हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो कुछ भी नहीं मिला। सूचना कोरी अफवाह साबित हुई।

शुक्रवार की सुबह वन विभाग को सूचना मिली कि जीजीआईसी बनभूलपुरा में तेंदुआ घुस गया है। सूचना पर तराई केंद्रीय वन डिवीजन की हल्द्वानी रेंज की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जीजीआईसी और आसपास के क्षेत्रों में चेकिंग की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इसके अलावा टीम को ऐसे साक्ष्य भी नहीं मिले, जिससे तेंदुए के आने की पुष्टि हो सके। इस पर वन टीम ने राहत की सांस ली। स्पष्ट हो गया कि तेंदुए आने की सूचना महज कोरी अफवाह है। इधर, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें तेंदुआ घूमता दिख रहा था। बताया जा रहा है कि यह वीडियो अन्य स्थान का है।

इधर, तराई केंद्रीय वन डिवीजन के डीएफओ उमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि वन टीम लगातार आबादी से सटे जंगल में गश्त करती है, लेकिन तेंदुए या किसी भी वन्यजीव के आबादी में घुसने की अफवाह फैलाना अपराध है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फेक वीडियो बनाकर वायरल करने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा।

# स्टेडियम की पार्किंग गौला नदी में समायी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में खतरा टलने का नाम नहीं ले रहा है। पहले ही स्टेडियम का एक बड़ा हिस्सा नदी में समा चुका है और अब बारिश की वजह से स्टेडियम की पार्किंग का एक बड़ा हिस्सा गौला नदी में समा गया है। इस हिस्से के साथ दो पेड़ भी जमींदोज हो गए और तीसरा गिरने की कगार पर है। इधर, सिंचाई विभाग भू-कटाव और धंसाव को रोकने के भरसक प्रयास में जुटा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हस्तक्षेप के बाद सिंचाई विभाग ने गौला नदी का रुख मोड़ा और स्टेडियम को बचाने के लिए वायर क्रेट्स लगाने और नदी में स्पर बनाने शुरू किए। ताकि पानी के बहाव से स्टेडियम को नुकसान न पहुंचे। सिंचाई विभाग ने नदी में ट्रीटमेंट तो शुरू कर दिया, लेकिन बारिश आफत बनी हुई है। दो दिनों में हुई बारिश ने क्रिकेट स्टेडियम की पार्किंग के पास फिर से कटाव शुरू कर दिया है। दो जगह पर करीब 10 मीटर का हिस्सा भरभरा कर नदी में समा गया। इसके साथ ही स्टेडियम के पानी निकासी की लाइन और दो पेड़ भी गौला नदी में समा गए। जबकि तीसरा पेड़ भी गिरने की कगार पर है। पार्किंग की इंटरलॉकिंग को खासा नुकसान पहुंचा है। जहां भू-स्खलन हुआ है, वहां नदी में सिंचाई विभाग वायरक्रेट से अस्थाई सुरक्षा दीवार का निर्माण करवा रहा है।


गौला नदी में दरका अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम की पार्किंग का एक हिस्सा।

**आमने-सामने आए सिंचाई और खेल विभाग**

**हल्द्वानी :** सिंचाई विभाग ने अंडरग्राउंड नाली में लीकेज को भू-स्खलन की वजह बताई है। जबकि खेल विभाग भू-स्खलन का ठीकरा सिंचाई विभाग पर फोड़ रहा है। खेल विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि सुरक्षा दीवार बनाने के लिए जगह-जगह पत्थरों के ढेर लगा दिए हैं। किनारे पर पत्थरों के ढेर के कारण जमीन धंसी है। बारिश में गीली हुई मिट्टी ऊपर रखे पत्थरों का वजन नहीं सह पाई और नदी में समा गई।

"स्टेडियम के पानी की निकासी के लिए बनाई गई अंडरग्राउंड नाली में कई जगह लीकेज की समस्या है। जहां पर जमीन धंसी है, वहां भी लीकेज की समस्या थी, जिस कारण बारिश का पानी आने पर धंसाव हुआ है। इसे रोकने के लिए अब प्लास्टिक भी लगाया जा रहा है।

**- दिनेश रावत**, ईई सिंचाई विभाग

## छात्रों को नए नियम के साथ लेना होगा प्रवेश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन कर दिया गया है। अब नये नियम के साथ ही छात्रों को प्रवेश लेना होगा। एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बीएस बनकोटी ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया में नया नियम लागू कर दिया गया है।

नियमानुसार यदि कोई छात्र स्नातक प्रथम सेमेस्टर अथवा प्रथम वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है या प्रथम सेमेस्टर अथवा प्रथम वर्ष के उपरांत अपना विषय बदलता है तो उसे महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए विधिवत आवेदन करना होगा। छात्र को प्रवेश तभी मिलेगा जब उसका नाम योग्यता सूची में आएगा। वहीं नए सिरे से प्रवेश लेने पर छात्र को पूर्व में आवंटित नामांकन संख्या में भी बदलावा होगा। पूर्व में आवंटित नामांकन संख्या निरस्त कर दी जाएगी।

# पीएम रिपोर्ट में फांसी की पुष्टि फरार युवती ने उलझाई गुत्थी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**प्रकरण**

- **31 वर्षीय कानपुर के शिवम की मौत का मामला हुआ पेचीदा**
- **साथ रहने वाली युवती शिवम का मोबाइल लेकर हुई है फरार**

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र में फंदे से लटके मिले कानपुर के शिवम की मौत की पुष्टि हो चुकी है। उसकी जान फांसी की वजह से हुई, लेकिन साथ रहने वाली फरार युवती ने घटना की गुत्थी को उलझा दिया है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया कि उसकी मौत किन हालात में हुई या उसकी मौत का फरार युवती से क्या वास्ता है।

आरके नगर जवाहरनगर कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी शिवम श्रीवास्तव (31 वर्ष) यहां प्रगति विहार हिम्मतपुर तल्ला मुखानी निवासी भाष्कर रैक्वाल के मकान में किराए पर रहता था और यहीं उसका शव फंदे पर लटका मिला था। करीब एक माह पूर्व किराए पर रहने आए शिवम के साथ एक युवती भी रहती थी, जो घटना के दिन से गायब है।

पुलिस जब घटना स्थल पर पहुंची तो शिवम का शव फंदे से लटक रहा था और पास ही कुछ सामान जला हुआ पड़ा था। ये सामान उसी युवती का था, जो शिवम के साथ रहती थी। कमरे से निकलने से पहले वह शिवम का मोबाइल भी अपने साथ ले गई। फिलहाल युवती और शिवम दोनों का मोबाइल बंद है। पुलिस दोनों मोबाइल ट्रेस कर रही है।

शिवम की मौत फांसी से हुई यह स्पष्ट हो चुका है, लेकिन इस मौत का फरार युवती से क्या वास्ता है। उसके फरार होने, जला सामान और शिवम के मोबाइल ने युवती को संदेह के घेरे में ला दिया है। पुलिस युवती की तलाश में जुटी हुई है। इधर, पुलिस शिवम के मकान मालिक भाष्कर रैक्वाल पर भी कार्रवाई करने जा रही है, क्योंकि उसने किराएदार का सत्यापन नहीं कराया था। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि युवती की तलाश में टीमें लगी हैं। उसके पकड़े जाने के बाद मौत की असल वजह सामने आएगी।

## आज कालू सिद्ध से रोडवेज तक बंद रहेगा यातायात

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रोडवेज स्टेशन से कालू सिद्ध तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर शनिवार (आज) को पेड़ों का कटान होगा। इसके चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यातायात बंद रहेगा।

जारी डायवर्जन के तहत बड़े और छोटे वाहनों को बरेली रोड से तीनपानी बाईपास तिराहा से डायवर्ट कर गौलापार की ओर भेजा जाएगा। रामपुर रोड से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले वाहन टीपीनगर से मुड़कर तीनपानी बाईपास तिराहा से होते हुए गौलापार से होकर गुजरेंगे। जबकि कालाढूंगी से आने वाले वाहन लालडांठ से डायवर्ट होकर पनचक्की तिराहा निकलेंगे। भीमताल और नैनीताल से आने वाले वाहन नरीमन तिराहा से मुड़कर गौलापार की ओर जाएंगे।

# पंजाब जेल में बंद लॉरेंस के गुर्गे सोनू को हल्द्वानी लाएगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सर्राफा कारोबारी से रंगदारी मांगने वाला मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपी सोनू कुमार पंजाब की जेल में बंद है और उसे हल्द्वानी लाने के लिए पुलिस ने न्यायालय से बी वारंट जारी कराया है। जिसे पंजाब पुलिस को भेज दिया गया है।

पटेल चौक स्थित सुरेश संस ज्वैलर्स के स्वामी अंकुर अग्रवाल से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी मांगने वाले ने खुद को लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य और मशहूर गायक सिद्धू मूसेवाला का हत्यारा बताया था। मामले में पुलिस ने सुवालालकापुरा सिविल लाइंस मध्य प्रदेश निवासी देवेंद्र जाटव उर्फ रॉकी और तल्ला गोरखपुर हीरानगर हल्द्वानी निवासी कैफे संचालक नागेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार किया था।नागेंद्र ने सर्राफ की रेकी कर जानकारी आरोपियों तक पहुंचाई थी। वसूली करने आए रॉकी और नागेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मास्टरमाइंड पंजाब निवासी सोनू कुमार था। पुलिस इसे दबोचने पंजाब पहुंची तो पता लगा कि पंजाब पुलिस उसे हथियार सप्लाई करने के मामले में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

सोनू जब पंजाब पुलिस की हिरासत में था तो हल्द्वानी पुलिस ने उससे पूछताछ करनी चाही, लेकिन पंजाब पुलिस ने मदद नहीं की। पुलिस ने सोनू से पूछताछ के लिए न्यायालय से बी वारंट जारी करा लिया है। अब सोनू के छूटने से पहले पंजाब पुलिस हल्द्वानी पुलिस को सूचना भेजेगी। हल्द्वानी पुलिस उसे पंजाब से यहां लाएगी। जिसके बाद उसे कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।



"रंगदारी मांगने का मुख्य आरोपी सोनू पंजाब जेल हैं। उससे पूछताछ के लिए न्यायालय से बी वारंट जारी कराकर पंजाब पुलिस को भेज दिया गया है। जल्द ही सोनू को हल्द्वानी लाकर पूछताछ की जाएगी। सोनू से और कई अहम जानकारी मिल सकती है।

**-प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी

**सेहत**

**मम्प्स के मामलों को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने मांगी रिपोर्ट, फिलहाल हल्द्वानी और जिले के अन्य क्षेत्रों में प्रकोप नहीं**

# नैनीताल में मम्प्स के 11 मामले मिले, विभाग अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**बरतें सतर्कता**

- **नैनीताल में दस दिन में 11 मामले आये सामने**
- **बीडी पांडे अस्पताल में चल रहा मरीजों का इलाज**

**अमृत विचार :** नैनीताल में बीते 10 दिन में मम्प्स (गलसुआ) के 11 मामले मिले हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। राहत की बात है कि हल्द्वानी में अभी तक कोई मरीज नहीं मिला है।

मम्प्स चेहरे के दोनों तरफ एक वायरस के कारण होते हैं। कान के पीछे स्थित ग्लैंड्स जिन्हें पैरोटिड ग्लैंड्स भी कहा जाता है, मुंह में सलाइवा का उत्पादन करती हैं। जिससे सूजन के साथ ही दर्द होना शुरू हो जाता है। यह एक संक्रामक संक्रमण है जो मुंह की सलाइवेरी ग्लैंड को प्रभावित करता है। नैनीताल में बारिश के दिनों में मम्प्स के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बीते 10 दिन में 11 मामले मिल चुके हैं। बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों का उपचार चल रहा है। राहत की बात है कि अभी तक नैनीताल जिले के मैदानी इलाकों में मम्प्स के मरीज नहीं मिले हैं।



इधर, मम्प्स के मामलों को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने जिला स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट मांगी है। नैनीताल में प्रतिदिन मम्प्स के 20 से 25 मरीज आने की खबर को स्वास्थ्य विभाग ने गलत बताया है। इधर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी का कहना है कि विभाग के पास सभी मरीजों की जानकारी मौजूद है।

### अस्पतालों में उमड़ी मरीजों की भीड़



**हल्द्वानी :** मंगलवार और बुधवार को ओपीडी बंद रहने की वजह से सरकारी अस्पतालों में शुक्रवार को मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के प्रमुख बेस अस्पताल और डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतार लगी है। सबसे ज्यादा मरीज मेडिसिन ओपीडी में पहुंचे। बेस अस्पताल की फिजिशियन डॉ. विनीता निखुर्पा ने बताया कि इन दिनों पेट खराब होने के मामले ज्यादा आ रहे हैं। साथ ही बुखार के मरीजों की भी संख्या बढ़ रही है।

### बेस अस्पताल के चिकित्सक चारधाम ड्यूटी पर




**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल के आकस्मिक चिकित्साधिकारी डॉ. ब्रजेश रावत को गढ़वाल में चारधाम ड्यूटी पर भेजा गया है। उनके स्थान पर और कोई चिकित्सक अस्पताल में सेवा के लिए नहीं है। इससे मरीजों को परेशानी हो रही है। पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि चारधाम ड्यूटी के लिए अभी और भी चिकित्सक जाएंगे।

## 10 व 11 अगस्त को होगी कराटे चैंपियनशिप

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी में 10 और 11 अगस्त को नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। उत्तराखंड फुल कराटे एसोसिएशन के सचिव महेंद्र सिंह भाकुनी ने बताया कि बरेली रोड स्थित एक बैंक्वट हॉल में चैंपियनशिप होगी। इसमें ट्रेडिशनल कराटे, फुल कांटेक्ट कराटे, नॉन कांटेक्ट कराटे होंगे।

प्रतियोगिता में उत्तराखंड के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल राज्य के खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की गवर्नमेंट बॉडी के सदस्य डॉ. पीयूष जैन और नेशनल कराटे फेडरेशन के महासचिव मनोज मिश्रा भी मौजूद रहेंगे।

# सवा साल की जेल के बाद मिला इंसाफ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **भाभी ने लगाया था देवर पर पति की हत्या का आरोप**
- **26 मार्च 2023 से जेल में बंद था युवक, अब मिली आजादी**

**अमृत विचार :** सिर पर भाई की हत्या का इल्जाम था और भाभी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल तक पहुंचाया। करीब सवा साल जेल में गुजारने के बाद अब उसे इंसाफ मिला और प्रथम अपर जिला जज अमनिंदर सिंह की कोर्ट ने उसे दोषमुक्त कर दिया।

अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि दमुवाढूंगा निवासी एक महिला ने आरोप लगाया था कि 21 मार्च 2023 को उसके पति महेश चंद्र के साथ सगे भाई भुवन चंद ने मारपीट की। 22 मार्च को घायल को गंभीर हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 25 मार्च को महेश की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर 26 मार्च को भुवन को गिरफ्तार कर लिया। सुनवाई के दौरान नौ गवाह पेश किए गए। साथ ही दस्तावेज और मेडिकल प्रमाण भी कोर्ट के सामने रखे, जिनसे आरोपी की बेगुनाही साबित हुई। गुरुवार को प्रथम अपर जिला जज अमनिंदर सिंह की कोर्ट ने भुवन चंद को दोष मुक्त कर दिया।

## सार-संक्षेप


रामनगर में पत्रकार वार्ता करते जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी। ● अमृत विचार

### केदारनाथ शिला ले जाने पर गहरी नाराजगी

**रामनगर :** युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने मुख्यमंत्री की ओर से केदारनाथ शिला ले जाने पर गहरी नाराजगी जताई। एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री धामी जनता को जवाब दें। आखिर क्या वजह थी जो शिला को बाहर ले जाने की जरूरत आन पड़ी। उन्होंने कहा कि युवक कांग्रेस मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण की मांग करेगी। जनता के सामने सच्चाई आनी चाहिए। कहा कि केदारनाथ युवक कांग्रेस इस कार्यवाही के पीछे की नीयत पर सवाल उठाएगी। हम आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन कर केदारनाथ शिला के संबंध में मुख्यमंत्री के कार्यों का विरोध कर सुधि हवन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ललित कडाकोटी छात्र संघ अध्यक्ष, दीपक राणा, निवर्तमान सभासद तनुज दुर्गापाल, प्रमोद कुमार, राज, गौरव पंत, सोनू, करीम, भुप्पी मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो में कृतिका और प्रेम चंद्र को मिला स्वर्ण पदक


कृतिका और प्रेम चन्द्र।

**रामनगर :** हल्द्वानी में आयोजित 19वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बालिका संवर्ग में अपने दम पर कृतिका पांडे ने एक ही टूर्नामेंट में फाइटिंग, व्यक्तिगत पूमसे और टीम पूमसे जैसे तीनों खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। इस शानदार प्रदर्शन पर उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। दूसरी ओर बालक केडेट संवर्ग में प्रेम चंद्र उप्रेती ने फाइटिंग, व्यक्तिगत पूमसे, जोड़ी पूमसे, टीम पूमसे स्पर्धाओं में 4 स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने जिला ताइक्वांडो टूर्नामेंट में बालक संवर्ग में रामनगर का नाम रोशन किया है। कृतिका और प्रेम चंद्र ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और कोच तरुण भट्ट को दिया है। उन्होंने अपने संघर्ष, प्रयास और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मनोबल बढ़ाया है।


सेंचुरी मिल की डिस्पेंसरी में महिला रोगी का उपचार करतीं चिकित्सक।

### साप्ताहिक चिकित्सा शिविर में 66 महिलाओं की जांच

**लालकुआं :** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल में आयोजित साप्ताहिक चिकित्सा परामर्श शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा क्षेत्र की 66 महिलाओं को उचित परामर्श देने के साथ-साथ उनका उपचार किया। यहां सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल की डिस्पेंसरी में आयोजित साप्ताहिक चिकित्सा परामर्श शिविर का संस्थान के सीईओ अजय गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। चिकित्सा शिविर में रुद्रपुर के निजी अस्पताल की वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. रूबी और डॉ. पवन अग्रवाल ने 66 महिलाओं का उपचार कर उन्हें उचित परामर्श दिया। उक्त शिविर में सेंचुरी डिस्पेंसरी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील मधवार, डॉ. सीमा मधवार, सेंचुरी पेपर मिल के महाप्रबंधक संजय कुमार बाजपेई सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।


एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन देते अंबेडकर एकता फाउंडेशन के सदस्य।

### महिला ग्राम प्रधान से अभ्रदता के विरोध में भेजा ज्ञापन

**कालाढूंगी :** अंबेडकर एकता फाउंडेशन ने बनबसा के महिला ग्राम प्रधान के साथ हुए अभ्रदता के मामले में दोषियों पर कार्यवाही की मांग कर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा है। शुक्रवार को अंबेडकर एकता फांउडेशन के सदस्यों ने तहसील परिसर में पहुंचकर एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन दिया। सदस्यों ने ज्ञापन देते हुए कहा बनबसा के पंचायत गुदमी में बेहद शर्मसार करने वाली घटना है। जनजाति समाज की महिला ग्राम प्रधान के साथ अशोभनीय कृत्य करने वाले लोंगो पर कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। इस दौरान अंबेडकर एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र, अरविंद कुमार, दीवान चंद्र, सतवंत सिंह, दीवान चंद्र, जीवन चन्याल, धनीराम, पूरन चंद्र, गणेश चंद्र, खीमानंद आर्य, सोनू, तेजेन्द्र टम्टा, राघव आर्या आदि मौजूद रहे।



संगोष्ठी को संबोधित करते इफको के राज्य विपणन प्रबंधक राकेश कुमार।

### पर्वतीय क्षेत्र के लिए मददगार होगा नैनो डीएपी

**हल्द्वानी :** सहकारी संस्था इफको एवं सहकारिता विभाग की ओर से शुक्रवार को नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक राजीव शुक्ला ने कहा कि नैनो डीएपी का प्रयोग बीज उपचार और जड़ उपचार पर भी किया जाता है। यह पर्वतीय क्षेत्र के लिए काफी मददगार साबित हो सकता है। विशिष्ट अतिथि इफको के राज्य विपणन प्रबंधक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यदि पर्वतीय क्षेत्र से पलायन को रोकना है तो कृषि एवं उद्यान में ध्यान देना होगा। किसान खेती में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर वैकल्पिक नैनो उर्वरक व जैव उर्वरक का उपयोग बढ़ाएं। इफको के क्षेत्र अधिकारी मनोज सिंह दानू ने विभिन्न कृषि सेवाओं की जानकारी दी। इससे पूर्व इफको के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक आर्य ने अतिथियों और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

# पेड़ों को रिलोकेट करने के लिए हुई लॉपिंग व कटिंग

## कार्यदायी संस्था ने सरस बाजार के समीप पाखड़ के पेड़ से किया काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


पेड़ की रूट कटिंग का जायजा लेते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड के चौड़ीकरण की जद में आ रहे पांच-छह दशक पुराने पेड़ों के रिलोकेट करने का काम शुरू हो गया है। कार्यदायी संस्था ने पेड़ों की शाखाएं व जड़े काटकर रसायन एवं उर्वरक लगा दिया है, ताकि शाखाओं पर दुष्प्रभाव नहीं हो ओर नए पत्ते एवं जड़ें आना शुरू हो जाए।

मंगलपड़ाव से नरीमन चौक काठगोदाम तक सड़क को दोनों ओर 12-12 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। इस चौड़ीकरण की जद में 40 पेड़ आ रहे हैं, जिनको रिलोकेट किया जाना है। प्रशासन ने इसका जिम्मा एक संस्था को सौंप दिया है। इधर, संस्था ने शुक्रवार से पेड़ों को रिलोकेट करने का काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में पेड़ों की लॉपिंग व जड़ों की कटिंग की गई है। पेड़ों की शाखाओं को जहां से काटा गया है, वहां रसायन लगाया गया है, ताकि पानी व धूप से शाखाएं सूखे नहीं और नए पत्ते आ सके। इसी तरह जड़ों की कटिंग के बाद नई मिट्टी से भरान कर उर्वरक डाले गए हैं, ताकि जड़ कटने के बाद पेड़ को पोषक तत्व मिलते रहे हैं। डेढ़-दो माह बाद पेड़ में नए पत्ते व जड़ें आने के बाद इस पेड़ को उखाड़कर जड़ समेत पैक कर गंगापुर कबडाल स्थित गोशाला में रोपा जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि नैनीताल रोड किनारे के पेड़ों को रिलोकेट करने का काम शुरू हो गया है। सभी पेड़ों को गोशाला में रिलोकेट किया जाएगा।

## खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री उदीयमान छात्रवृत्ति खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के अंतगर्त शुक्रवार को न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का ट्रायल न्याय पंचायत डोला के राउप्रावि सानणा में आयोजित हुई।

प्रतियोगिता में राउमावि बांसी, राउमावि डोला, राउमावि रानीकोटा, राइकावि जलना, राइकावि सानडा, राप्रावि रियाड मल्ला, राप्रावि रियाड तल्ला, राप्रावि सानडा, राप्रावि डोला, राप्रावि जलना, राप्रावि सिमल खेत, राप्रावि देवीपूरा प्रथम के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा दिखायी। नोडल अधिकारी नरेन्द्र पटवाल छात्रों को मोबाइल से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी। पटवाल ने कहा खेल बच्चों को ऊर्जा और शारीरिक विकास और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं।

इस दौरान ललित मोहन नेगी, त्रिवेणी चंद्र पंत, पुरन चंद पंत, सुरेश चंद्र, हेमचंद तिवारी, सुशील पंत, प्रकाश तिवारी अतुल दीक्षित, प्रीति जोशी, नीलम जोशी, मीरा, अनुवंतिका, गीता रावत आदि उपस्थित रहे।

# कमेटिया नाले को मोड़ने का विरोध, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


चौफुला चौराहा वन चौकी के समीप प्रदर्शन करते मित्रपुरमवासी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरसाती नाले कमेटिया को कठघरिया की ओर मोड़े जाने के विरोध में मित्रपुरम वासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने इस नाले को रकसिया से जोड़ने की मांग की है।

शुक्रवार को मित्रपुरमवासी चौफुल वन चौकी के समीप एकत्र हुए। यहां उन्होंने सिंचाई, वन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी। उन्होंने कहा कि कमेटिया नाले का मुहाना रकसिया नाले से महज 80 मीटर दूर है, ऐसे में इस नाले को रकसिया से जोड़ना चाहिए, लेकिन जानबूझकर कठघरिया की ओर मोड़ा जा रहा है। ऐसा करने पर कई क्षेत्रों में जलभराव का खतरा है। सभी ने एक सुर में नाले को रकसिया से जोड़ने की मांग की। साथ ही कहा कि इस मांग को लेकर शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस दौरान मन्नू गोस्वामी, मन्नू गौड़, मनोज खुल्बे, मनोज कोठारी, दीपक खुल्बे, नरेश खुल्बे, हरीश पवार, जगदीश पवार, त्रिलोक बिष्ट, प्रकाश खुल्बे, गणेश खुल्बे, रमेश खुल्बे, हेम नेगी आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताओं में छाए ग्रेट मिशन के विद्यार्थी


विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मानित विद्यार्थी पुरस्कार के साथ। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पूरे सालभर सम्पन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। बता दें कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में ग्रेट मिशन स्कूल ने कुल सात अंतर-विद्यालय सह-पाठ्यचर्या प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न पदों के लिए छह कार्यक्रमों में पुरस्कार प्राप्त किए। इन कार्यक्रमों का आयोजन सहोदय हल्द्वानी द्वारा किया गया था।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रसून श्रीवास्तव ने कहा कि इन प्रतिष्ठित आयोजनों में भाग लेकर ग्रेट मिशन स्कूल के छात्रों और स्कूल दोनों के लिए यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर से कम नहीं है। पूरे आयोजन में दीपिका आर्या, स्नेहा बिश्नोई, अनामिका रावत, ममता बेलवाल, सुहाना आर्या, सोमाक्ष श्रीवास्तव, प्रदीप बिष्ट, कृष्णा बोहरा, करन मेहरा, लक्ष्मी बोरा, निहारिका रावत, श्रेया रावत, स्नेहा, सौरभ कुमार आर्या, मोहित सिंह रावत, ललित सिंह रावत, कंचन, हिमांशु पांडे, जिया मीना, पूर्वा पंत, अलशीफा, सरस्वती वर्मा, अमन, शैली मठपाल, रिया कोहली एवं जिज्ञासा पांडे आदि छात्र-छात्राओं ने पुरस्कृत होकर विद्यालय का मान बढ़ाया।

# पुल बनाने में आ रहा अवरोध खत्म

संवाददाता, रामनगर


विधायक को डिप्टी इंस्पेक्टर के पत्र की प्रति सौंपते प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा।

**अमृत विचार :** ढेला नदी एवं कसेरूवा श्रोत पर पर पुल बनाये जाने की कवायद में आ रही बाधाएं अब दूर हो चली हैं। बता दें कि सावलदे गांव के सटा कसेरूवा श्रोत एवं ढेला नदी हर साल बरसात में ढेला के ग्रामीणों एवं रिसोर्ट संचालकों के लिए खतरा बन जाया करती है। ग्रामीण लम्बे समय से इन स्थानों पर पुल बनाने की मांग करते आ रहे थे।

विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि वह भी लम्बे समय से इन स्थानों पर पुल बनाने के प्रयास कर रहे थे, लेकिन एंटीसीए द्वारा रोक लगा दिए जाने से यह मामला अब तक खटाई में पड़ा था, किंतु अब इस पुल के निर्माण में आ रही बाधा दूर हो चुकी है। भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण द्वारा अनापत्ति दिए जाने से पुल बनाने की कवायद को हरी झंडी मिल चुकी है। स्वयं इसकी पुष्टि प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा ने बताया कि कार्यदायी संस्था जो भी होगी वह ढेला नदी और कसेरूवा श्रोत पर निर्माण कर सकती है। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रमुख वन संरक्षक द्वारा डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल वैभव चंद्र माथुर के पत्र की प्रति उन्हें सौंपी गयी है।

## जावेद बने कांग्रेस के जिला महामंत्री



**रामनगर :** कांग्रेस कार्यकर्ता जावेद खान को जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने जिला कांग्रेस महामंत्री पद का दायित्व सौंपा है। उनकी तैनाती पूर्व विधायक रणजीत रावत की संस्तुति पर की गई है। जावेद खान की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देशबन्धु रावत, मालधन ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्या, पंकज पांडे, मोहम्मद यूसुफ, कमल नेगी, कुवेर कड़ाकोटी समेत सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय्
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग– • सफेद दाग • सोरायसिस, एलोपेसिया • मुंहासे • झाईयाँ • मस्से व गोखरू • एलर्जी
पेट रोग– • पेट दर्द • गैस • पेट में जलन • कमजोर पाचन • गुर्दे की पथरी
गुदा रोग– • बवासिर • फिशर • बवासीर के मस्से
लिवर सम्बन्धि रोग– • लीवर में सूजन • बदहजमी
अन्य रोग– • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग– • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
स्त्री रोग– • PCOD • हार्मोस में असंतुलन • ओवरी सिस्ट • अनियमित माहवारी • वजन बढ़ना • बाल झड़ना • थायराइड
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरूद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473
शनिवार अवकाश

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
9258116087, 7891235003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## नैनीताल पुलिस ने सम्मान समारोह आयोजित कर 128 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

# सीओ सिटी ने साधे सुर, समारोह में चला मंडलायुक्त का जादू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



सम्मान समारोह में उपस्थित मंडलायुक्त, डीआईजी, एसएसपी व पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते लोकगायक इन्दर आर्य व कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस के सम्मान समारोह में पुलिस का एक अलग ही अंदाज सामने आया। हमेशा खाकी वर्दी में मुस्तैद रहने वाले पुलिस अधिकारियों के गले से सुर फूटे तो लोग हैरत में पड़ गए। मौका मिला तो मंडलायुक्त दीपक रावत भी पीछे नहीं रहे। उनके गीत का जादू पुलिस समारोह में लोगों के सिर चढ़ कर बोला। गुलाबी शरारा फेम इंदर आर्या ने भी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में नैनीताल पुलिस ने सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें नैनीताल पुलिस के 128 अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्य अतिथि मंडलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं डॉ. योगेंद्र रावत और एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा ने सम्मानित किया। पुलिस अधिकारी व कर्मियों के बच्चों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बनभूलपुरा दंगा, लोकसभा चुनाव, पर्यटन सीजन ड्यूटी, कैंची धाम मेला ड्यूटी समेत अपराध नियंत्रण व अन्य चुनौतीपूर्ण हालातों में पूरी ईमानदारी और मुस्तैदी से ड्यूटी निभाने वाले पुलिस, दमकल, पीएसी और होमगार्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में रंग तब जमा जब मंडलायुक्त दीपक रावत माइक के साथ स्टेज पर पहुंचे।

उन्होंने कुमाउनी गीत हिट दगड़ी कमला...गाया तो लोग तालियों से उनका साथ देने लगे। इंडियन आइडल में ऑडिशन दे चुके सीओ सिटी नितिन लोहनी को भी लोगों ने पहली बार माइक के साथ गाते देखा। उन्होंने तेरी मिट्टी में मिल जांवा... गाकर ऐसे सुर छेड़े की लोग हैरत में पड़ गए। इसके साथ ही पीएसी की महिला सब इंस्पेक्टर हेमा जोशी, लोक गायक इन्दर आर्य ने लोकगीत और देशभक्ति गीत गाकर कार्यक्रम में समा बांधा। संचालन बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने किया। इस दौरान एसपी क्राइम हरबंस सिंह, एसपी सिटी हल्द्वानी प्रकाश चंद, सीओ लालकुआं संगीता, सीओ भवाली सुमित पांडे व अन्य अधिकारी मौजूदरहे।

# घरेलू सिलेंडरों में घटतौली, छापे में चार किलो तक कम मिली गैस

## मंडलायुक्त के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने पकड़ा सिलेंडर लेकर जा रहा वाहन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**34** सिलेंडरों में से 28 में कम मिली गैस, खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारी ने चालक के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराया मुकदमा



गैस वाहन में सिलेंडर की जांच करते खाद्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अब सेल्समैन से सिलेंडर लेते समय उसे 10 बार तोल कर देंखे, क्योंकि शुक्रवार को जो मामला सामने आया उसने अधिकारियों के भी होश उड़ा कर रख दिए। छापेमारी में सिलेंडर की एक गाड़ी पकड़ी गई। इसमें 34 सिलेंडर थे, जब इन्हें तोला गया तो 28 सिलेंडरों में गैस कम मिली। किसी में 800 ग्राम तो किसी में चार किलोग्राम तक गैस कम थी। खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारी ने कोतवाली में गैस वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

खाद्य पूर्ति निरीक्षक राहुल सिंह डांगी ने बताया कि मंडलायुक्त दीपक रावत से कुछ उपभोक्ताओं ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके घर जो गैंस सिलेंडर पहुंचाए जा रहे हैं, उनमें गैस कम निकल रही है। जिसके बाद मंडलायुक्त ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। शुक्रवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, विधिक बांट एंव माप विज्ञान विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने बरेली रोड स्थित अब्दुल्ला बिल्डिंग के पास से इंडेन के गैस सिलेंडर ले जा रहे टेंपो संख्या यूए 04 ई 1552 को रोक लिया। गिनती की गई तो वाहन में कुल 34 घरेलू गैस सिलेंडर मिले। जब इन्हें तोलना शुरू किया गया तो सभी की आंखें फटी रह गईं।

किसी सिलेंडर में 800 तो किसी सिलेंडर में चार किलोग्राम तक गैस कम पाई गई। ऐसे 28 सिलेंडर मिले, जिसमें गैस कम थी। जिसके बाद गैस सिलेंडर जब्त कर लिए गए और गैस वाहन चालक विजय कुमार को आरोपी मानते हुए कोतवाली में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### अधिकारियों के रडार पर गैस एजेंसी का गोदाम

**हल्द्वानी :** पूरे मामले में चालक के खिलाफ तो मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, लेकिन क्या सिर्फ चालक ही इतनी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडर से गैस चोरी कर सकता है। इसे देखते हुए अब गैंस एजेंसी और उसका गोदाम भी अधिकारियों के निशाने पर है। माना जा रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडर से गैस निकालने के मामले में कुछ और लोग शामिल हो सकते हैं। जल्द ही गैस एजेंसी के गोदाम में रखे सिलेंडरों की भी जांच कराई जाएगी।

# पूर्व सैनिकों की नौकरी के आड़े आई उम्र, बाधा बना पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विभाग की गलती का खामियाजा पूर्व सैनिकों को भुगताना पड़ रहा है। सेवानिवृत्ति के बाद वह राज्य सरकार की ओर से नौकरियों में दिए जाने वाले 5 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं उठा पा रहे। संबंधित विभाग भी इस बात से भली-भांति वाकिफ हैं, लेकिन पूर्व सैनिकों के लिए कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।



से. कैप्टन सोबन सिंह भड़।

सेवानिवृत्त कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने बताया कि राज्य में नौकरियों के लिए सेवानिवृत्त सैनिकों को 5 प्रतिशत आरक्षण और उम्र में छूट दी गई है, लेकिन विभागीय और एजेंसियों की लापरवाही के कारण पूर्व सैनिक नौकरियों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे। हाल में शिक्षा विभाग में बीआरपी और सीआरपी की 900 से अधिक पदों की विज्ञप्ति जारी हुई। 5 प्रतिशत आरक्षण के हिसाब से इन 900 नौकरियों में 30 पद पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित हैं। अब पूर्व सैनिक संबंधित पोर्टल में नौकरी के लिए आवेदन तो कर रहे हैं, लेकिन उम्र की वजह से उनका आवेदन अस्वीकार कर दिया जा रहा है। इसकी वजह पोर्टल में उम्र का कॉलम न होना है। जबकि आवेदन के दौरान नियमतः पूर्व सैनिक के सेना में सेवाकाल का समय और अतिरिक्त तीन वर्ष की छूट मिलती है और यही कॉलम पोर्टल में नहीं है। ऐसे ही सेना के एक सेवानिवृत्त सिपाही हरीश सिंह अधिकारी ने शिक्षा विभाग की ओर से जारी नौकरियों के लिए पोर्टल में आवेदन किया और उम्र का कॉलम न होने की वजह से उनका आवेदन खारिज हो गया। हरीश की तरह सैकड़ों पूर्व सैनिक इससे वंचित हो गए हैं। उन्होंने सरकार से भविष्य में पूर्व सैनिकों के हित को ध्यान में रखकर विज्ञप्ति निकालते और उक्त विज्ञप्ति को निरस्त कर नई विज्ञप्ति जारी करने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि पीड़ित ने संबंधित अधिकारियों से बात की। जिस पर अधिकारियों ने लापरवाही को माना, लेकिन कुछ कर पाने में असमर्थता जता दी।

# सेवा से हटाए गए उपनल कर्मियों को बहाल करें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने वर्चुअल बैठक कर सेवा से हटाए गए कर्मियों की बहाली तथा ईएसआई का लाभ देने की मांग उठाई।

प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार एक तरफ कहती है कि उपनल कर्मियों का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दूसरी तरफ लगातार कर्मचारियों को विभागों से बाहर कर रही है। जबकि नियमितीकरण के मामले में स्थगन है। लंबित मामले में उपनल कर्मचारियों के पदों पर लगातार अधियाचन निकाले जा रहे हैं। करीब 10 से 15 वर्ष से कार्यरत कर्मचारियों को हटाया जा रहा है, जो बहुत ही चिंता का विषय है। महामंत्री प्रमोद गुसाईं ने कहा कि मंहगाई के दौर में एक हजार रुपए मानदेय वृद्धि करने से कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार ने उपनल कर्मचारियों से ईएसआई उपचार का लाभ भी छीन लिया है।

कहा कि सरकार को कर्मचारियों के हित में वर्तमान नियमावली 2013 यथा संशोधित कर 2018 के अनुसार वन टाइम सेटलमेंट करना चाहिए। अन्यथा राज्य कर, कृषि व अन्य विभाग से हटाए गए कर्मचारियों को शीघ्र बहाल किया जाय। बैठक में विनोद बिष्ट, श्याम मेवाड़ी, मनोज जोशी, अनिल कोठियाल, तेजा सिंह बिष्ट, मनोज कुमार, योगेश भाटिया, पूरन भट्ट, गणेश गोस्वामी शामिल हुए।

## फिल्टर प्लांट को दो घंटे बाद मिला पानी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बारिश के मौसम में पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। गौला नदी में सिल्ट आने की वजह से फिल्टर प्लांट पूरी क्षमता से पानी का शोधन नहीं कर पा रहे हैं। वहीं नलकूपों के फूंकने से भी पेयजल संकट बढ़ रहा है। शुक्रवार को शीशमहल फिल्टर प्लांट को गौला बैराज से सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई।

पानी में सिल्ट की मात्रा काफी बढ़ गई थी। इस वजह से फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति सही तरह से नहीं हुई। दमुवाढूंगा, बिठौरिया क्षेत्रों में पानी तो पहुंचा, लेकिन पानी का प्रेशर बहुत कम था। इधर, दमुवाढूंगा के शाह फार्म और आवास विकास में नलकूप खराब पड़े हैं। दोनों ही नलकूपों को ठीक करने के लिए जल संस्थान के कर्मचारी लगे हुए हैं। जल संस्थान दोनों क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति करवा रहा है।

# एक पौधा मां के नाम लगाएं और उसकी देखभाल करें: अजय

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




प्रगतिशील कॉलोनी में पौधा लगाते प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार।

**अमृत विचार :** भाजपा की ओर से शुक्रवार को लामाचौड़ मंडल के शक्ति केंद्र भगवानपुर तल्ला स्थित प्रगतिशील कॉलोनी के पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार ने फलदार व छायादार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरा विश्व पर्यावरण प्रदूषण से जूझ रहा है, इसलिए धरा को संरक्षित करने के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत है। धरा को स्वस्थ्य बनाने के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता मां के नाम पर एक पौधा लगाएगा और उसकी देखभाल भी करेगा। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एक-एक पौधे जरूर लगाएगा। साथ ही बच्चों व परिजनों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करेगा, ताकि आने वाली पीढ़ी भी जागरूक हो सके। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, मंडी समिति अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, साकेत अग्रवाल, प्रदीप बिष्ट, रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, प्रतिभा जोशी, भुवन भट्ट, दिनेश खुल्बे, धीरज पांडेय, सुरेश गौड़, कमल नयन जोशी, शशांक रावत, कार्तिक हरबोला, मोहन पाठक, महेश शर्मा, महबूब अली, प्रदीप जनौटी मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने यूसीजी कानून का महत्व समझाया

संवाददाता, हल्द्वानी



हरेला कार्यक्रम को संबोधित करतीं विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी।

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण ने शुक्रवार को हल्द्वानी दौरे के दौरान रानीबाग स्थित शीतलामाता मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही हरेला कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने यूसीजी कानून की भी सराहना की।

उन्होंने शीतलामाता मंदिर परिसर के निकट स्थित पार्क में हरेला पर्व के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत पौधरोपण किया। इसके बाद हाईडिल गेट के निकट हरेला पर्व के उपलक्ष्य में गो ग्रीन फाउंडेशन के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यहां फाउंडेशन की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी चौहान ने रितु खंडूरी को पगड़ी पहना कर स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष ने यूसीजी कानून के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि हमें अपने संस्कार और सोच बदलनी होगी। इस समाज को सुदृढ़ और सुरक्षित बनाना है तो सबको अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार देने होंगे। इस अवसर पर मुकेश बोरा, शान्ति भट्ट, सचिन साह, गजराज बिष्ट, प्रताप रैक्वाल, रविन्द्र बाली, ऋतु डालाकोटी, सीमा, गायत्री, प्रकाश गजरौला, गीता बिष्ट, पान सिंह मेवाडी, दीपा सनवाल, पूजा भट्ट मौजूद रहे।

## नोटिस देने पर ग्रामीण भड़के

**रामनगर, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग की ओर से बिना जांच पड़ताल किए भाकियू ( टिकैत ) के ब्लॉक अध्यक्ष नवजोत सिंह ग्रेवाल और एक अन्य काश्तकार को नोटिस देने से गुस्साए ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है।

ग्रेवाल के मुताबिक विभाग ने एक शिकायत के आधार पर उनको नोटिस थमाया है। जिसमें सिंचाई विभाग का कहना है कि उन्होंने विभाग की पटरी तोड़कर अपने प्लाट में सिंचाई की है। जबकि प्लाटिंग का काम अन्य लोग कर रहे हैं। ग्रेवाल ने वकील के माध्यम से सिंचाई विभाग के आरोपों का जवाब दे दिया है। अगर विभाग ने सकारात्मक जवाब नहीं दिया तो वह विभाग के कार्यालय का घेराव करेंगे।

# लीगेसी वेस्ट प्लांट के लिए अब नए सिरे से होंगे टेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला रोखड़ स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का टेंडर नए सिरे से कराने की तैयारी चल रही है। मानकों को आधार बनाकर पुरानी टेंडर प्रक्रिया रद हो गई है।

ट्रंचिंग ग्राउंड में रोजाना 400 मीट्रिक टन कूड़ा पहुंचता है। कूड़े के निस्तारण के लिए लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाने की आवश्कता है। पूर्व में जिस कंपनी के पास अनुबंध था, उसे नगर निगम ने हटा दिया था। कंपनी पर आरोप था कि वह कूड़े का निस्तारण सही तरह से नहीं कर रही है। करीब छह माह से लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही थी। चार कंपनियां टेंडर डालने भी पहुंचीं, लेकिन टेंडरों को खोलने से पहले ही पूरी प्रक्रिया को रद कर दिया गया। नगर निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया को दोबारा शुरू किया जाएगा। हालांकि दिक्कत यह है कि सितंबर माह में नगर निगम के चुनाव होंगे। ऐसे में टेंडर प्रक्रिया के फिर से लंबे समय तक के लिए लटकने की संभावना बन रही है। इधर, गौला रोखड़ में बारिश के दिनों में कूड़ा सड़ रहा है। जिस वजह से ट्रंचिंग ग्राउंड से भीषण दुर्गंध उठ रही है। इससे बीमारियां फैलने का भी भय बना हुआ है।

## सार-संक्षेप

### अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता में विशेष तिवारी प्रथम



आचार्य पंत के साथ विशेष तिवारी।

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता में वायलिन वादक विशेष तिवारी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने हल्द्वानी ही नहीं प्रदेश का नाम रोशन किया है। बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश की प्रयाग संगीत समिति की ओर से 62वीं अखिल भारतीय संगीत नृत्य प्रतियोगिता –2024 संपन्न हुई। इसमें आचार्य हरीश चंद्र पंत के शिष्य विशेष तिवारी को उत्कृष्ट वायलिन वादन के लिए पहला पुरस्कार मिला है। उन्होंने राग भीमपलासी में दो रचनाएं प्रस्तुत कर प्रतियोगिता जीती। इससे पूर्व आचार्य पंत की एक अन्य शिष्या स्वास्तिका जोशी ने भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार जीता है। स्वर संगम ने कलाकारों की असाधारण सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं।



एनसीसी कैडेट को प्रमाण पत्र देते न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी। ● अमृत विचार

### कैडेट्स ने गीत और नाटक के जरिये किया जागरूक

**हल्द्वानी :** हरेला उत्सव पर 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी एमबीजीपीजी कॉलेज के कैडेट्स ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने स्वागत गीत और नुक्कड़ नाटकों के जरिये पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के बारे में जागरूक किया। उच्च न्यायालय के तत्वावधान में हरेला उत्सव 31 जुलाई तक आयोजित होगा। इस मौके पर कैडेट प्रेरणा, प्रियंका बनकोटी, मनीष रावत, रिया बिष्ट, मंशी जोशी, मृणाल बोरा, रिया, नीतू मेहरा, एएनओ ज्योति टम्टा मौजूद रहे। अंत में सभी कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



जज फार्म में पौधों के साथ स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

### जजफार्म में हुआ निशुल्क पौधों का वितरण

**हल्द्वानी :** जन मिलन केंद्र जजफार्म में विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति ने पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की। पर्यावरणविद डॉ. आशुतोष पंत ने निशुल्क फलदार एवं औषधि युक्त पौधों का वितरण किया। समिति के लोगों ने संकल्प लिया कि पौधों को लगाने के साथ ही उनकी देखरेख भी की जाएगी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष विशंभर कांडपाल, पीसी पंत, हेम अवस्थी, कुलदीप पांडे, नारायण सिंह किरोला, भगवान सिंह बोरा, अनुपम जोशी, नीरज रावत, जीडी मुरारी मौजदू रहे।



डीके पार्क में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते व्यापारी।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

**हल्द्वानी :** मटरगली व्यापारी एसोसिएशन ने अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल में निर्वाचित हुए पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को डीके पार्क में स्वागत कार्यक्रम किया गया। इसमें अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली व महामंत्री अतुल गुप्ता ने कहा कि एसोसिएशन के सदस्यों को अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है। इनमें परविंदर सिंह नागपाल को नगर महामंत्री, इरशाद हुसैन सिद्दीकी को सचिव, विजय प्रकाश शर्मा को नगर उपाध्यक्ष, अमन केसरवानी को जीएसटी सलाहकार नियुक्त किया है। इस दौरान जाकिर हुसैन सिद्दीकी, प्रिंस गुप्ता, सौरभ सिंघल, लक्ष्मी नारायण, वकार अहमद, संदीप सक्सेना, परमजीत सिंह पम्मा आदि मौजूद रहे।

### पोस्टर से बालिका शिक्षा के लिए किया जागरूक

**हल्द्वानी :** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बालिका शिक्षा और महिला सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। देवलचौड़ क्षेत्र में कार्यकत्रियों ने दोनों विषयों पर पोस्टर बनाए और घर-घर जाकर लोगों को महिला सुरक्षा और बालिका शिक्षा का महत्व बताया। महिलाओं से कहा कि यदि किसी भी तरह का उत्पीड़न हो रहा है तो इसकी शिकायत पुलिस में करनी चाहिए। इस दौरान आशा नेगी, गीता देवी, सोनी दरम्वाल, नारायणी पाठक, सुनीता पाल, दीपा, खष्टी जोशी, पुष्पा जोशी मौजूद रहे।

### आज से लेंगे निगम क्षेत्र के खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत अब नगर निगम क्षेत्र के खिलाड़ी ट्रायल में भाग लेंगे। शनिवार से अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में ट्रायल शुरू होंगे जो चार दिन तक चलेंगे। ट्रायल में बैटरी टेस्ट में स्टैंडिंग जंप, 600 मीटर दौड़, 30 मीटर फ्लाई स्टार्ट, बैंड एंडी स्टीच, छह गुना 10 मीटर शटल रन होंगे। जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि ट्रायल सुबह आठ बजे से शुरू होंगे। आयोजन में उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, कोच मनीष वर्मा, गोविंद लटवाल, महेश बिष्ट, किरन मौर्या आदि रहेंगे।




छात्राओं के बनाए पोस्टर देखतीं निर्णायक डॉ. गीता व डॉ. रुचि।

### प्रतियोगिता में अंजली, नंदिता और रितिका ने बाजी मारी

**हल्द्वानी :** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय में नमामि गंगे के तहत हरेला पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शुक्रवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी नमामि गंगे डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता का शीर्षक सेव द नेचर सेव द फ्यूचर था। इसमें बीएससी प्रथम सेमेस्टर की अंजली प्रथम, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की नंदिता बोरा द्वितीय और बीए पंचम सेमेस्टर की रितिका बिष्ट को तीसरा स्थान मिला। पोस्टरों का मूल्यांकन रचनात्मकता और मौलिकता, विषय से प्रासंगिकता, दृश्य प्रभाव और समग्र संदेश और स्पष्टता के आधार पर किया गया। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि पोस्टर बनाने से छात्राओं के मन में विषयगत प्रकरण में अपने दृष्टिकोण को व्यक्त करने और कला व रचनात्मकता के माध्यम से अन्य को प्रेरित करने का मौका मिलता है। निर्णायक डॉ. गीत पंत तथा डॉ. रुचि रजवार रहे।

घटता जा रहा उत्पादन सहित खेती का रकबा, पंत विवि के सूत्रकृमि विशेषज्ञ डॉ. सत्य कुमार ने सरकार और किसानों को किया आगाह, बचाव के उपाय भी सुझाए

# राज्य में अमरूद की 28 प्रतिशत फसल खत्म कर दे रहे अदृश्य शत्रु

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार :** अमरूद में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी व पैक्टिन सहित अनेकों पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसलिए इसे आम आदमी का सेब भी कहा जाता है। परंतु अब अमरूद की फसल अदृश्य शत्रु (निमेटोड या सूत्रकृमि) की चपेट में है, जो धीरे-धीरे इसे खत्म करते जा रहे हैं। इससे इसका उत्पादन घटने के साथ ही खेती के रकबे में भारी कमी आ रही है।

उत्तराखंड में वर्ष 2023 में अमरूद खेती का कुल क्षेत्रफल 4.690 हजार हेक्टेयर और उत्पादन 37.698 हजार टन था, जो अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है। लेकिन वर्ष 2024 में इस फसल का रकबा घटकर 4.153 हजार हेक्टेयर और उत्पादन 21.747 हजार टन रह गया है। अमरूद की खेती में किसानों की रूचि कम होने के कई जैविक-अजैविक कारण हैं। इसमें उकठा रोग जटिलता (विल्ट डिजीज कांप्लेक्स) का प्रतिवर्ष बढ़ता संक्रमण प्रमुख है। यह रोग जड़गांठ सूत्रकृमि व लगभग 15 कवकों का जिम्मेदर माना गया है। इस रोग के चलते नए रोपे बागों में 15-20 प्रतिशत पौधे आठ साल तक पहुंचते -पहुंचते मर जाते हैं। ऐसी दशा में किसान स्वस्थ पौधे नहीं मिलने पर रोगी पौधे रोपित करता है या सूत्रकृमि व कवकनाशी रसायनों का प्रयोग करता है। जिससे उत्पादन लागत इतनी बढ़ जाती है कि किसान को कुछ नहीं बचता। किसान और नर्सरी व्यवसायियों को सूत्रकृमि की जानकारी नहीं होने से वह स्वस्थ पौधों के साथ सूत्रकृमि संक्रमित पौधे भी खरीद लेते हैं। यदि एक बार खेत में सूत्रकृमि का संक्रमण हो गया, तो इसे खेत से पूरी तरह नष्ट कर पाना असंभव होता है। बाजार में आजकल जो प्रभावी सूत्रकृमिनाशी रसायन उपलब्ध है, वह इतने महंगे हैं कि सबकी क्रय क्षमता से बाहर हैं।


नर सूत्रकृमि।


मादा सूत्रकृमि।


संक्रमित अमरूद के पौधे की जड़।

### क्या हैं सूत्रकृमि

**पंतनगर :** सूत्रकृमि सूक्ष्मदर्शी, बेलनाकार, त्रिस्तरीय, द्विपाश्र्व सममित, खंडहीन, छद्मगुहिका, अकशेरूकीय प्राणी है। जिसके अंदर चार मुख्य अधिचर्म रज्जु त्रिआरीय ग्रसनी परिग्रसनीय तंत्रिका रिंग होती है और श्वसन व परिसंचरण तंत्रों के लिए कोई विशिष्ट अंग नही होते। नर व मादा के प्रजनन अंग नलिकाकार होते हैं। सूत्रकृमि बिना सूक्ष्मदर्शी के नहीं देखे जा सकते। पृथ्वी पर इनकी लगभग पांच लाख प्रजातियां पाई जाती हैं। जिसमें से अब तक वैज्ञानिकों ने 20 हजार प्रजातियों की पहचान कर पाई हैं। इनमें से मात्र 15 प्रतिशत ही पादप परजीवी हैं।

### रोग के लक्षण

**पंतनगर :** उकठा रोग अमरूद की फसल के लिए अभिशाप है। प्रारंभ में इस रोग से ग्रस्त पेड़ों की शीर्ष टहनियों की पत्तियां हल्की पीली होकर मुड़ने लगती हैं और लाल होकर सूख जाती हैं। अंत में यह पत्तियां टहनियों से गिर जाती हैं। ऐसी शाखाओं पर पुन: पत्तियां व फूल नहीं आते हैं और अंत में पूरा पौधा सूख जाता है। इन पेड़ों की जड़ों मे जड़गांठ सूत्रकृमि के कारण घाव व गाठें देखी जा सकती हैं

### ऐसे करें रोग प्रबंधन

**पंतनगर :** पौध रोपण से पूर्व गड्ढों को गोबर की सड़ी खाद के साथ फ्लूएंसल्फान 2जी (निमिटज) या कार्बोफ्यूरान-3जी (फ्यूराडान 3जी) मिलाकर भर दें। भरे गड्ढों में कार्बेडाजिम या प्रोपीकोनाजोल की दो ग्राम दवा प्रति ली. पानी में घोल बनाकर मिट्टी को तर कर दें। इसके सात दिन बाद पौध रोपण करें। पेड़ों के बेसिन क्षेत्र में गेंदे का रोपड़ करने से जड़गांठ सूत्रकृमि का आक्रमण कम होता है। अमरूद की स्वस्थ पौध प्रमाणित संस्था से खरीदें।

"देश की विभिन्न फसलों में पादप परजीवी सूत्रकृमियों द्वारा प्रतिवर्ष पहुंचाई जाने वाली हानि 21.30 प्रतिशत है। सिर्फ अमरूद की फसल में सूत्रकृमियों से प्रतिवर्ष होने वाली हानि 28 प्रतिशत है। किसानों के लिए पंतनगर विवि में सूत्रकृमि की जांच नि:शुल्क की जा रही है। इसके लिए किसान डॉ. सत्य कुमार से उनके मोबाइल और व्हाट्सअप नंबर 7351206666 व 9368523470 पर संपर्क कर सकते हैं।"
**-डॉ. सत्य कुमार**, सूत्रकृमि विशेषज्ञ, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि पंतनगर

## शूटर मुराद से हुई पूछताछ में तीन लोगों की मिली संलिप्तता

▸▸ **अधिवक्ता प्रशांत गोलीकांड का मामला**

**रुद्रपुर:** अधिवक्ता प्रशांत गोलीकांड में गिरफ्तारी के बाद शूटर मुराद से हुई पूछताछ में तीन लोगों की संलिप्तता की बात सामने आई है। कारण गोलीकांड का प्रकरण यूके में बैठे सहज विर्क से जुड़ा है।

27 जून की दोपहर को सुनार गली गदरपुर निवासी अधिवक्ता प्रशांत सिंह को बाइक सवार दो युवकों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। गोलीकांड के बाद यूके में बैठे सहज विर्क ने घटना की जिम्मेदारी ली थी और बगवाड़ा निवासी महफूज को व्हाटसअप कॉल कर 15 लाख की रंगदारी भी मांगी थी। कारण प्रकरण अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर से जुड़ा होने के बाद पुलिस ने गोलीकांड के शूटर मुराद निवासी ग्राम बमनपुरा खजुरिया रामपुर यूपी को 14 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दूसरे शूटर सुलेमान ने यूपी में सरेंडर किया था। गुरुवार को पुलिस रिमांड में लिए गए शूटर मुराद से जब पुलिस ने पूछताछ की तो पुलिस को कई अहम सुराग मिले। साथ ही गोलीकांड के बाद शूटरों को मदद पहुंचाने वाले तीन लोगों की संलिप्तता पाई गई है।

# बाईपास के निर्माण से पर्यटकों और उद्यमियों को मिलेगा लाभ : रावत

## मंडलायुक्त दीपक रावत ने किया निर्माणाधीन रुद्रपुर बाईपास का निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**1152** करोड़ की लागत से होना है 20.64 किमी रोड का निर्माण
बाईपास पर दो आरओबी और छह पुल बनाए जाने हैं

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त दीपक रावत ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन रुद्रपुर बाईपास का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की गति पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश कार्यदायी संस्था एनएचएआई के अधिकारियों को दिए।

शुक्रवार को मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन रुद्रपुर बाईपास के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि रुद्रपुर बाईपास सड़क किच्छा रोड एनएच 74 से रामपुर रोड-काशीपुर रोड एनएच 87 से होते हुए सिडकुल के पास नैनीताल रोड को जोड़ेंगी। इस निर्माणाधीन रोड की कुल लम्बाई 20.64 किलोमीटर है। इसके निर्माण में कुल 1152 करोड़ रुपये धनराशि खर्च होगी। उन्होंने बताया कि बाईपास पर दो आरओबी और छह सेतु बनाये जाने हैं। उन्होंने बताया कि कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है, कार्य पूर्ण करने की अवधि जुलाई 2026 है, लेकिन कार्य को निर्धारित अवधि से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। वहीं निर्माणाधीन बाईपास रोड की जानकारी लेने के बाद मंडलायुक्त ने कहा कि बाईपास बनने से पर्यटकों को नैनीताल आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसके अलावा सिडकुल के उद्यमियों को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही रुद्रपुर शहर की जनता को शहर में आये दिन लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, परियोजना निदेशक एनएचएआई विकास मित्तल, मैनेजर मीनू आदि मौजूद थे।


मंडलायुक्त दीपक रावत को नक्शे से बाईपास की जानकारी देते निदेशक विकास मित्तल।

### जमरानी बांध प्रभावित लोगों के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण

**किच्छा :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने किच्छा अंतर्गत क्षेत्र में जमरानी बांध प्रभावित लोगों को प्राग फॉर्म गडरिया बाग में दी जाने वाली चिन्हित की गई भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि जमरानी बांध में प्रभावित 213 परिवारों को गडरिया बाग में प्रति परिवार एक एकड़ कृषि भूमि तथा 200 वर्ग मीटर आवास हेतु भूमि दी जाएगी। इसके लिए गडरिया बाग में 300 एकड़ भूमि सिंचाई विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है।

# धान उतारने को लेकर हुआ था विवाद


काशीपुर में गोलीकांड की घटना के बाद मंडी में लगी भीड़। ● अमृत विचार

**गोलीकांड**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गोलीकांड के मामले में आढ़ती विरेंद्र सिंह और दोनों पल्लेदारों का विवाद धान उतारने को लेकर हुआ। शुक्रवार सुबह दोनों पल्लेदारों नसीम व रियासत से आढ़ती विरेंद्र सिंह ने 17 रुपये बोरी का रेट तय किया था। जिस पर दोनों पल्लेदारों ने तय रेट के अनुसार एक ट्रॉली को भरना शुरू कर दिया। दोपहर में गर्मी बढ़ने पर एक पल्लेदार थोड़ा सुस्ताने लगा। जिस पर आढ़ती ने काम जल्दी निपटाने को कहा और गाली गलौज कर दी। इससे वहां बहस का माहौल हो गया और देखते ही देखते आढ़ती व पल्लेदारों में हाथापाई शुरू हो गई।


घायल नसीम।


घायल नजाकत।

### गुस्साई भीड़ के एकत्र होने से लगा जाम

**काशीपुर :** आढ़ती पुत्र द्वारा दो पल्लेदारों को गोली मारने पर वहां मौजूद अन्य पल्लेदारों ने कुछ देर के लिए काम बंद कर दिया और सभी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। जिससे मंडी गेट पर जाम लग गया। जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल खुलवाया।

"मंडी में धान को उतारने व चढ़ाने के दौरान एक आढ़ती विरेंद्र सिंह की वहां कार्य कर रहे दो पल्लेदारों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बाद में आढ़ती के पुत्र मोहित ने दोनों पल्लेदारों नसीम व नजाकत को अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। इसमें दोनों घायल हो गए हैं। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। आरोपी पिता-पुत्रों को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।" **-अभय सिंह**, एसपी काशीपुर।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2021 की रोल नं. 21143540 की उत्तीर्ण मार्कशीट वास्तव में गुम हो गई है। जिसका अन्य द्वारा उपयोग अवैध होगा। - **विकास गंगवार पुत्र सुनील कुमार, पृथ्वीपुर, थाना बहेड़ी, जिला बरेली (उ.प्र.)।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक का पिछला मूल विलेख जो कि सब रजिस्ट्रार किच्छा कार्यालय किच्छा में पंजीकृत है, जो बही संख्या-1, जिल्द 1729 के पृष्ठ 123 से 132 पर क्रंमाक 14414 दिनांक 27-12-2013 को रजिस्ट्रीकरण किया गया। रजिस्ट्रीकरण प्रकाश चंद्र सती पुत्र स्व मोहन चन्द्र सती, जवाहर नगर तह. किच्छा, जिला-ऊधमसिंह नगर के पक्ष में उक्त दस्तावेज के कुछ पृष्ठ कुछ दिन पूर्व घर से जाते समय रास्ते में कही खो गये, यदि किसी के द्वारा उपयोग किया गया तो वह अमान्य हो जाएगा। - **प्रकाश चन्द्र सती, जवाहर नगर पंतनगर, ऊधमसिंह नगर।**

# स्कूल से बालिका का अपहरण, युवक दबोचा

▸▸ **लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा, रिपोर्ट दर्ज**

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** स्कूल से पांच वर्षीय बालिका का एक युवक ने अपहरण कर लिया। युवक उसे मोटर साइकिल से लेकर जा ही रहा था कि रास्ते में लोगों ने बच्ची की चीख-पुकार सुनकर दबोच लिया।

थाना क्षेत्र के नगला गांव के प्राथमिक विद्यालय में गांव की ही पांच वर्षीय हरजोत कौर पढ़ने आई थी। इंटरवेल के समय सभी बच्चे खेल रहे थे। गांव के पूर्व प्रधान भुल्ली सिंह ने बताया कि एक युवक अपनी मोटर साइकिल से स्कूल पहुंचा। वह बच्ची का मुंह बंद कर मोटर साइकिल में बैठाकर फरार हो गया। बच्ची की चीख-पुकार सुन आसपास के लोगों ने स्कूल के अध्यापक को सूचना दी। इस पर अध्यापक ने वहां के लोगों की मदद से उसका पीछा किया तो पास के गांव बरकी डांडी के पास दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित बच्ची के पिता कुलविन्दर सिंह निवासी नगला ने आरोपी गुरप्रीत सिंह निवासी बरखेड़ी बाजपुर के विरुद्ध नामजद तहरीर सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सिंचाई नहर में मिला पंत विवि के ठेका कर्मी का शव

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी पाकेनाल निवासी विवि के ठेका कर्मी का शव सिंचाई नहर मैं मिला है। जिसका स्थानीय ग्रामीणों ने बगैर पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार भी कर दिया है।



बृहस्पतिवार को शांतिपुरी के पाकेनाल निवासी और जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के नगला डेरी फार्म में ठेका कर्मी राकेश कुमार उर्फ पप्पू पुत्र महादेव देर शाम तक वापस घर नहीं लौटा था। जिसके बाद शुक्रवार सुबह परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उसका शव पास की पाहा सिंचाई नहर से बरामद हुआ। देर शाम मृतक का स्थानीय ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के तीन बच्चे हैं, जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

# बैंक खाते में हेराफेरी, कांग्रेस नेता पर 21 लाख का बकाया डाला

संवाददाता, रुद्रपुर

▸▸ **कांग्रेस नेता ने बैंक प्रबंधक पर लगाया फर्जीवाड़ा का आरोप**

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता के खातों में हेरा फेरी कर लाखों रुपये का बकाया नोटिस देने का मामला सामने आया है, जबकि कांग्रेस नेता को इसकी कोई भनक नहीं लगी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बैंक प्रबंधक व कर्मचारियों पर सांठगांठ कर हेराफेरी करने का आरोप लगाया है।

ग्राम भगवानपुर निवासी कांग्रेस नेता कामेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि उनेके रुद्रपुर स्थित एक बैंक में दो खाते हैं, लेकिन वर्ष 2014 से सीसी और वर्ष 2017 से बचत खाते में कोई भी लेनदेन नहीं किया। 4 मई 2024 को बैंक द्वारा नोटिस भेजकर खाते को एनपीए करते हुए 21 लाख रुपये का बकाया दिखाया और सात दिन के अंदर रकम जमा करने का नोटिस थमा दिया। जबकि उसे इसकी कोई जानकारी भी नहीं है। जब पड़ताल की तो पाया कि बैंक मैनेजर ने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2014 से मनमाने तरीके से मार्च 2017 तक पांच लाख रुपये का लेनदेन किया गया, जबकि दूसरे खाते 13.64 लाख की निकासी दर्शायी है। आरोप था कि जब बैंक जाकर पूछा तो प्रबंधक ने अभद्रता की और धमकी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बैंक मैनेजर पर साथियों के साथ मिलकर खातों में हेराफेरी कर 21 लाख का बकाया निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

सतर्कता | बारिश के मौसम में डेंगू व अन्य संक्रामक बीमारियों के पांव पसारने का खतरा

# सीएचसी में डेंगू को लेकर अलर्ट, लगाए 10 बेड



सितारगंज, संवाददाता

**अमृत विचार:** बारिश के मौसम में डेंगू व अन्य संक्रामक बीमारियों ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। विभागीय अधिकारी भी तैयारी में जुट गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अलर्ट जारी होने के बाद डेंगू मरीजों के लिए 10 बेड सुरक्षित कर दिए गए हैं।

सितारगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच-पांच बेड रिजर्व किए गए हैं, हालांकि सितारगंज में अभी डेंगू का कोई मामला नहीं आया है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग डेंगू के डंक से निपटने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक लक्ष्मण सिंह बृजवाल ने बताया कि डेंगू वार्ड में मरीजों के लिए 10 बेड रिजर्व किए गए हैं, गनीमत ये है कि तहसील में अभी एक भी डेंगू का मरीज नहीं मिला है। लोगों से अपील है कि डेंगू के डंक से बचने के लिए खुद सावधानी बरतें।


सितारगंज के सीएचसी में तैयार किया गया डेंगू वार्ड। ● अमृत विचार

### डेंगू के ये हैं लक्षण

मच्छरों से डेंगू फैलता है। इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, त्वचा पर चेचक जैसे लाल चकत्ते पड़ जाते हैं। साथ ही मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होता है। नसों में रिसाव होता है। प्लेटलेट्स गिरने लगते हैं। डेंगू शाक सिंड्रोम है, जिससे रक्तचाप भी कम हो जाता है।

### ऐसे करें बचाव

- डेंगू फैलाने वाले मच्छर स्थिर साफ पानी में पनपते हैं, इसलिये पानी जमा न हो।
- कूलर, पानी का टंकी, बर्तन, फूलदान, नारियल का खोल व कटे टायर के पानी को खाली करें।
- बुखार अधिक समय तक रहे तो चिकित्सकीय सलाह जरूर लें।
- लक्षण महसूस होने पर पास के चिकित्सालय में खून की जांच कराएं।

## भूखंड बेचने के नाम पर हड़पे 17 लाख रुपये

**रुद्रपुर:** शिमला बहादुर में भूखंड विक्रय के नाम पर 17 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मांगलिक विहार शौकत गली रोड सिविल लाइंस रामपुर यूपी निवासी भूपकिशोर गंगवार ने बताया कि उसने राजस्व ग्राम शिमला बहादुर में 836.43 वर्ग मीटर भूमि 43 .59 लाख रुपये में खरीदी थी। इसके बाद विक्रेता को इकरारनामा बनाने के दौरान छह लाख रुपये और 20 अगस्त 2020 को 11 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। साथ ही रजिस्ट्री के दौरान पूरी रकम देने का आश्वासन दिया था। आरोप था कि 16 अगस्त 2021 को जब वह रुद्रपुर स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे तो भूखंड स्वामी नदारद रहे। कुछ दिनों बाद पता चला कि भूखंड विक्रेता का निधन हो गया। अब वर्तमान संपत्ति के मालिक से भूखंड की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया, तो रजिस्ट्री करने से इंकार कर दिया। आरोप था कि भूखंड स्वामी ने जहां 17 लाख रुपये हड़प लिए हैं। पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर प्रकरण की जांच कर 17 लाख रुपये वापस करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### नाबालिग से अभद्रता करने का मामला दर्ज

**खटीमा :** एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ नाबालिग से अभद्रता करने और तेजाब डालने की धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पास के ही एक गांव की महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव का ही युवक 6-7 महीने से राह चलते अभद्र टिप्पणी करता था। पीड़िता ने कहा कि कई महीने की हरकत से बाज न आने पर 16 फरवरी को इस युवक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से उसके हौसले बुलंद हैं। पीड़िता ने कहा है कि कुछ समय तक तक वह शांत रहा लेकिन 16 जून को बाजार से लौटते वक्त युवक ने बेटी का पीछा किया और जबरन उसका हाथ पकड़कर बात करने का दवाब बनाने लगा। जब बेटी ने विरोध किया तो तेजाब डालकर चेहरा जला देने की धमकी दी। इसके बाद बेटी का घर से बाहर निकलना बन्द हो गया है। आरोपी अभी भी कोई घटना कर सकता है। पीड़िता ने मामला दर्ज करने की गुहार की है। जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धरने पर बैठे दंपति ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**काशीपुर :** बीते लंबे समय से एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे ढकिया नंबर एक निवासी दंपति ने प्रशासन को आत्मदाह की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मांगें जल्द पूरी नहीं करने पर वह आत्मदाह को बाधित होंगे। शुक्रवार को धरने पर बैठे राजकुमार गिरी ने बताया कि ढकिया में उनकी करीब साढ़े चार एकड़ जमीन है। उनके खेत के पास करीब तीस मीटर नाला निकलता था। सात साल पहले कागजों में नाला बंद कर दिया गया। इस साल बारिश होने पर उनके खेत में पानी घुसने लगा, जिससे उनकी धान की फसल बर्बाद हो रही है। इस मामले को लेकर पड़ोसी किसान से भी उनका विवाद चला आ रहा है। बताया कि पहले भी बंद नाले को दोबारा चालू कराने और जमीन नाप कर देने के लिए डीएम कार्यालय पहुंचे थे। उस दौरान डीएम ने पानी निकासी के लिए पाइप लगाने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन अधिकारियों ने गलत जगह पर पाइप लगा दिए थे। बताया कि भूख हड़ताल पर बैठे-बैठे वह आत्मदाह कर लेंगे। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने तहसीलदार पंकज चंदोला को मौके का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि मुआयना करने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

सबसे अधिक 33 लाख का पुलिस विभाग पर ही पानी का बकाया, अब तक नहीं किया जमा

# पानी पीकर सरकारी विभागों ने दिखाया ठेंगा

कुंदन बिष्ट, काशीपुर



**अमृत विचार :** जहां आम जनता का बिल चुकता नहीं होने पर उन पर सख्त कार्रवाई कर दी जाती है तो वहीं अपने ही सरकारी विभागों पर लाखों का बिल बकाया होने के बाद भी अनदेखी की जाती है। कुछ यही हाल है जल संस्थान का। 47 लाख से अधिक का सरकारी बिल होने के बाद भी जल संस्थान केवल नोटिस देने तक ही सीमित है। इतना ही नहीं यह नोटिस आज से ही नहीं बल्कि वर्षों से चले आ रहे हैं।

जल संस्थान अपनी पाइप लाइनों से शहर को पीने का पानी उपलब्ध कराता है। इसमें कई सरकारी विभागों को भी पानी उपलब्ध कराया जाता है। पुलिस विभाग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी विभाग समेत अन्य विभागों में भी पानी की पाइप लाइन है। बताया जाता है कि चौकियों, थानों और कोतवाली के पानी के बिल का पेमेंट तो हो जाता है, लेकिन जिस सरकारी क्वार्टर में पुलिसकर्मी रहते हैं उसका पानी का बिल आज से नहीं बल्कि वर्षों से जमा नहीं हो रहा है। हर बार संस्थान कर्मी बिल का तकादा करने पहुंचते हैं तो पहले की जगह दूसरा कर्मी रहता हुआ पाया जाता है, ऐसे में पुराना बिल देख वह पुलिसकर्मी भी बिल चुकता करने से मना कर देता है। यही कारण है कि अब तक पुलिस विभाग पर 33 लाख 15 हजार 240 रुपये का पानी का बकाया है। कुछ यही हाल निगम के सरकारी भवन में रहने वाले कर्मियों का भी है। निगम पर भी करीब 12 लाख 33 हजार 956 रुपये का पानी का बिल बकाया चल रहा है। डिजाइन सेंटर, पीडब्ल्यूडी पर भी करीब 1 लाख 64 हजार रुपये का बिल बकाया चल रहा है। जल संस्थान के विभागीय अधिकारियों के मुताबिक सरकारी विभाग होने पर वह आरसी तो नहीं काट सकते, लेकिन समय-समय पर नोटिस जरूर भेज रहे हैं। ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि इतना बिल होने के बावजूद भी जल संस्थान पानी की सप्लाई क्यों बरकरार रखा हुआ है।

> सरकारी विभागों पर बकाया चल रहा है। संस्थान द्वारा उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। चौकियों, थानों और कोतवाली का बिल जमा हो रहा है, लेकिन सरकारी क्वार्टर में रहने वाले पूर्व पुलिस कर्मियों ने बिल जमा नहीं किए हैं। जिससे संस्थान को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। -नरेंद्र रिखाड़ी, एई, जल संस्थान, काशीपुर

# पुलिस सुरक्षा के बीच प्रेमी युगल ने एसडीएम कोर्ट में की शादी

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** एसडीएम कोर्ट में नानकमत्ता क्षेत्र के अलग-अलग समुदाय के प्रेमी युगल ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत एसडीएम कोर्ट में पहुंचकर शादी की। प्रेमी जोड़े ने कुछ महीने पहले तहसील में शादी के लिए आवेदन किया था। तनाव को देखते हुए यहां भारी फोर्स तैनात की गई थी।

नानकमत्ता क्षेत्र के सिख समाज से ताल्लुक रखने वाले युवक और मुस्लिम समुदाय से आने वाली युवती में कुछ समय से प्रेम संबंध था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। दोनों अलग-अलग समुदाय से थे इसलिए परिवार वाले राजी नहीं थे। इसके बाद दोनों ने एसडीएम कोर्ट में स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी के लिए आवेदन किया था। इसके बाद एसडीएम ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर आपत्ति मांगी थी। आपत्ति नहीं आने पर दोनों की शादी को हरी झंडी मिल गई। शुक्रवार को दोनों एसडीएम कार्यालय में शादी करने पहुंचे तो युवती के पिता ने यह कहकर आपत्ति लगाई कि इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। इसके अलावा आपत्ति भी निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं थी। इस पर एसडीएम ने आपत्ति खारिज करते हुए शादी को मंजूरी दे दी। इसके बाद प्रेमी जोड़े ने शादी रचा ली। तनाव को देखते हुए एसडीएम कार्यालय में पुलिस फोर्स तैनात रही।



तहसील परिसर में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

# काशीपुर में अतिक्रमण पर चली नगर निगम की जेसीबी

## 50 से अधिक अतिक्रमणों को हटाया, फड़ व्यापारियों को दिए सख्त निर्देश, रामनगर रोड, नगर निगम समेत कई स्थानों पर चलाया अभियान



काशीपुर में रामनगर रोड से अतिक्रमण हटाने पहुंचे नगर आयुक्त विवेक राय व एसडीएम अभय प्रताप सिंह।



काशीपुर में मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाती निगम की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए शुक्रवार को नगर निगम व प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने एक जेसीबी, दो ट्रैक्टर, निगम कर्मी और पुलिस जवानों के साथ रामनगर रोड से अभियान की शुरुआत की। इसमें सड़कों के किनारे बने फुटपाथ व नालों पर बने अतिक्रमण पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने 50 से अधिक अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। साथ ही अतिक्रमण करने वाले छह लोगों का चालान काटने की कार्रवाई की है।

शुक्रवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह व नगर आयुक्त विवेक राय के नेतृत्व में शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत रामनगर रोड से की गई। इसमें रामनगर रोड स्थित निर्माणाधीन आरओबी के पास सड़क किनारे नाला पाटकर फड़ लगा रहे दुकानदारों को हटाया गया। जबकि पक्के दुकानदारों को 15 दिन के भीतर आरसीसी से पाटे गए नाले के ऊपर जाल डालने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने कहा कि ठेलों के एक स्थान पर रहने से यातायात व्यवस्था बाधित होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने सड़क किनारे ठेला लगाने वाले दुकानदारों को एक स्थान पर न रुकने को कहा है। उधर नगर निगम रोड पर अतिक्रमण अभियान शुरू होते ही दुकानों के बाहर सामान फैलाने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इस बीच नगर निगम ने सड़कों पर सामान फैलाकर अतिक्रमण करने वाले छह लोगों का चालान काटने की कार्रवाई करते हुए 28 सौ रुपये जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की है।

### नगर आयुक्त ने प्याऊ को ठीक करने के दिए निर्देश

**काशीपुर :** अतिक्रमण अभियान के दौरान शुक्रवार को रोड पर लगे प्याऊ को लेकर स्थानीय फड़ व्यापारियों व लोगों ने शिकायत की। उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से प्याऊ खराब होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर आयुक्त विवेक राय ने प्याऊ को जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए हैं।

### तहसीलदार ने चलाया अभियान

**काशीपुर :** तहसीलदार पंकज चंदोला ने नगर निगम की टीम के साथ रतन रोड, मुख्य बाजार की नगर निगम रोड, तहसील रोड, नई सब्जी मंडी रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

> शहर में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण को हटाने के साथ ही अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। अतिक्रमण को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा। **-अभय प्रताप सिंह**, एसडीएम, काशीपुर।

### चेक बाउंस के आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**काशीपुर:** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत ने चेक बाउंस के दो मामलों में एक आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। पार्वती कॉलोनी मानपुर रोड निवासी देवराज सिंह ने खड़कपुर देवीपुरा की वैशाली कॉलोनी निवासी सचिन शर्मा के 9 लाख 40 हजार उधार लिये थे। इसी तरह मुख्य बाजार में एक फर्म के स्वामी सुमित कुमार से 12 लाख रुपये का सामान उधार लिया था। उक्त मामले में सचिन शर्मा व सुमित कुमार अरोरा को रुपये के एवज में देवराज सिंह ने 9 लाख 40 हजार व 12 लाख रुपये के चेक दिये थे। जोकि बैंक में लगाने पर बाउंस हो गये थे जिसके बाद सचिन शर्मा व सुमित ने अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से नोटिस भेजकर न्यायालय में परिवाद दायर किया। जिसमें देवराज सिंह हाजिर नहीं हुआ। जिसके बाद सचिन शर्मा व सुमित के अधिवक्ता सूरज कुमार ने अदालत में देवराज सिंह के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कराने का निवेदन किया। इस पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत ने देवराज सिंह के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर थानाध्यक्ष को आरोपी को गिरफ्तार करने का आदेश जारी किया है।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

संवाददाता, रुद्रपुर

**फैसला**

- अश्लील फोटो बनाकर करता था छात्रा को ब्लैकमेल
- एसटीएससी पॉक्सो ने सुनाया अपना फैसला

**अमृत विचार:** थाना सितारगंज इलाके की रहने वाली नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के दोषी को बीस साल कठोर कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड देने की सजा हुई है। एफटीएससी पॉक्सो की अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना निर्णय दिया।

विशेष लोक अभियोजक उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना सितारगंज निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी का वर्ष 2015 से सितारगंज का रहने वाला युवक सागर हल्दार पीछा करता रहता है। प्यार का इजहार करने पर बेटी ने पढ़ाई करने की बात कहते हुए इंकार कर दिया। आरोप था कि वर्ष 2016 में युवक ने बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसाया और घुमाने के बहाने रुद्रपुर स्थित अपने किराए के मकान में ले गया। जहां आरोपी ने बेटी को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो भी खींची।

बताया कि इस घटना की जानकारी तब हुई जब आरोपी ने बेटी के सहेली के मोबाइल पर फोटो वायरल की। किशोरी से पूछे जाने पर पता चला कि युवक ने धोखा देकर उसकी अश्लील फोटो खींची और ब्लैकमेल कर जबरन दुष्कर्म करता रहा। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रकरण की सुनवाई एफटीएससी पॉक्सो एवं अपर सत्र न्यायाधीश संगीता रानी की अदालत में हुई।

जहां विशेष लोक अभियोजक रमेश कुमार गुप्ता ने अदालत के सामने आठ गवाह पेश किए और अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद दुष्कर्म के दोषी सागर हल्दार को 20 साल कठोर कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई। जहां आदेशित किया कि अर्थदंड में से 40 हजार और प्रशासन एक लाख रुपये की धनराशि पीड़िता को दे।

### दो लाख उधार नहीं देने पर दामाद को बेरहमी से पीटा

**रुद्रपुर :** गांव दानपुर में ससुरालियों ने दो लाख रुपये उधार नहीं देने पर दामाद को बेरहमी से पीट दिया। आरोप था कि पत्नी ने भी अपने पति को धमकी देकर रकम की मांग की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव दानपुर निवासी करण कुमार ने बताया कि वह आवास-विकास में कपड़े की छोटी दुकान चलाकर अपने परिवार की आजीविका चलाता है। बताया कि हल्दूचौड़ लालकुआं के रहने वाले ससुर और साला पिछले एक माह से दो लाख रुपये उधार देने का दबाव बना रहे हैं। आरोप था 17 जुलाई को दोपहर एक बजे पत्नी ने फोन कर घर आने को कहा। जब वह घर पहुंचा तो देखा कि ससुर व साला पुन: पैसा मांग रहे थे। जब इंकार कर दिया तो बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया और घर में भी तोड़फोड़ की। धमकी दी कि यदि रकम नहीं दी तो अगली बार जान से जाएगा।

# खनन रास्ते को लेकर दो पक्षों में बढ़ा विवाद

**मामला**

- ग्राम ब्रह्मनगर के ग्रामीणों की तरफ से रास्ता बंद किए जाने से बढ़ा विवाद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ग्राम ब्रह्मनगर के ग्रामीण जहां गांव के रास्ते से खनन वाहनों को गुजरने न देने की जिद पर अड़े हैं, वहीं ग्राम गुलजारपुर जगतपुर के खनन व्यापारियों ने धरने पर बैठे ग्रामीणों से वार्ता करने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों में विवाद बढ़ता देख पुलिस की तरफ से मामला शांत कराया गया। वहीं रास्ते के बंद होने से प्रभावित क्रशर स्वामियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपना मांग पत्र एसडीएम अभय प्रताप सिंह को सौंपा। मामले में एसडीएम की तरफ से जल्द मामले में रास्ते की पैमाइश कराने ओर उचित रास्ता निकालने का आश्वासन दिया गया।

ग्राम ब्रह्म नगर से होकर गुजरने वाले खनन वाहनों के संचालन से स्थानीय लोगों ने सड़क हादसों को लेकर गांव का रास्ता खनन वाहनों के निकलने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। मामले को लेकर शुक्रवार को ग्राम गुलजारपुर के स्टोन क्रशर स्वामियों व इससे जुड़े व्यापारियों ने एसडीएम अभय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांग करते हुए कहा कि ग्रामीणों ने मेन रोड पर धरना प्रदर्शन कर आम रास्ते को जाम कर दिया है। जिस कारण हमारे स्टोन क्रशरों का माल इधर उधर नहीं जा रहा है तथा ग्राम के लोगों को भी आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जबकि धरना प्रदर्शन करने वाले लोगों का किसी भी प्रकार से न तो डंपरों के चलने से रास्ता अवरुद्ध हो रहा है और ना ग्रामीण जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी हो रही है। स्टोन क्रशर मालिकों से बिना किसी बात के रंजिश रखते हैं और हमें आर्थिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश में लगे हुए हैं। यह पिछले 60 सालों से चल रहा आम रास्ता है। ऐसे में आम रास्ता बंद होने 19 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है।



काशीपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते स्टोन क्रशर स्वामी व व्यापारी।

**हंगामा** 24 घंटे में मांग पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी

# कॉलेज में सीटें बढ़ाने को लेकर की तालाबंदी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए, बीकाम, बीएससी में प्रवेश के लिए सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने कालेज में तालाबंदी कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही प्रभारी प्राचार्या डा.रीता सचान को ज्ञापन देकर 24 घंटे में मांग पूरी न होने की दशा में क्रमिक अनशन एवं इसके बाद भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को महाविद्यालय पहुंचे छात्रसंघ पदाधिकारियों व विद्यार्थियों ने तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही मांग के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की गई। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्या डॉ. रीता सचान को ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि बीए, बीकाम, बीएससी में प्रवेश के लिए सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर कई बार मौखिक व लिखित ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक इस संबंध में किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लिया गया है जिसके चलते विद्यार्थियों में रोष है। प्रवेश न मिल पाने के कारण विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं, जोकि अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। ज्ञापन में 24 घंटे के अंदर मांग पूरी न होने की दशा में क्रमिक अनशन शुरू करने व इसके पश्चात जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी गई है। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट, सचिव आदर्श कुमार,विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल सिंह, कला संकाय अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा, अनुज, डैनिस अगेस्टिन, विशाल यादव, आदित्य पांडेय, विशाल कश्यप, अभिषेक दीक्षित, संजना मौर्य, सलोनी, राखी, साहिबा, काजल, सुदीक्षक, फैजान, अनज, अकाश आदि मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से महाविद्यालय में पुलिस व पीएससी तैनात रही।



बाजपुर डिग्री कॉलेज में तालाबंदी व प्रदर्शन करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# भूरारानी फायरिंग प्रकरण में आठ लोगों पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

- 16 जुलाई की देर रात्रि की है घटना, युवक पर किया था जानलेवा हमला

**अमृत विचार:** भूरारानी फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने युवक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आठ नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। युवक का आरोप था कि हमलावरों ने तीन जगह पर गोली चलाकर उसे मारने का प्रयास किया। जिससे उसका परिवार खौफजदा है।

भूरारानी वार्ड-32 निवासी सीता देवी ने बताया कि 16 जुलाई की रात्रि 10 बजे उसका बेटा शिव कुमार अपने दोस्त राजू के साथ घर लौट रहा था। फ्लाईओवर के समीप घात लगाए बैठे फतेह, संदीप, रोहित, संदीप कुमार, राहुल सिंह, करण सिंह निवासी बिंदुखेड़ा और बादल साहनी, रोहित साहनी निवासी भूरारानी ने पहले धारदार हथियार से हमला शुरू कर दिया। जब वह जान बचाकर भागा तो तमंचे से गोली चलाई। इसके बाद उसने एक कॉलोनी में छिपकर जान बचाई और थोड़ी देर बाद पुनःभागने की कोशिश की तो हमलावरों ने दूसरा फायर लाल सिंह के घर के सामने व तीसरा हवाई फायर भूरारानी दुर्गा कॉलोनी जय लाल के घर के सामने किया। इसके बाद हमलावर रात्रि साढ़े 12 बजे उसके घर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। जहां तमाम महिलाएं भी खड़ी हुई थी, लेकिन हमलावरों के पास तमंचे, तलवार व धारदार हथियार थे। जिस कारण गांव के लोग भयभीत हो गए। पीड़ित युवक की मां ने हमलावरों से बेटे की जान को खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृत्तमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

## संपादकीय

# रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्तेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं,जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेस से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है,लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरल्युंकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युंकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युंकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरल्युंकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिश्मेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकाडर्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया,लेकिन इन रिकाडर्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है,लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकेस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है,जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

## प्रसंगवश

# पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था,लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते,हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी,जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे,वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी,जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

# चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था,लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई,जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी,लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं,उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है,प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है,लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती,लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए,लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा,लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है,ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा का उद्देश्य

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं,जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं,जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं,जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है,उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है,जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। **-फेसबुक वॉल से**

# जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा,ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है,खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे,जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए? प्राथमिकताआओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं,जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

# धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने,अधिकांश ने,उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है,उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं,जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है,यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ.भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख,सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है,जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है,जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया,लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं,शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया,जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर बिना सर्जन के नियुक्त किया एनेस्थेटिस्ट

## सीएचसी का जीर्णोद्धार तो हो गया लेकिन लोगों को नहीं मिल पा रहीं सुविधाएं, रेफर सेंटर बना अस्पताल

एक्सक्लूसिव

अतुल शर्मा, सितारगंज

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक एवं काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा के अथक प्रयासों से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार तो हो गया, परंतु विभागीय लापरवाही के चलते सरकारी धन का दुरुपयोग होने के साथ ही विकासखंड की जनता को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सीएचसी में विभाग ने मरीजों की बड़ी सर्जरी करने से पूर्व उन्हें अचेत करने वाले चिकित्सक की नियुक्ति तो कर दी परन्तु छह माह का समय बीत जाने के उपरांत भी सर्जन की नियुक्ति नहीं की गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सर्जन की गैरमौजूदगी में अस्पताल में किसी की सर्जरी ही नहीं होगी तो एनेस्थेटिस्ट अपनी सेवा किसे प्रदान करेगा। स्वास्थ्य विभाग की इस घोर लापरवाही से क्षेत्र की एक लाख से ज्यादा जनता को आज भी बड़े आपरेशन आदि के लिए प्राइवेट




अस्पतालों के महंगे इलाज को बोझ उठाना पड़ रहा है। जिससे सीएचसी के विस्तारीकरण को लेकर देखे गए स्वप्न की पूर्ति अभी काफी दूर नजर आ रही है। जबकि काबीना मंत्री के प्रयासों के बाद स्थानीय सिडकुल की एक निजी कंपनी ने करोड़ों रुपये लगाकर अस्पताल में लगभग हर बड़े अस्पताल की तरह सारी सुविधाएं प्रदान कर दी हैं, लेकिन सर्जन की नियुक्ति न होना स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही को दर्शा रहा है।

बताते चलें कि सीएचसी के नए भवन के निर्माण से पूर्व अस्पताल में चिकित्सकीय उपकरणों व स्टाफ की कमी के चलते लंबे समय तक सीएचसी रेफर सेंटर बना रहा। सुविधाओं के अभाव के चलते जटिल बीमारियों से जूझ रहे मरीजों व दुर्घटनाओं में गंभीर घायल लोगों को तत्काल दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता था। जिससे कई मरीजों के रास्ते मे ही दम तोड़ देने के मामले सामने आते रहे। जनता की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए काबीना मंत्री बहुगुणा ने सिडकुल की बालाजी कंपनी से संपर्क कर अस्पताल के जीर्णोंद्धार करवाने की पहल करवाई। जिसके उपरान्त बालाजी एक्शन कंपनी ने करीब तीन करोड़ रूपयों की लागत से अस्पताल के नए भवन का निर्माण कराकर आपातकाल को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर विभाग को हस्तान्तरित कर दिया। जिससे क्षेत्र की जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य लाभ मिल सके। जिसके बाद सीएचसी में चिकित्सकों को तैनाती की गई। इसी क्रम में विभाग ने वर्ष 2023 अक्टूबर माह में संजय कूत को एनेस्थेटिस्ट के पद पर नियुक्त कर दिया। जिनका कार्य बड़ी सर्जरी तथा आपरेशन से पूर्व मरीजों को एनएसथिसिया देकर बेहोश करने का रहता है। लेकिन उनकी नियुक्ती के बाद अभी तक सीएचसी में सर्जन की नियुक्ति नही की गई है। अब सोचनीय बिंदु है कि जब अस्पताल में सर्जन ही मौजूद नही है। जिस कारण किसी की सर्जरी या आपरेशन होना ही सम्भव नही है। ऐसे में एनेस्थेटिस्ट की नियुक्ति का क्या लाभ है। जबकि पूरे उत्तराखंड में विभाग के पास गिनती के ही एनेस्थेटिस्ट उपलब्ध हैं।

# दबाव पड़ा तो पूर्व डीएसओ ने कार्यालय में जमा की फाइलें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला पूर्ति कार्यालय में राशन वितरण में गड़बड़ी के बाद अब विगत दिनों हाईकोर्ट के आदेश के बाद देहरादून से संबद्ध किए गए पूर्व डीएसओ का अपने साथ विभाग की दुकान अनुभाग से संबंधित पांच महत्वपूर्ण फाइलें लेकर जाने का मामला सामना आया है। फाइलों को लेकर जिलाधिकारी स्तर से दबाव पड़ा तो पता चला कि चार दिन पहले ही पूर्व डीएसओ फाइलें जिलाधिकारी कार्यालय में वापस दे गए हैं।

खाद्य उपायुक्त व डीएसओ विपिन कुमार से पहले रुद्रपुर में डीएसओ श्याम आर्या तैनात थे। नये डीएसओ ने जब चार्ज लिया और अनुभाग कर्मियों से दुकान अनुभाग की पांच फाइलें मांगी तो वह कार्यालय में नहीं थी। जब फाइलों की खोजबीन हुई तो पूर्ति लिपिक मुन्ना लाल ने बताया कि ये फाइल एडीएम नजूल के कार्यालय में हैं। बाद में पता चला कि ये वे फाइलें नहीं हैं जिनकी खोजबीन की जा रही है। फाइलें पूर्व डीएसओ अपने घर लेकर चले गए हैं। फाइलों को लेकर जब जिलाधिकारी स्तर से दबाव पड़ा तो चार दिन पूर्व वे फाइलें डीएम कार्यालय में दे गये। खाद्य उपायुक्त विपिन कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी स्तर से दबाव पड़ने के बाद पूर्व डीएसओ चार दिन पूर्व फाइलें दे गए हैं।

## एक्सपायर डेट की खाद्य सामग्री बांटने पर मामला दर्ज

**खटीमा :** खाद्य पूर्ति निरीक्षक ने आपदा पीड़ितों को एक्सपायर डेट की खाद्य सामग्री बांटने पर ठेकेदार व दुकानदार के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। पूर्ति निरीक्षक हयात सिंह बुंगला ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर जारी निविदा की चार जून को नीलामी की कार्रवाई हुई। इसमें आरिफ इंटरप्राइजेज खटीमा द्वारा न्यूनतम कोटेशन के पक्ष में स्वीकृत की गई। सात और आठ जुलाई को हुई अतिवृष्टि के बाद पीड़ित परिवारों को राशन किट तैयार किए जाने को आरिफ इन्टर प्राइजेज को निर्देशित किया गया। पीड़ित परिवारों को उपलब्ध करायी जा रही कुछ राशन किटों में एक्सपायरी डेट वाला खाद्य तेल पाया गया। ठेकेदार ने बताया कि उक्त तेल राम किराना स्टोर द्वारा उपलब्ध कराया गया है। पूर्ति निरीक्षक ने ठेकेदार आरिफ इन्टरप्राइजेज खटीमा और राम किराना स्टोर के स्वामी शंकर लाल गुप्ता के विरुद्ध मामला दर्ज कराया।

## सार-संक्षेप



गदरपुर में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान को सम्मानित करते लोग।

### पुलिस टीम को किया गया सम्मानित

**गदरपुर :** मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करने पर थानाध्यक्ष एसओजी के अलावा पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। शुक्रवार को बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर में बैठक आयोजित की गई। दो सप्ताह पूर्व मंदिर में चोरों ने मूर्तियों पर लगे लाखों के छत्र चोरी कर लिए थे। थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी टीम ने 10 दिन में खुलासा कर दिल्ली से आरोपितों और उनसे माल खरीदने वालों को गिरफ्तार कर लिया। सनातन धर्म मंदिर अध्यक्ष वेदराज बजाज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान एसओजी और पुलिस कर्मियों को शाल और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुडडी ने कहा पुलिस टीम द्वारा 10 दिन में खुलासा करने पर लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र छाबड़ा, धर्मचंद खेड़ा, सुरेश खुराना, जगमोहन बजाज, राजकुमार सिंधी, सोमनाथ छाबड़ा, लेखराज नागपाल, कृष्ण लाल बत्रा, संजय खेड़ा, राजू शर्मा आदि मौजूद थे।

### उपचार के दौरान वृद्ध की मौत, हंगामा

**खटीमा :** खेलड़िया के वृद्ध की उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। इसकी खबर लगते ही गांव के लोगों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा काटा और एसडीएम को ज्ञापन देकर 20 लाख का मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया। बुखार से पीड़ित खेलड़िया निवासी राम अवतार (63) को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। मरीज की मौत की खबर मिलते ही गांव के लोग भी अस्पताल में पहुंच गए। ग्रामीणों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना दिया और ज्ञापन सौंपकर मुआवजा और चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इस अवसर पर योगेंद्र कुमार, इकाई कुमार, राजेंद्र प्रसाद, संदीप कुमार, जगदीश कुमार, छोटेलाल, रमाकांत आदि मौजूद थे।



राम अवतार।

### शारदा नहर में कूदे युवक का शव बरामद

**खटीमा :** बीते दिवस बाईपास पतली पुलिया से शारदा नहर में कूदने वाले युवक का शव पुलिस को पावर हाउस की जाली में फंसा हुआ बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। गुरुवार शाम को शारदा पावर हाउस लोहियाहेड के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति बाईपास पतली पुलिया से शारदा नहर में कूद गया है। सूचना पर उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो शारदा नहर बायपास पर एक मोटरसाइकिल यूके06एडी-8681 खड़ी थी। पुलिस को नंबर प्लेट के आधार पर ई-चालान मशीन में चेक करने पर वाहन स्वामी का नाम रवि अग्रवाल और मोबाइल नंबर मिल गया। जानकारी लेने पर पता चला कि सक्षम गुप्ता (18) पुत्र दीपक गुप्ता निवासी शिव कॉलोनी उनकी दुकान पर काम करता है। उनसे मोटर साइकिल लेकर तहसील में स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाने की बात कह कर वह करीब चार बजे गया था। पुलिस को शुक्रवार को सुबह शव शारदा नहर के जाल में फंसा हुआ बरामद हुआ। पुलिस ने शव को निकालकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।



सक्षम गुप्ता।



खटीमा में श्रम कार्यालय पर महिलाओं की समस्या सुनते ब्लॉक प्रमुख।

### ब्लॉक प्रमुख ने पहेनियां में फसलों के नुकसान को देखा

**खटीमा :** ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने पहेनियां में ट्रंचिंग ग्राउंड के फैले कूड़े से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। बाद में उन्होंने श्रम विभाग कार्यालय पहुंचकर लोगों को आ रही दिक्कतों का जायजा लिया। श्रम विभाग के कार्यालय में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख नामधारी को वहां एकत्र महिलाओं ने बताया कि वह अपना काम कराने के लिए छह माह से चक्कर लगा रहे हैं। ब्लाक प्रमुख नामधारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने को कहा। इस दौरान रविंद्र सिंह राणा, गुरप्रीत सिंह आदि थे। ब्लॉक प्रमुख नामधारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों और एसडीएम रविंद्र बिष्ट से दूरभाष पर वार्ता कर जल्द से जल्द खराब हुई फसल का सर्वे कर किसानों को मुआवजा दिए जाने को कहा। इस अवसर पर सुभाष राणा, पूर्व प्रधान भुवन सिंह राणा, अमर सिंह राणा, वीर सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।



जसपुर में पौधरोपण करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ता।

### तहसील परिसर में किया पौधरोपण

**जसपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हरेला पर्व उपलक्ष्य में शुक्रवार को तहसील परिसर एवं सेंट्रल वेयरहाउस आदि स्थानों पर पौधरोपण किया गया। टीम नंबर 15 से पैनल अधिवक्ता राजवीर सिंह पीएलवी वीर सिंह गौतम, मुनेश कुमारी, लता देवी, संगीता रानी आदि मौजूद रहे।

### निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी का हुआ गठन

**सितारगंज :** नानकमत्ता साहिब की ओर से शुक्रवार को एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें कमेटी यह जांच करेगी कि गिरफ्तार युवक ने किसी के कहने, बरगलाने या अन्य किसी लालच में आकर तो नहीं गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतियां को नुकसान पहुंचाया है। इधर कमेटी की ओर से गुरु दीप चौहान ने बताया कि कमेटी पूरे मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से जांच कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।

उत्तराखण्ड शासन
मित्रता सेवा सुरक्षा
कांवड मेला - 2024

वाहनों हेतु यातायात डायवर्जन प्लान
कांवड मेला-2024 हरिद्वार

सामान्य दिनों में हरिद्वार आने वाले वाहन-दिल्ली/मेरठ/मुजफ्फरनगर/मंगलौर से
- हरियाणा/पंजाब/हिमाचल प्रदेश/सहारनपुर/छुटमलपुर/देहरादून से
- देहरादून,ऋषिकेश से नेपाली तिराहा, रायवाला से
- नैनीताल,नजीबाबाद श्यामपुर से
- हरियाणा/पंजाब से नजीबाबाद/मुरादाबाद की और जाने वाले वाहन : मु. नगर बाईपास-बिलासपुर-नजीबाबाद/मुरादाबाद की और जायेंगे।

कांवड वाहनों का हरिद्वार आने का मार्ग
- दिल्ली-मेरठ-मु0 नगर से हरिद्वार आने वाले वाहन: मु0 नगर-मंगलौर-नगला इमरती-लण्ढौरा-लक्सर-एस.एम. तिराहा-बैरागी कैम्प पार्किंग
- दिल्ली से देहरादून/ऋषिकेश जाने वाले वाहन: रामपुर तिराहा-देवबन्द-छुटमलपुर-देहरादून/ऋषिकेश।
- यमुनानगर से हरिद्वार आने वाले वाहन: भगवानपुर-बिझौली-नगला इमरती-लक्सर-एस.एम. तिराहा-बैरागी पार्किंग।
- बैरागी कैम्प पार्किंग मे पार्क किये गये सभी प्रकार के वाहनों की निकासी: श्मशानघाट पुल-श्रीयंत्र पुल-बूढीमाता तिराहा-देशरक्षक-सिंहद्वार-सर्विस लेन एन.एच.-344
- मुरादाबाद/नजीबाबाद की और से आने वाले वाहन: चिड़ियापुर-4.2 तिरछा पुल-नीलधारा/गौरीशंकर पार्किंग
- देहरादून से ऋषिकेश से आने वाले वाहनों हेतु: नेपाली तिराहा-सप्तऋषि-लालजीवाला पार्किंग

रोडवेज वाहनो हेतु यातायात प्लान
- दिल्ली/मेरठ/हरियाणा/पंजाब की रोडवेज बसें ऋषिकुल पार्किंग में पार्क की जायेंगी।
- नैनीताल/मुरादाबाद/बिजनौर की ओर से आने वाली रोडवेज बसें नीलधारा/गौरीशंकर पार्किंग में पार्क की जायेंगी।
- देहरादून/ऋषिकेश पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली रोडवेज बसें मोचीचूर पार्किंग में पार्क की जायेंगी।

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

@DIPR_UK
#ExploreUttarakhand

कांवड यात्रा के दौरान क्या करें
- हरिद्वार आने वाले पैदल कांवड यात्री कांवड पटरी (नहर पटरी) का ही प्रयोग करें।
- कांवड यात्री अपना पहचान पत्र (डी.एल., आधार कार्ड) साथ अवश्य रखें
- अपना वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खडा करें अन्यथा एम.वी. एक्ट की कार्यवाही की जायेगी।
- उठाईगिरों/जेबकतरों से सावधान रहें।
- वाहन में बैठे कांवड यात्रियों की सूची एवं यात्रा विवरण अपने वाहन में अवश्य लगायें।
- निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें, अन्यत्र स्नान करने पर दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है।

कांवड यात्रा के दौरान क्या न करें
- कांवड यात्रा के दौरान अपने साथ (हाकी, बेसबाल, स्टिक, तलवार, नुकीले भाले, लाठी, डंडे आदि) लेकर न आयें।
- मादक द्रव्य पदार्थों (शराब, चरस, गांजा, सुल्फा) का सेवन न करें।
- कांवड यात्रा में चलने वाले जुगाड वाहन प्रयोग न करें।
- कांवड की ऊँचाई अधिकतम 7 फीट से ऊँची न रखें।
- कांवड यात्री रेल की छतों पर यात्रा न करें।
- पुलों से छलांग लगाकर स्नान न करें नहीं तो जान-माल का नुकसान हो सकता है।
- कांवड में डीजे/लाऊडस्पीकर आदि का प्रयोग न करें। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करें।
- संदिग्ध/लावारिस वस्तु को न छुएं उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।
- किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही फैलायें।
- हरिद्वार में प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग न करें।
- कांवड यात्रा के दौरान अपनी मोटर साईकिल का साईलेन्सर उतारकर न चलायें।

For more detail please Scan QR Code

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR



# छात्रवृत्ति पाने के लिए खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## जिले भर में मुख्यमंत्री उदीयमान छात्रवृत्ति के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, बच्चों ने कई प्रतियोगिताओं में लिया भाग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान काशीपुर में तीन स्थान उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज, कुंडेश्वरी व अमर झंडा में प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

शुक्रवार को आयोजित मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन खंड शिक्षा अधिकारी डीके साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नैतिक व विभाकर बडोला अव्वल रहे। जबकि बालिका वर्ग में हिमांशी, शशि, शुभि चौहान, सुनाक्षी, संजना कुमारी अव्वल रहे। उधर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवलालपुर में हुई प्रतियोगिता में बाल वर्ग 10 से 11 वर्ष में आदित्य यादव अव्वल रहे, 11 से 12 आयु वर्ग में कासिम प्रथम व हर्ष द्वितीय, 12 से 13 आयु वर्ग में देव प्रथम, अश्विन द्वितीय, जबकि 13 से 14 आयु वर्ग में अरमान प्रथम व नैतिक द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में 10 से 11 आयु वर्ग में अक्शा प्रथम व करूणा द्वितीय, 11 से 12 आयु वर्ग में अनम प्रथम भावना द्वितीय, जबकि 13 से 14 आयु वर्ग में रेनू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं न्याय पंचायत कुंडेश्वरी में बालक वर्ग में 8 से 9 आयु वर्ग में अंश बिष्ट ने प्रथम, 9 से 10 आयु वर्ग में वैभव ने प्रथम व आयुष ने द्वितीय, 10 से 11 आयु वर्ग में यशवर्धन ने प्रथम व श्रेयांश ने द्वितीय, 11 से 12 आयु वर्ग में हर्षित बिट ने प्रथम व यश कुमार ने द्वितीय, 12 से 13 आयु वर्ग में करन नेगी ने प्रथम व प्रियांशु ने द्वितीय, 13 से 14 आयु वर्ग में आदित्य ने प्रथम व दीपक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में 8 से 9 आयु वर्ग में रितिका यादव ने प्रथम, 9 से 10 आयु वर्ग में राधिका ने प्रथम व कनिष्का ने द्वितीय, 10 से 11 आयु वर्ग में आरती ने प्रथम व शखी ने द्वितीय, 11 से 12 आयु वर्ग में दिव्यांशी ने प्रथम व मानवी ने द्वितीय, 12 से 13 आयु वर्ग में सुहानी ने प्रथम व गुंजन ने द्वितीय, 13 से 14 आयु वर्ग में सोनाक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


काशीपुर में रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते खंड शिक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

### सितारगंज में चयन ट्रायल में 40 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**सितारगंज :** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के नगर पालिका स्तरीय ट्रायल शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सितारगंज में संपन्न हुए। विद्यालय में आयोजित चयन ट्रायल में करीब 40 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति के लिए लाभदायक है। इस मौके पर सुनील पाठक, अमित, डॉ. लोकेश गंगवार, रमेश जोशी, कुलदीप, दिनेश गंगवार, वेद प्रकाश आदि उपस्थित रहे।


सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित चयन ट्रायल में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### बाजपुर में भी बच्चों ने मारा मैदान

**बाजपुर :** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत (नगर पंचायत स्तर) प्रतिस्पर्धा का शुक्रवार को आयोजन बेरिया रोड स्थित जीनियस ग्लोबल अकादमी में किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी व स्टेडियम प्रभारी रघुवीर सिंह विर्क, ब्लाक समन्वयक डोरी लाल, निर्देशिका रेखा पासी, विद्यालय के चेयरमैन पूर्व सांसद बलराज पासी, प्रधानाचार्य योगेश सक्सेना, कृष्ण कुमार शर्मा, प्रीति, संजीव कुमार गुप्ता, गणेश आर्या, दिनेश चौहान, हेमंत गोस्वामी, विपिन, अर्जुन सिंह, आकाश रावत, अर्शदीप सिंह, अभिषेक राणा, रंजीत राणा, मो .आरिफ, सुनैना ग्रोवर आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेते बच्चे।

### गूलरभोज से चार छात्राओं का चयन

**गूलरभोज :** एएनके इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के तहत आयोजित प्रतियोगिता में चार छात्राओं का चयन किया गया। शुक्रवार को एएनके इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता का प्रधानाचार्य नीरज कुमार मौर्य ने शुभारंभ किया। निर्णायक की भूमिका अमित चौहान, धर्म सिंह मेहता, परमजीत सिंह व देव सिंह ने निभाई।


गूलरभोज में दौड़ में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

## सार-संक्षेप

### खाद्य आपूर्ति, कृषि और वन मंत्री से मिले विधायक कापड़ी

**खटीमा।** उपनेता सदन और विधायक भुवन कापड़ी ने देहरादून में खाद्य आपूर्ति मंत्री रेखा आर्य को ज्ञापन सौंपकर पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ से हुई तबाही का बयान करते हुए आपदा प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलवाने की बात रखी। कापड़ी ने जिन परिवारों के घर का राशन बह गया है उन्हें सस्ते गल्ले की दुकान से एक वर्ष का राशन निशुल्क दिए जाने की बात भी रखी। बाद में वह कृषि मंत्री गणेश जोशी से भी मिले और ज्ञापन सौंप आपदा के कारण किसानों की फसलों व भूमि का जो नुकसान हुआ है, उसके लिए कृषि अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित कर जल्द स्थलीय निरीक्षण कर बाजार मूल्य पर उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की। उन्होंने वन मंत्री सुबोध उनियाल को भी ज्ञापन सौंपकर वन सीमाओं से लगे क्षेत्रों में आपदा के कारण जो नदी नाले, सड़कें व पुल आदि ध्वस्त हुए हैं उनकी मरम्मत व पुनर्निमाण करने की बात कही।


खाद्य आपूर्ति मंत्री को ज्ञापन सौंपते कापड़ी।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने भेजी बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री

**खटीमा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के जिला मुख्यालय से उपाध्यक्ष सीएमओ मनोज शर्मा, सचिव हरेंद्र मलिक और चेयरमैन परवीन अरोड़ा ने खटीमा के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है। सोसायटी के खटीमा के चेयरमैन विमल कुमार ने बताया कि राहत सामग्री 40 बर्तनों के सेट, 20 कंबल और 15 तिरपाल भेजी गई हैं। इस अवसर पर अमित सक्सेना, एसीएमओ शैलेंद्र प्रताप सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, भीम त्रिपाठी आदि मौजूद थे।



जसपुर इनरव्हील क्लब की नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब की जसपुर कार्यकारिणी का गठन

**जसपुर।** इनरव्हील क्लब की जसपुर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके लिए डॉ. छवि वर्मा को अध्यक्षा, पूजा अग्रवाल को उपाध्यक्षा, सुरभि अग्रवाल को सचिव, मनीष बंसल को कोषाध्यक्ष, शिवांगिनी अग्रवाल को आईएसओ, सीमा अग्रवाल को मीडिया प्रभारी चुना गया तथा चारू अग्रवाल, निशी अग्रवाल, प्रिया गर्ग, प्राची गर्ग, सीमा गर्ग को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मुख्य अतिथि अर्चना अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि श्वेता अग्रवाल व आदि अग्रवाल ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त पदाधिकारियों को कॉलर पहनाया गया तथा अतिथियों का स्वागत किया गया।


नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली को ज्ञापन सौंपते वार्डवासी।

### नगर पंचायत क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**शक्तिफार्म।** नगर पंचायत क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व सभासद के पति रमेश राय एवं वार्डवासियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। रमेश राय एवं वार्ड वासियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में लोग बंदरों से परेशान हैं। इन्हें पकड़कर जंगलों में छोड़ा जाए। सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्हें गौशाला में छोड़ने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रकाश मंडल, अजय सरकार, राकेश दास, सुनील, संजय मंडल, दिलीप तालुकदार, मनोज सुतर, गोविंद, असरफी लाल, सुरेश आदि मौजूद थे।

## राणा प्रताप कॉलेज में एसएमसी का गठन

**खटीमा।** राणा प्रताप इंटर कालेज में छठवीं से 8वीं कक्षा के बच्चों के अविभावकों की बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के विभिन्न पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। बैठक में प्रधानाचार्य रविंद्र प्रकाश पंत ने बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। शिक्षक देवकी नंदन परगांई ने एमडीएम एवं हिन्दी विषय के शिक्षण के बारे में बताया। हरीश चंद्र मठपाल ने एसएमसी के गठन की प्रक्रिया एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गुप्ता अध्यक्ष, रूबी सागर उपाध्यक्ष, प्रधानाचार्य रवीन्द्र प्रकाश पंत सचिव, विकास रस्तोगी, राजवेन्द्र राना, नवीन चन्द्र, अनिल कुमार, भगवती प्रसाद जोशी, गंगा देवी, कविता, रोशनी कश्यप, दीपा, नीतू शर्मा को सदस्य चुना गया।

## सरकार की अनदेखी से शिक्षण-शोध प्रभावित

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय आज प्रदेश सरकार की अनदेखी का शिकार है। पंडित गोविंद बल्लभ पंत द्वारा स्थापित इस विवि ने अपने उत्कृष्ट शोध और शिक्षण से देश ही नहीं विदेशों को भी विलक्षण प्रतिभाशाली वैज्ञानिक, इंजीनियर और प्रशासक दिए हैं। लेकिन आज यह विवि अपनी अकल्पनीय उपलब्धियों और अमूल्य योगदान के साक्ष्य ढूंढ़ने की कोशिश कर रहा है। यह बात राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष और पंतनगर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (पूटा) अध्यक्ष डॉ. प्रमोद मल्ल ने कही। अमृत विचार संवाददाता से विशेष बातचीत में डॉ. मल्ल ने कहा कि जीबी पंत विवि देश के पहले कृषि विवि के रूप में जाना जाता है। लेकिन आज दुर्भाग्यवश इस विवि को दूसरे विश्वविद्यालयों से सीखने की सलाह या उनके आदेशों का पालन करने की नसीहत दी जा रही है, जो दूर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों तक में सातवें वेतन आयोग के एरियर का भुगतान कर दिया गया, लेकिन प्रदेश सरकार पंतनगर कृषि विवि में सातवें वेतनमान का भुगतान करने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है। विवि में शिक्षकों की अनेक समस्याएं व्याप्त हैं। इससे यहां शिक्षण, शोध और प्रसार के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## नहरों की सफाई का मुद्दा उठाया

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बदहाल सड़कों के निर्माण और नहरों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने एवं सफाई का मुद्दा उठाया गया।

शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख पूनम रानी की। जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं को नोडल अधिकारी मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी और उप जिलाधिकारी गौरव पांडे के सामने रखा। कोपा के ग्राम प्रधान मनोज देवराडी ने सिंचाई विभाग द्वारा काफी समय से नहरों की सफाई न किए जाने की बात रखी। उनका कहना था कि नहरों की सफाई न होने से नहर का ओवरफ्लो पानी किसानों के खेतों में जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब विभाग नहरों की सफाई नहीं करवा पा रहा तो उसे किसानों से लगान अपासी नहीं लेनी चाहिए। मोतियापुरा के बीडीसी सदस्य सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि मोतियापुरा कॉलोनी में पानी की निकासी न होने से बरसात का पानी घरों व खेतों में रुक जाता है जिससे फसल को काफी नुकसान हो रहा है। ग्राम सभा ढीमरखेड़ा के ग्राम प्रधान दिलशाद हुसैन, धीमरी ब्लॉक की ग्राम प्रधान पूजा राजपूत, ग्राम पंचायत अलखदेवा की ग्राम प्रधान कवलजीत कौर ने भी समस्याएं रखीं। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अतिया परवेज, ब्लॉक प्रमुख पूनम रानी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख टिप्सन नरूला, सुरबाला मंडल, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष कमलजीत कौर, ग्राम प्रधान कवलजीत कौर, कौशल विश्वास, मीरा मालिक, सुनील मंडल, महेश प्रसाद, मनोज देवराडी मौजूद थे।



बीडीसी बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करतीं ब्लॉक प्रमुख पूनम रानी।

## चिकित्सा शिविर में 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के डॉ. भूपेंद्र प्रसाद लकी की देखरेख में भूड़ महोलिया के आंगनबाड़ी केंद्र पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में चिकित्सकों ने डेंगू और चिकनगुनिया के लक्षण, उपचार बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी। टीम ने शिविर में पहुंचे 150 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम की कंचन भारती, ललित तिवारी, कलावती पांडे, रवीना आदि शामिल रहे।


खटीमा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।


शिविर के दौरान मौजूद संस्थान की संयोजक डॉ. सीमा अरोरा व अन्य।

### योग केंद्र में तीन दिवसीय निशुल्क शिविर संपन्न

**रुद्रपुर :** हार्टफुलनेस संस्थान की ओर से आयोजित योग केंद्र जैन मंदिर में तीन दिवसीय ध्यान शिविर संपन्न हो गया है। इस दौरान 25 प्रतिभागियों को गृहस्थ जीवन में आसानी से अपनाई जा सकने वाले योग का अभ्यास कराया गया। शुक्रवार को शिविर के दौरान हार्टफुलनेस रुद्रपुर केंद्र की संयोजक डॉ. सीमा अरोरा और वीना ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से यौगिक प्राणाहुति से युक्त रिलेक्शेसन, ध्यान, रिजुविनेशन और अंतर्मन से जुड़ने की सरलीकृत तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर अरविंद, गजेंद्र पाल, एमपी अवस्थी, विपिन त्रिपाठी, डॉ .आरबी सिंह, रजनी गुलाटी, आदि का विशेष योगदान रहा। किरण, सुगंधा, उमा, पवन, लखपत, राजेश ग्रोवर, सुभाष नारंग मौजूद रहे।

प्रक्रिया

अध्यक्ष पद पर तीन, महामंत्री पद पर पांच तथा कोषाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में, मतदाता सूची में दर्ज की गईं सात आपत्तियां

## व्यापार मंडल के चुनाव में तीन पदों पर 10 प्रत्याशियों का नामांकन

- अवैध पाए जाने पर तीन वोट किए गए निरस्त
- 20 जुलाई को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की स्थिति हो जाएगी साफ

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन पदों पर 10 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा कर चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है। अध्यक्ष पद पर तीन, महामंत्री पद पर पांच तथा कोषाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों ने चुनाव मैदान में उतारने का मन बनाया है। हालांकि 20 जुलाई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वास्तविक स्थिति साफ होगी। आगामी 25 जुलाई को मतदान के बाद देर शाम वोटों की गिनती के बाद विजयी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा ने बताया कि 19 जुलाई की सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र जमा करने की घोषणा की गई थी तथा अब 20 जुलाई को शाम 4 बजे से 7 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद पर गुलशन सिंधी, अमन मदान एवं दानिश रिजवी, महामंत्री पद पर जगरूप सिंह गोल्डी, शिवकुमार मित्तल, अंकुर शर्मा, मोहम्मद अदनान एवं रियाज मलिक तथा कोषाध्यक्ष पद पर नीरज बजाज एवं दलजीत सिंह ने 51- 51 सौ रुपये की जमानत राशि अदाकार नामांकन पत्र जमा कराया है। मतदाता सूची के संबंध में आपत्ति दर्ज किए जाने के सवाल पर चुनाव अधिकारी गाबा ने बताया कि सूची के अनुसार 2788 वोट बनाए गए थे लेकिन इस बीच व्यापारियों द्वारा सात आपत्तियां दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि आपत्तियां दर्ज होने के बाद समिति द्वारा मतदाता व्यापारी के दस्तावेजों की जांच के बाद तीन वोट अवैध पाए गए हैं जिसके चलते समिति ने सर्वसम्मति से इन्हें निरस्त कर दिया। जबकि चार वोट सही पाए गए हैं। बताया कि आपत्ति निस्तारण के बाद अब फाइनल सूची के अनुसार 2785 वोटर व्यापार मंडल के चुनाव में अपने वोट का उपयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को चुनाव संचालन समिति की 7 सदस्यीय टीम सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया के समय तथा मतदान के स्थान का निर्णय कर लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापारियों को जानकारी उपलब्ध कराएगी।


किच्छा में जानकारी देते चुनाव संचालन समिति सदस्य। ● अमृत विचार

### प्रत्याशियों ने जुलूस निकालकर कराया नामांकन

**किच्छा।** व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रबल दावेदार गुलशन सिंधी ने दर्जनों समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थन में पहुंचे दर्जनों व्यापारियों ने फूल मालाएं पहनाकर गुलशन सिंधी का स्वागत कर समर्थन का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व व्यापार मंडल चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी तमाम समर्थकों के साथ चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा के प्रतिष्ठान पर पहुंचे और अपना नामांकन पत्र जमा कराया। इस मौके पर एनयू खान, अक्षय बावा, रिजवान निक्की, दुर्गेश गुप्ता, हरीश खानवानी, मनोज सिंधी, राजू सेतिया, उमेश अग्रवाल, ताराचंद, पंकज पपनेजा, रमन शर्मा, राजीव आहूजा, गौरव अरोरा, विक्की कालरा, मुकेश फुटेला आदि मौजूद रहे। इधर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दानिश रिजवी ने तमाम समर्थनों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर अब्दुल रशीद जक्कू, कांग्रेसी नेता अरुण तनेजा, डिंपी अरोरा, अखिलेश सिंह, खालिद इकबाल अहमद, शादाब खान, जावेद खान, नदीम अहमद, तस्लीम खान, इसरार खान आदि मौजूद रहे। इधर कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी नीरज बजाज, दलजीत सिंह एवं महामंत्री पद पर शिवकुमार मित्तल, जगरूप सिंह गोल्डी सहित अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

### भाजपा नेता राजीव सक्सेना ने किया सिंधी का समर्थन

**किच्छा।** व्यापार मंडल चुनाव में अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे भाजपा नेता राजीव सक्सेना ने प्रत्याशी गुलशन सिंधी को समर्थन देने की घोषणा कर दी। नगर पालिका परिषद के नामित सभासद राजीव सक्सेना द्वारा लगातार व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर दावेदारी की जा रही थी। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी शुक्रवार की सुबह तमाम समर्थकों के साथ उनके निवास पर पहुंच गए और समर्थन देने की अपील कर चुनाव न लड़ने का आग्रह किया। भाजपा नेता सक्सेना ने आग्रह को स्वीकार करते हुए प्रत्याशी गुलशन सिंधी को समर्थन देने का ऐलान कर दिया।


किच्छा में नामांकन करते अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी। ● अमृत विचार

## शांति भंग की आशंका के चलते 26 लोग पाबंद

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर प्रशासन ने भी कमर कस ली है। प्रशासन ने चुनाव में टकराव की स्थिति के दृष्टिगत व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता सहित दोनों पक्षों के 26 लोगों को चिन्हित कर उन्हें शांति भंग की आशंका के चलते पाबंद कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उप जिलाधिकारी को पुलिस द्वारा रिपोर्ट प्रेषित करने के बाद अब पाबंद किए गए 26 लोगों के खिलाफ नोटिस भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। व्यापार मंडल के तमाम पदाधिकारियों के खिलाफ नोटिस जारी की प्रक्रिया शुरू होने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल, जिला कोषाध्यक्ष विनीत जैन, चुनाव संचालन समिति सदस्य सतपाल गाबा, रामबाबू प्रधान, राजेंद्र अरोड़ा, प्रकाश गोयल, लियाकत अंसारी, विनोद फुटेला, महादेव अग्रवाल के अलावा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुलशन सिंधी, मनोज सिंधी, उमेश अग्रवाल, अक्षय बावा, दीप हंसपाल तथा दूसरे पक्ष के निवर्तमान नगर अध्यक्ष राजकुमार बजाज, निवर्तमान महामंत्री विजय कुमार, निवर्तमान कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह, प्रमोद ठुकराल, हर्ष खुराना, सुमित तनेजा, मन्नू मेंहदीरत्ता, सौरभ सिंह, कमलेश दुबे, दीप हंसपाल के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

## एक नजर

### आंचल दूध उपभोक्ताओं को छूट पर मिलेगा घी

**अल्मोड़ा ।** आंचल दूध उपभोक्ताओं को अब मिल्क एटीएम वाहन में छूट के साथ घी भी उपलब्ध होगा। दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश चंद्र खोलिया ने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए यह सुविधा शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को राहत देते हुए घी के दामों में भी कटौती की गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार से 350 मिली घी 325 रुपये और 1000 मिली घी 645 रुपये में उपलब्ध रहेगा।

### एक हफ्ते के लिए समर्थ पोर्टल खोलने की मांग

**अल्मोड़ा :** एसएसजे परिसर में छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एबीवीपी मुखर हो गया है। शुक्रवार को संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कुलपति को ज्ञापन सौंपकर समर्थ पोर्टल को पुन: खोलने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि 18 जुलाई को हुए उत्तराखंड बोर्ड के 12 वीं में बैक वाले विद्यार्थियों की परीक्षा हुई है। ऐसे में ऐसे छात्रों के लिए पोर्टल एक सप्ताह के लिए खोला जाए। कहा कि समर्थ पोर्टल में रजिस्ट्रेशन में पाठ्यक्रम परिवर्तन व विषय परिवर्तन का स्थान उपलब्ध हो इस सुविधा को महाविद्यालय परिसर व विश्वविद्यालय स्तर पर उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीटों की उपलब्धता के आधार पर बीएससी, बीकॉम, बीकॉम और बीएफए में सीटों की बढ़ोत्तरी की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में परिसर अध्यक्ष रोहित कुमल्टा, भारतेंदु कांडपाल, राहुल कुमार, सौरभ दीक्षित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### घंटी चोरी का खुलासा न होने से व्यापारियों में आक्रोश

**लोहाघाट :** नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के मुख्य गेट से घंटी चोरी होने के मामले का तीन दिन बाद भी खुलासा न होने पर व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों ने पुलिस ने घंटी चोरी का शीघ्र खुलासा जल्द से जल्द करने की मांग की है। सतीश मुरारी, मनीष जुकरिया, शेखर उप्रेती, विक्की ओली, अमित जुकरिया, बृजेश माहरा, पप्पू वर्मा आदि का कहना है कि मंगलवार रात हनुमान मंदिर के मुख्य गेट में टंगी करीब सात किलो वजनी घंटी चोरों ने उड़ा ली। घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। कहा कि कुछ समय से नगर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगा था, लेकिन फिर से इस प्रकार की वारदात शुरू हो गई है। उन्होंने रात के समय बाजार में पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की है। इधर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए टीमें लगाई गई हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास समारोह का आयोजन

**टनकपुर :** राजकीय महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए अभिविन्यास समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कालेज से जुड़ी जानकारी विभाग प्रभारियों द्वारा दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व प्राध्यापकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन कर रहे डॉ. एसके कटियार ने सभी से अनुशासन बनाए रखने को कहा। प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी ने सभी से पठन पाठन और भविष्य के प्रति जागरूक रहने को कहा। डॉ. पंकज उप्रेती ने सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ी जानकारी दी। डॉ. सुमन कुमारी ने करियर काउंसिलिंग, डॉ.अब्दुल शाहिद ने परीक्षा, सुल्तान सिंह ने क्रीड़ा, डॉ. डीबी सिंह ने पुस्तकालय, सुषमा मक्कर ने एनएसएस के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा विजय डालाकोटी, विमल जोशी, होशियार सिंह, किरन दानू ने संबंधित विषय विभाग की जानकारी दी।

# आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया आतंकी गुलदार, राहत

## बीस से अधिक लोगों को कर चुका है घायल, स्वास्थ्य परीक्षण के बाद रेस्क्यू सेंटर भेजा

- **कैनाइन टूटने से नहीं कर पा रहा था जंगली जानवरों का शिकार इंसानों पर था हमलावर**

संवाददाता, टनकपुर


पिंजरे में कैद हुआ आतंकी गुलदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले ढाई साल से आतंक का पर्याय बना गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के कैद होने की खबर के बाद दहशत के साये में जी रहे लोगों ने राहत की सांस ली है।

बताया जाता है कि यह वही गुलदार है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के सूखीढांग से लेकर आठवें मील तक कई दोपहिया वाहन चालकों पर लगातार हमला कर रहा था। बूम रेंज के रेंजर गुलजार हुसैन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब छह बजे आठवें मील के पास लगे पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। वन कर्मी पिंजरे सहित गुलदार को ककराली गेट वन विभाग के लीसा डिपो में लाए। जहां चिकित्सकों ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गुलदार को चिकित्सकों की देखरेख में ही उपवन क्षेत्राधिकारी पुष्कर दत्त भट्ट के नेतृत्व में रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। जहां उसकी गतिविधियों का पता लगाया जाएगा। रेंजर ने बताया कि गुलदार की उम्र सात से आठ साल की है तथा वह नर है। उसके दो कैनाइन में से एक पूरी तरह टूटा है तथा दूसरा आधा बचा हुआ है। जिससे यह जंगली जानवरों का शिकार करने में सक्षम न होने के कारण इंसानों पर हमला कर रहा था। उन्होंने बताया कि यह वही गुलदार है जो विगत ढाई वर्षों से टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवारों पर हमला कर रहा था। अब तक यह राजमार्ग पर 20 से अधिक बाइक सवारों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका है। कुछ समय पूर्व यह क्षेत्र में गश्त कर रहे वन दरोगा रेवाधर जोशी पर भी हमला कर चुका है।

गुलदार के पिंजरे में कैद होने से बूम रेंज की टीम ने भी राहत की सांस ली है। इसके आतंक से टनकपुर से चम्पावत आने-जाने वाले लोगों के साथ स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत बनी हुई थी। गुलदार के आतंक को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग को उसे कैद करने के निर्देश दिए थे। कैद गुलदार को टनकपुर लाने वाली टीम में दोगाड़ी रेंजर आरसी जोशी, भरत नेगी, अजय अधिकारी, रेवाधार जोशी, गिरीश जोशी, प्रियंका बिष्ट, मोनिका आदि शामिल रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से डेढ़ लाख की ठगी

**अल्मोड़ा :** देहरादून स्थित एक स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर देघाट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विकासखंड के ग्राम पपड़िया निवासी तहरीर में बताया कि बीते एक माई को उनके फोन पर अमन गुप्ता नाम के एक व्यक्ति का फोन आया। नौकरी डाट कॉम का हवाला देते हुए उसे भरोसे में ले लिया। आरोपी ने उन्हें गुरुनानक स्कूल मसूरी देहरादून में पीटीआई के पद पर नौकरी दिलाने की बात कही। बताया कि साक्षात्कार के लिए आरोपी ने उनसे 18 सौ रुपये मांगे। इसके बाद आरोपी ने खाता नंबर व यूपीआई अकाउंड 110092211725 आईएफसी सीएनआरबी 0018625 जो जोनिस कुमार नाम कैनरा बैंक से प्रदर्शित हो रहा था उसमें मैंने अपने बैंक खाते से 1 लाख 48 हजार 930 रुपये डाल दिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उनके साथ धोखा किया है। इधर, पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी जोनिस कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ताड़ीखेत में शुरू हुईं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रद्धानंद खेल मैदान ताड़ीखेत में हुआ। प्रतियोगिता के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी रोशन लाल टम्टा, सह संयोजक रोजी नायर प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रानीखेत द्वारा किया गया।

ब्लॉक क्रीडा समन्वयक डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट ने बताया 8 से 14 वर्ष तक की आयु वर्ग बालक और बालिका जिन्होंने 11 न्याय पंचायत में प्रत्येक आयु वर्ग में प्रथम और दूसरा स्थान प्राप्त किया था ने प्रतिभाग किया। फ्लाइंग स्टार्ट, स्टेंडिंग ब्रॉड जंप, मेडिसिन बॉल थ्रो, शटल रन ,फॉरवर्ड बैंड एंड रीच, रन बैट्री टेस्ट के माध्यम से विभिन्न आयु वर्गों में 76 प्रतिभागियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ टीम प्रभारी और अभिभावक भी उपस्थित रहे। ब्लॉक ताड़ीखेत से चयनित 72 प्रतिभागी जिला स्तर के लिए प्रतिभाग करेंगे। निर्णायक के रूप में चंदन सिंह मेहरा, राजीव खाती, मनमोहन देव, अजय चंद, राहुल त्यागी, गीता शर्मा, ममता जोशी, धर्मेश सिंह, सुनील कुमार, कृतिका जोशी, कविता शर्मा, दीप पंत, प्रताप सिंह नेगी, यशोदा कांडपाल, मृदुला कुमारी, भगवती बिष्ट, मोहनी नेगी, देवेंद्र राम, हरीश सिंह, सिद्धार्थ पांडे, शादाब, कुवर पपनै, दिलीप गिरी गोस्वामी आदि ने सहयोग दिया।

### बाइक चोरी में मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा ।** नगर के पांडेखोला के पास के बाइक चोरी मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित गोविंद सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उन्होंने पांडेखोला स्थित लक्ष्मेश्वर बाईपास के पास सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ी की थी। मंगलवार देर रात चोर उनकी बाइक ले उड़े। उन्होंने पुलिस से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। इधर, तहरीर मिलने के बाद पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार्य बहिष्कार से मरीज हलकान

- **दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर पांचवें दिन भी कार्यबहिष्कार पर रहे कार्मिक**
- **जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी**

संवाददाता, अल्मोड़ा


मांगों को लेकर अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दो सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मियों का कार्य बहिष्कार पांचवे दिन जारी रहा। कर्मियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मांग पूरी नहीं होने तक कार्य बहिष्कार पर रहने की चेतावनी दी।

इस दौरान कार्मिकों ने कहा कि बीते तीन माह से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे उनके समक्ष परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। वहीं, लगातार के मांग के बाद भी कार्मिकों के पदों को सृजित नहीं किया गया है। जिससे कार्मिकों में भारी रोष व्याप्त है।

उधर, कार्मिकों के कार्यबहिष्कार से मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पटरी से उतर गई है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने स्वास्थ्य सुविधा को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था कर काम चला रहा है। इधर, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने दूसरे दिन भी कार्मिकों को अपना समर्थन दिया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से जल्द कार्मिकों की समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई। यहां हिमांशु कनवाल, हेम जोशी, प्रकाश सिंह, रोहित शैली, राकेश बिष्ट, भूपेंद्र भोज, देवेंद्र कर्नाटक समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## फरार बस चालक पर मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा :** अंतरराज्यीय बस अड्डे में रोडवेज बस की टक्कर से सफाई कर्मचारी की मौत मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है। कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि एनटीडी वाल्मीकि बस्ती निवासी विकास कुमार उर्फ विक्की पुत्र शिवदत्त गुरुवार दोपहर रोडवेज वर्कशॉप में रोडवेज बस संख्या- यूके07 पीए 4306 की सफाई-धुलाई कर रहा था। इसी दौरान रोडवेज बस संख्या- यूके 07 पीए 4449 के चालक ने खड़ी बस को टक्कर मार दी। बस को टक्कर लगते ही विकास बस के नीचे कुचल गया और उसकी मौत हो गई।

# खाई में गिरी कार, दो लोग घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सेराघाट सड़क पर एक कार गहरी खाई में जा गिरी ।जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को रेस्क्यू कर पीएचसी धौलछीना पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गुरुवार को वाहन संख्या यूपी-14-


सेराघाट के पास खाई में गिरा वाहन।

एफजे-8154 अल्मोड़ा से बनकोट की ओर जा रही था। सेराघाट के पास देर रात कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। दुर्घटना में वाहन में सवार धीरज सिंह (46) पुत्र रतन सिंह और अजय बनकोटी (55) पुत्र किशन बनकोटी, दोनों निवासी बनकोट, जिला पिथौरागढ़ घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने खाई में गिरी कार से घायलों को रेस्क्यू कर प्राथमिक स्वास्थ्य धौलछीना पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# टनकपुर-चम्पावत एनएच 4 घंटे बंद रहा

- **स्वाला, धौन और बेलखेत में बार-बार आ रहा है मलबा**
- **चूका गांव में भारी बारिश से अदरक की फसल हुई चौपट**

संवाददाता, टनकपुर


टनकपुर चम्पावत राजमार्ग में आए मलबे को हटाती जेसीबी।


राजमार्ग खुलने के बाद खतरे के बीच गंतव्य को जाते वाहन।

**अमृत विचार:** टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के कई हिस्सों में बार-बार आ रहे मलबे से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो रहा है। शुक्रवार को तीसरे दिन भी यह मार्ग पूरे 4 घंटे तक बंद रहा, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कत उठानी पड़ी। वहीं दूसरी ओर टनकपुर जौलजीबी मोटर मार्ग के गांव चूका में भी भारी वर्षा से किसानों की अदरक व अन्य फसले बर्बाद हो गई है जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

शुक्रवार को सुबह करीब 6 बजे टनकपुर- चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला,धौन और बेलखेत में आए मलबे से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। करीब 4 घंटे के बाद 10 बजे मलबा हटाने पर ही मार्ग सुचारू हो सका जिससे प्रशासन और यात्रियों ने राहत की सांस ली। अभी भी इन क्षेत्रों में मलबा आने की संभावना को देखते हुए कई वाहन टनकपुर हल्द्वानी वाया देवीधुरा होकर पिथौरागढ़ पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अभी भी जिले के दर्जनों मार्ग मलबा और पत्थर आने से बंद पड़े हुए हैं।

इधर बारिश से कई स्थानों पर काश्तकारों की फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। पूर्णागिरि क्षेत्र के ग्राम सभा कालिगूठं के गांव चूका में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण कई किसानों की अदरक व अन्य फसले बर्बाद हो गई है। अचानक खेतों में पानी घुसने के कारण रुक्मणी देवी, दशरथ सिंह, मान सिंह, बालम सिंह, मुकेश सिंह आदि ग्रामीणों की अदरक और अन्य फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिजनों को नुकसान का आंकलन कर उन्हें उचित मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई है।

## वर्ग पहेली-136

**बाएं से दाएं**

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

**ऊपर से नीचे**

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | | ■ | 6 | ■ |
| ■ | | ■ | 7 | | |

### वर्ग पहेली -135 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टु | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 नि |
| 3 क | व | ल | 4 न | ■ | ग |
| ड़ा | ■ | ■ | भ | ■ | ह |
| ■ | ■ | 5 अ | च | क | ■ |
| 6 ख़ा | स | क | र | ■ | 7 द |
| विं | ■ | ड़ | ■ | ■ | शां |
| द | ■ | फ़ों | ■ | 8 बा | ग |

## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | | 8 | |
| | 4 | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | 5 | | 3 | | 1 | 8 | 7 | |
| 8 | | 2 | | | | 1 | | 6 |
| | 9 | 1 | 5 | | 8 | | 4 | |
| 1 | | 9 | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### सुडोकू -48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17 .59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग

के. 6, बु. 5, शु. सू. 4, 3, गु. 2 मं., 7, 1, 10, 8, 9 चं., 11 श., 12 रा.

**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01 .49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा,लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष:** आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन:** आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें ,इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

**कर्क:** आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

**सिंह:** आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

**कन्या:** आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**तुला:** आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

**वृश्चिक:** आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**धनु:** आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर:** आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ:** आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**मीन:** आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

**एतराज** दोपहर : 12 .11
**वेलकम बैक** शाम : 06 .41
**बागी** सुबह : 10 .53
**गदर 2** रात : 07 .30
**लाइट्स आउट** सुबह : 07 .29
**स्पाइडर मैन** रात : 06 .16
**हम साथ साथ हैं** दोपहर : 01 .37
**स्पाइडर** शाम : 05 .18
**मोहब्बत** सुबह : 09 .20
**ओएमजी** शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,604.65 | 24,530.90 |
| बढ़त | 738.81 | 269.95 |
| प्रतिशत में | 0.91 | 1.09 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शनिवार, 20 जुलाई 2024

## एक नजर

### दूरसंचार विभाग के तीन प्रशिक्षण संस्थानों का राष्ट्रीय संचार अकादमी में विलय

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग के तीन प्रशिक्षण संस्थानों- राष्ट्रीय दूरसंचार नीति अनुसंधान, नवाचार और प्रशिक्षण संस्थान (एनटीआईपीआरआईटी), राष्ट्रीय संचार वित्त संस्थान (एनआईसीएफ) और वायरलेस मॉनिटरिंग प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र (डब्ल्यूएमटीडीसी) का तत्काल प्रभाव से एक एकल प्रशासनिक इकाई राष्ट्रीय संचार अकादमी (एनसीए) में विलय कर दिया गया है। संचार मंत्री ने संगठनात्मक सुधारों के लिए समिति की सिफारिश पर इन संस्थाओं के विलय को मंजूरी दी।

### केपीआई ग्रीन एनर्जी को नई 100 मेगावाट हाइब्रिड परियोजना मिली

**नई दिल्ली।** केपी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी को एथर इंडस्ट्रीज से 100 मेगावाट की हाइब्रिड ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि परियोजनाओं को 2024-25 में विभिन्न किस्तों में पूरा किया जाना है। ग्रीन एनर्जी ने कहा कि हमें कंपनी के निजी उपयोग वाली बिजली उत्पादक खंड के अंतर्गत 100 मेगावाट की हाइब्रिड निजी सौर ऊर्जा परियोजना के लिए ठेका मिला है।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5600 मसूरी- 5500 बासमती- 10000-10600 परमल- 3900-4000

**दाल दलहन :** काला चना- 7700 साबुत चना दाल- 7500-8700 मूंग साबुत- 10500 राजमा- 15000-16000 दाल उड़द- 11500 साबुत मसूर दाल- 7400- 7700 मसूर दाल- 8000 उड़द साबुत- 13000 काबुली चना- 12400-12800 अरहर दाल- 16300-17000 लोबिया/करमानी- 9000 सोयाबीन- 4500 मूंगफली- 11200 मटर (सूखी)- 5100 मक्का- 2500

# कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी नहीं

## आरबीआई गवर्नर बोले- अनुमति से हितों के टकराव और लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने मॉडर्न बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) के सम्मेलन में कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है।

आरबीआई ने एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था। हालांकि देश की वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की कारोबारी घरानों की क्षमता को देखते हुए



- कई समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने से पहले अयोग्य किया था घोषित

आरबीआई के कार्य समूह ने 2020 में इस मुद्दे पर नए सिरे से चर्चा शुरू की थी। दास ने 1960 के दशक के अंत में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत में भी कारोबारी घराने बैंकिंग गतिविधियों में शामिल थे। दुनिया भर के अनुभव से पता चला है कि संबंधित पक्ष के लेन-देन की निगरानी करना या उन्हें विनियमित करना और रोकना मुश्किल होगा। भारत को बैंकों की संख्या में वृद्धि की जरूरत नहीं है। सामान्य बैंकों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया सदा सुलभ व्यवस्था के अंतर्गत है और इसके लिए आने वाले आवेदनों का स्वागत है।

### कर्ज से पीछे रहने से हो सकती है नकदी की समस्या

जमा वृद्धि अगर कर्ज बढ़ने के मुकाबले पीछे है, तो संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। शक्तिकान्त दास ने बैंकों को आगाह किया। दास ने असुरक्षित ऋण के मोर्चे पर और भी समस्याओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बैंकों के पास पर्याप्त बड़े पोर्टफोलियो होने के बावजूद, ऐसे जोखिम भरे ऋण के लिए उच्च सीमा है। दास ने बैंकों से ऋण तथा जमा वृद्धि के बीच उचित संतुलन बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा जो पहले जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में आता था, अब म्यूचुअल फंड जैसे अन्य साधनों में जा रहा है। ऋण वृद्धि को जमा वृद्धि से बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहिए। खासकर तब, जब बैंकों को सीआरआर, एसएलआर, एलसीआर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ समय से जमा राशि जुटाने की प्रक्रिया ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इससे प्रणाली में संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

दास ने कहा कि उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया। दास ने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तक में लगाए आरोपों पर कहा कि मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरुआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

# रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

कमजोर रुख और चार दिनों की तेजी के बाद मुनाफावसूली से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार को नीचे लाने का काम किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 80,604.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,587.76 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन मुनाफावसूली से यह टूट गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 844.36 अंक गिरकर 80,499.10 पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था।



- मुनाफा वसूली से दोनों सूचकांक नुकसान में रहे

### निवेशकों को 7.94 लाख करोड़ की हानि

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.94 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,94,059.53 करोड़ रुपये घटकर 4,46,38,826.75 करोड़ रुपये (5.34 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

# 5पैसा, आईआईएफएल, एंजेल वन वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई शेयर कारोबारियों को परिचालन संबंधी व्यवधान का करना पड़ा सामना

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक सेवा संकट से भारत में कई शेयर कारोबारियों को शुक्रवार को परिचालन संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस संकट ने 5पैसा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित कई ब्रोकरेज को प्रभावित किया। व्यापक वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित अन्य ब्रोकर में मोतीलाल ओसवाल और एडलवाइस म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कुछ ब्रोकरेज ने कहा कि प्रणाली बहाल कर दी गई है जो सही से काम कर रही है।

ब्रोकरेज फर्म 5पैसा ने एक्स पर लिखा कि क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट के साथ वैश्विक संकट के कारण साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड ने भी अपनी वेबसाइट पर लॉगिन समस्याओं के बारे में बताया। देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक संकट से वे प्रभावित नहीं हुए हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। बीएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एक्सचेंज माइक्रोसॉफ्ट की समस्या के कारण प्रभावित नहीं है। हमारा संचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

# एचडीएफसी बैंक का सीएसआर खर्च 945 करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 945.31 करोड़ का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक है। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसका सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन एक दशक से सक्रिय है और 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इसकी विभिन्न पहलों ने 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इस पहल के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) में चिन्हित 112 जिलों में से 85 जिलों को लाया गया है। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने कहा कि ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल संवर्धन, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय साक्षरता और पर्यावरण के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को देखते हुए हमारा लक्ष्य उन समुदायों में पर्यावरण अनुकूल और समावेशी वृद्धि का समर्थन करना है जहां हम काम करते हैं।

- 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक

# कई देशों में विदेशी केंद्र खोलेगा आईसीएसआई

कोलकाता, एजेंसी

देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

नरसिम्हन ने कहा कि ये केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे। इन तीन स्थानों पर नए विदेशी केंद्रों की योजना इन देशों में आईसीएसआई सदस्यों की संख्या पर बनाई जा रही है। संस्थान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पहले से ही छह विदेशी केंद्र मौजूद हैं।

- हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में केंद्र खोलने की योजना
- यूएई, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में है केंद्र

नरसिम्हन ने कहा कि नए प्रस्तावित केंद्र आईसीएसआई सदस्यों के लिए पेशेवर अवसरों को बढ़ाने के साथ छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और इन देशों में परीक्षा आयोजित करने में सहायता और सुविधा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईसीएसआई आने वाले दिनों में कंपनियों को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कामकाज) मानकों के अनुरूप बनने पर बहुत जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएसआई ने अपने पाठ्यक्रम में पहले ही ईएसजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषयों को शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईएसजी समय की मांग है। बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 1000 कंपनियों के लिए सेबी द्वारा व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कंपनियों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ अपने ईएसजी प्रदर्शन की जानकारी देना भी जरूरी होता है। ईएसजी के अनुरूप कंपनियां विदेशी निवेशकों की नजर में आएंगी। विदेशी निवेशक यह पूछेंगे कि जिस भारतीय कंपनी में वे निवेश करने की योजना बना रहे हैं, क्या वह ईएसजी मानकों के अनुकूल है।



## एक नजर

### 31 तक अंतर्राष्ट्रीय राखी शिपमेंट की डाक की अपील

**नई दिल्ली।** रक्षा बंधन के साथ भारतीय डाक दुनिया भर में अपने प्रियजनों को राखी भेजने के लिए अपनी सहज अंतर्राष्ट्रीय मेल सेवाओं का उपयोग करने के लिए लोगों से 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाने की सलाह दी है। डाक विभाग ने अपील करते हुये कहा कि अपने प्रियजनों को अपने दिल से दिए गए उपहारों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाएं।

### गुजरात में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

**मुंबई।** गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत की तरफ जा रही थी। मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा और अन्य मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे।

### तस्करी के 33,000 लीटर डीजल जब्त, 4 गिरफ्तार

**अलीबाग।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रेवास बंदरगाह पर पुलिस ने समुद्री मार्ग से तस्करी कर भारत लाये जा रहे 33,000 लीटर डीजल को जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त डीजल और इसकी ढुलाई करने वाले ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाला जहाज) की कुल कीमत 36.40 लाख रुपये है। आरोपियों में गणेश, विनायक, गजानन और मुकेश है।

# संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है।

लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न

- सरकार ने आपदा प्रबंधन विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया

संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है।

### समिति में ये लोग शामिल

समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।

# चुनावी बॉण्ड की जांच की याचिका पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच किए जाने वाली याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर कहा कि कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

पीठ ने कहा कि सूचीबद्ध इसी तरह की अन्य याचिका पर भी 22 जुलाई को सुनवाई होगी। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों, कंपनियों और जांच एजेंसियों में लेन-देन का आरोप लगाया गया है। याचिका में उन कंपनियों के वित्तपोषण के स्रोत की जांच का अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

# आतंकी नेटवर्क के खात्मे को केंद्रीय एजेंसियों में तालमेल अधिक जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक ईको-सिस्टम को खत्म करने के लिए एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को सक्रिय रहना चाहिए और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए दिन-रात काम करना चाहिए।

गृहमंत्री विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ



- गृहमंत्री अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा
- बोले- समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए करें दिन-रात काम

मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।

# आतिशी ने दिल्ली के लिए केंद्र से मांगे 10,000 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री आतिशी ने विकास के लिए शुक्रवार को केंद्र से 10,000 करोड़ रुपये की मांग की और दावा किया कि आयकर के रूप में पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली ने केंद्रीय करों में सीजीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बजट से पहले आतिशी ने दिल्ली के लिए अधिक राशि जारी करने की वकालत करते हुए कहा कि सड़क, परिवहन और बिजली क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ सौंदर्यीकरण पर यह राशि खर्च किया जा सकता



- मंत्री ने दावा किया पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला

है। आतिशी ने कहा कि 2001 से केंद्र सरकार ने दिल्ली को केवल 325 करोड़ रुपये दिए हैं। पिछले साल लोगों ने कर के रूप में दिल्ली को 35,000 करोड़ दिए, जिसे मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज, सड़कों और फ्लाईओवर के निर्माण व रखरखाव पर खर्च किया गया। दिल्ली के लोगों ने केंद्र को कुल 2.32 लाख करोड़ कर दिया, उसमें से दिल्ली पर कुछ खर्च नहीं किया।

# डकैती के आरोप में सेना का पूर्व जवान एटा से गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख लूटने के आरोप में सेना के पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव में अपने मामा के घर में छिपा था। टीम गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर इंदौर ले आई।मंगलवार को बैंक की जिस शाखा में उसने लूटपाट की थी, वहां से उसका घर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने लंबे रास्ते का इस्तेमाल किया तथा करीब 14 किलोमीटर का चक्कर लगाया।

# बिलकीस बानो मामले में दो दोषियों की सजा में छूट से जुड़ी याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। दोनों दोषियों ने सजा में दी गई छूट को रद करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर

- 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

सकती है। पीठ ने कहा कि यह क्या याचिका है? इस याचिका पर कैसे सुनवाई हो सकती है। यह पूरी तरह से गलत है। अनुच्छेद 32 याचिका कैसे दायर की जा सकती है? हम किसी अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ गौर नहीं कर सकते। दोषियों राधेश्याम और राजूभाई के वकील ऋषि मल्होत्रा ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

# कोली को बरी करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा कोर्ट

**निठारी हत्याकांड**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेन्द्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोटिस जारी कर कोली से याचिकाओं पर जवाब मांगा और इनको शीर्ष अदालत में पहले से लंबित याचिकाओं के साथ नत्थी कर दिया। अदालत ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अलग-अलग याचिकाओं पर आठ जुलाई को कोली से जवाब मांगा था। न्यायालय ने मई में एक पीड़ित पिता की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें मामले में कोली को बरी करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

# स्कूल टीसी में शुल्क बकाया का उल्लेख करने पर हाईकोर्ट नाराज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी बच्चे का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) स्कूलों के लिए लंबित शुल्क वसूलने का जरिया नहीं हो सकता है। यह छात्र के नाम से जारी निजी दस्तावेज है। इसमें बकाया शुल्क के संबंध में कोई प्रविष्टि नहीं की जानी चाहिए।

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि वह स्कूलों को निर्देश जारी करें, ताकि बच्चे से टीसी दिखाने पर जोर नहीं दिया जाए। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी. कुमारप्पन की खंडपीठ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बच्चों के संरक्षण कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा कि शुल्क न देने या देरी से देने पर बच्चों को परेशान करना क्रूरता है।

# चेक बाउंस मामलों का लंबित रहना चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़ी संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यदि पक्ष समझौता करने के इच्छुक हैं तो अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत समझौता योग्य अपराधों के निपटान को प्रोत्साहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने चेक बाउंस मामले में पी कुमारसामी नाम के एक व्यक्ति की सजा को यह देखते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और शिकायतकर्ता को 5.25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।



- चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध की श्रेणी में है

पीठ ने 11 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि चेक बाउंस होने से जुड़े मामले बड़ी संख्या में अदालतों में लंबित हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह ध्यान में रखते हुए कि उपाय के प्रतिपूरक पहलू को दंडात्मक पहलू पर प्राथमिकता दी जाएगी, अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत अपराधों के शमन को प्रोत्साहित करना चाहिए, यदि पक्ष ऐसा करने के इच्छुक हैं। परक्राम्य लिखत अधिनियम सभी परक्राम्य लिखतों जैसे वचन पत्र, विनिमय पत्रों और चेक संबंधी मामलों के निपटान से संबंधित है। समझौता योग्य अपराध वे होते हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी पक्षों द्वारा समझौता किया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि यह याद रखना होगा कि चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध है जिसे केवल सार्वजनिक हित को देखते हुए अपराध की श्रेणी में लाया गया है। आदेश में कहा कि परिस्थितियों की समग्रता और पक्षों के बीच समझौते पर विचार करते हुए, हम इस अपील को स्वीकार करते हैं तथा एक अप्रैल 2019 के लागू आदेश के साथ-साथ निचली अदालत के 16 अक्टूबर 2012 के आदेश को रद्द करके अपीलकर्ताओं को बरी करते हैं।

# हुड्डा से जुड़े मामले में एम3एम का 300 करोड़ का भूखंड कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है।

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया था। 88.29 एकड़ भूमि गुरुग्राम जिले में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने कहा कि भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ है। रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई से निराश हैं। यह भूखंड किसी अपराध से जुड़ा नहीं है और पीएमएलए के तहत अपराध की आय के दायरे में नहीं आ सकता है।

- भूमि धोखाधड़ी में ईडी ने की कार्रवाई हरियाणा के पूर्व सीएम से जुड़े है तार





# 2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल



नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

### 100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

## सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

# दोहरे अंक में पदक लाने का जिम्मा निशानेबाजों पर : सुमरिवाला

नई दिल्ली, एजेंसी

- एएफआई के अध्यक्ष आदिल बोले- भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला को उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दोहरे अंक में पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिए निशानेबाजों को अच्छा करना होगा।

सुमरिवाला ने कहा कि उन्हें निशानेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर ऐसा हुआ तो भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण सहित सात पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मुझे निशानेबाजों से इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर वे ऐसा करने में सफल रहे तो हम आसानी से दो अंक (10 या उससे अधिक) में पदक जीतेंगे। मैं कोई निश्चित संख्या नहीं बता सकता हूं लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन के विश्लेषण पर हमें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ियों ने ओलंपिक कोटा हासिल किया है।

तोक्यो ओलंपिक में भी भारत के 15 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था लेकिन कोई भी पदक नहीं जीत पाया था। सुमरिवाला से पूछा गया कि एथलेटिक्स में भारत के इक्का-दुक्का खिलाड़ियों को छोड़कर किसी का भी आंकड़ा विश्व के बड़े एथलीटों के करीब नहीं है ऐसे में उनसे पदक की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## खेल डायरी

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़ रुपये) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ओपन 10के के अलावा सभी दौड़ यहां के जवाहरलाल स्टेडियम से शुरू होकर इसी स्थल पर खत्म होंगी।

### स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

**चेन्नई।** भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12, 11-5, 11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1, 11-1, 11-4 से हराया।

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

**ज्यूरिख।** फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरुष फाइनल नौ अगस्त को है।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**बस्ताड (स्वीडन)।** रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

## पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

PARIS 2024 — ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।



भारतीय फुटबॉल टीम

### 1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

### 1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।



मिल्खा सिंह



भारतीय हॉकी टीम

### 1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।



पीटी उषा

### 1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

### 2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत : सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112.5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रही।



लिएंडर पेस और महेश भूपति

### 2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।



जॉयदीप करमाकर

### 2016 रियो



दीपा करमाकर

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी ह्रादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।

### 2020 तोक्यो



महिला हॉकी टीम

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।

## बॉलीवुड हलचल



### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

### फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



# भारत ने पाकिस्तानी महिला टीम को 108 पर समेटा

**महिला एशिया कप**

दाम्बुला, एजेंसी



पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

गत चैंपियन भारत ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तानी टीम को 19.2 ओवर में 108 रन पर समेट दिया।

भारतीय गेंदबाजों में पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह ने शुरूआती झटके देते हुए दो-दो विकेट लिए। दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। श्रेयंका पाटिल को भी दो विकेट मिले। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाली पाकिस्तानी महिला टीम की केवल चार खिलाड़ी ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। सिदरा अमीन 25 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा फातिमा सना ने नााबद 22, तुबा हसन ने 22 और मुनीबा अली ने 11 रन बनाए। पारी के दोनों छक्के फातिमा सना ने 19वें ओवर में राधा यादव की गेंदों पर लगाए।

### नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

**दांबुला।** सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा नेपाल की सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 19 देकर तीन विकेट लिए। नेपाल को भी कुछ मुश्किल पलों से गुजरना पड़ा। ऑफ स्पिनर एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि विस्फोटक उपकरण को मोटरसाइकिल पर रखा गया था और रिमोट नियंत्रित उपकरण की मदद से विस्फोट किया गया था।

### रूस में चार लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर गायब

**मॉस्को।** रूस के सखा रिपब्लिक (याकूतिया) के चागदा गांव से 80 किलोमीटर (50 मील) दूर एक रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर गायब हो गया है, जिसमें एक पायलट सहित तीन यात्री सवार थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, रॉबिन्सन विमान का इकोस्पास आपातकालीन बीकन आज रात चागदा गांव से 80 किलोमीटर दूर बंद हो गया। विमान में तीन यात्री और एक पायलट सवार था।

### चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

### उत्तरी चिली में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**सैंटियागो (चिली)।** अर्जेंटीना की सीमा के पास उत्तरी चिली में गुरुवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप चिली के समयानुसार रात नौ बजकर 51 मिनट पर 117 किलोमीटर गहराई में आया। इसका केंद्र चिली के सैन पेड्रो डी अटाकामा से 45 किलोमीटर (28 मील) दक्षिण-पूर्व में था।

### वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख का निधन

**हनोई।** सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और देश के सबसे कद्दावर नेता गुयेन फु ट्रोंग का कई महीनों तक बीमार रहने के बाद निधन हो गया। आधिकारक मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। हान डान समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग का 19 जुलाई 2024 को एक बजकर 38 मिनट पर 108 केंद्रीय सैन्य अस्पताल में वृद्धावस्था और गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया। ट्रोंग को 2011 में पार्टी प्रमुख चुना गया था।

# अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से



● अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से अनुरोध करते हैं।

## इसरो प्रमुख को पीएचडी की उपाधि

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी और कुल 2,636 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं। आईआईटी-मद्रास द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया है कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रायन के. कोबिल्का थे।

# पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

### 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़ें दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

### मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई।

### अन्य धर्मों की स्थिति

- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0.09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0.07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

# एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

## क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।

### कब शुरू हुई परेशानी

गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

### सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।




वैश्विक आउटेज के बीच माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम में दिखाई गई ब्लू स्क्रीन त्रुटि दिखाता स्क्रीनशॉट। ● एजेंसी

### क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

### कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

## भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

**थिम्पू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

# अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक

● पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई



योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

# यात्रियों की मदद को दूतावास की टीम मौजूद

मॉस्को/नयी दिल्ली, एजेंसी

रूस में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि दूतावास के तीन अधिकारी और एक दुभाषिया सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की उस उड़ान के यात्रियों की मदद के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद हैं जिसे आपात स्थिति में उतरना पड़ा। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा

● एयर इंडिया के विमान ने गुरुवार रात क्रास्नोयार्स्क में आपातकालीन लैंडिंग की थी

कि दूतावास की टीम यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए जुटी हुई है और तब तक मौके पर रहेगी जब तक कि यात्रियों को उनकी आगे की यात्रा पर ले जाने के लिए कोई वैकल्पिक विमान की व्यवस्था नहीं हो जाती।

दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है। विमान ने कल रात क्रास्नोयार्स्क में आपातकालीन लैंडिंग की थी। टीम हवाई अड्डे और सुरक्षा अधिकारियों और रूसी विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि के साथ समन्वय कर रही है।

# ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे, आगजनी

लंदन, एजेंसी

उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप

● एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया

करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है। मैं कहूंगा कि यह एक ऐसी घटना थी, जिसका संभवतः गलत अर्थ निकाला गया। इससे पहले ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेटे कूपर ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह चौंकाने वाले दृश्यों और पुलिस वाहनों तथा सार्वजनिक परिवहन पर रात भर हुए हमलों से स्तब्ध हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लीड्स के हरेहिल्स क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक तैनाती की थी। कूपर ने कहा, हमारे समाज में इस तरह की अव्यवस्था की कोई जगह नहीं। सोशल मीडिया फुटेज में सैकड़ों लोग सड़कों पर दिखाई दिए, जिनमें कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक परिवहन वाहनों को आग लगाने का प्रयास भी शामिल है।

## इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को काफी नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजोंसी शिन्हुआ को बताया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने दक्षिणी इजराइली सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसके कारण 1200 लोग मारे गए थे।

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, आंसू गैस छोड़ी

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

राजधानी ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। उन्होंने जनवरी में हुए चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की थी। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की आज की घटना के एक दिन पहले भी



आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प।

काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी। समय टीवी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शुक्रवार को चार और लोग मारे गए। इन आंकड़ों की तुरंत पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका।

एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने देखा कि सीमा रक्षक अधिकारियों ने 1000 से अधिक प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर गोलियां चलाईं। ये प्रदर्शनकारी सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन के मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए थे। इस मुख्यालय पर एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था और आग लगा दी थी।

## अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

**येकातेरिनबर्ग।** रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

**खगोल विज्ञान** | पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

# नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह



काले धूमकेतु की तस्वीर।

हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं । जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।

### क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

### पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई.पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

## द.कोरिया ने सीमा पार प्योंगयांग विरोधी प्रसारण शुरू किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कहा है कि उसने उत्तर कोरिया की ओर से कचरे भरे गुब्बारे उसकी ओर भेजे जाने के जवाब में सीमा पार प्योंगयांग विरोधी प्रसारण पुनः शुरू कर दिया है। दक्षिण कोरिया के ज्वांइट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि गुरुवार शाम से शुक्रवार सुबह के बीच उन क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से प्रसारण किया गया जहां उत्तर कोरिया ने गुब्बारे उड़ाए थे। दक्षिण कोरिया के इस प्रसारण से उत्तर कोरिया नाराज होकर कोई जवाबी कदम उठा सकता है क्योंकि राजनीतिक तंत्र को कमजोर करने के किसी भी बाहरी प्रयास को लेकर उत्तर कोरिया का रुख बेहद सख्त रहा है। द. कोरिया का कहना है कि उ. कोरिया ने गुरुवार दोपहर को भी कचरे भरे गुब्बारे भेजे और मई के अंत से वह सात बार ऐसे गुब्बारे भेज चुका है।

# एक और प्रमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच

बीजिंग, एजेंसी

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने सामरिक मिसाइल बल के एक और प्रमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की घोषणा की है। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि पहले भी इस बल के शीर्ष अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों और जांच के घेरे में आए थे। इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री जनरल ली शांगफु और 2022 में बल के कमांडर का कार्यभार संभालने वाले उनके उत्तराधिकारी जनरल ली युचाओ को भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से बर्खास्त कर दिया गया था और उनके खिलाफ जांच शुरू की गई थी। जनमुक्ति सेना (पीएलए) के

● चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने घोषणा की

सामरिक मिसाइल बल की स्थापना नौ साल पहले की गई थी जिसके पास परमाणु हथियार और मिसाइलों की कमान है।

ली शांगफु रक्षा मंत्री बनने से पहले रॉकेट (मिसाइल) बल के प्रमुख थे और उन पर भ्रष्टचार का मुकदमा चलाया जा रहा है। ली युचाओ सामरिक बल के सदस्य थे और उन्हें भी शांगफु के साथ बर्खास्त कर दिया गया था। कम्युनिस्ट पार्टी की पूर्ण बैठक में गुरुवार को जनरल ली शांगफु और जनरल ली युचाओ को बर्खास्त करने के पोलित ब्यूरो के पूर्व में लिए गए निर्णय की पुष्टि की गई।